सूर्योदय 5:34 सूर्यास्त 7:00

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.4 न्यू | 24.4 अधि |
| धर्मशाला | 21.0 न्यू | 31.4 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73466.39 |
| निफ्टी | 22302.50 |
| सोना | 70,610 |
| चांदी | 85,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



संजू सैमसन पर लगाया मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 9 मई, 2024 | 27 बैशाख, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 141, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

अनंत ज्ञान अपील : आपका मतदान, लोकतांत्रिक ढांचे की जान



# सैम पित्रोदा के बयान पर फिर बवाल

## चाइनीज, अफ्रीकी, गोरे और अरब जैसे दिखते हैं भारतीय

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने एक बार फिर कुछ ऐसा कहा है, जिस पर देश भर में बवाल मचा है। हाल ही में सैम पित्रोदा ने विरासत टैक्स को लेकर टिप्पणी की थी,उस बयान पर भी खूब विवाद हुआ था। एक अंग्रेजी अखबार को दिए एक इंटरव्यू में सैम पित्रोदा ने यह बयान दिया। उन्होंने कहा, ''हम भारत जैसे विविधता से भरे देश को एकजुट रख सकते हैं, जहां पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं, पश्चिम के लोग अरब जैसे दिखते हैं, उत्तर के लोग गोरों जैसे और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी जैसे लगते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, हम सभी बहन-भाई हैं।'' उठे विवाद के बाद सैम पित्रोदा ने देर शाम इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया।



**पित्रोदा ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा**

### कांग्रेस ने किया बयान से किनारा



**कांग्रेस** पार्टी ने पित्रोदा के बयान से किनारा कर लिया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, ''सैम पित्रोदा की ओर से भारत की अनेकताओं को जो उपमाएं दी गई हैं, वे गलत और दुर्भाग्यपूर्ण हैं, अस्वीकार्य हैं। कांग्रेस इन उपमाओं से अपने आप को पूर्ण रूप से अलग करती है और इसका खंडन करती है।

## देश का त्वचा के रंग के आधार पर अपमान बर्दाश्त नहीं : मोदी

**एजेंसी, तेलंगाना**



सैम पित्रोदा के बयान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना के वारंगल में एक चुनावी जनसभा में उन्हें आड़े हाथ लिया। पीएम मोदी ने कहा कि देश के लोग त्वचा के रंग के आधार पर अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। विवादित बयान पर पीएम ने राहुल गांधी से भी जवाब मांगा है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'शहजादे (राहुल गांधी), आपको जवाब देना होगा। मेरा देश त्वचा के रंग के आधार पर मेरे देशवासियों का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा। मोदी इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।'

मोदी ने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की त्वचा के रंग के कारण कांग्रेस उनके खिलाफ है। पीएम ने कहा, 'मैं द्रौपदी मुर्मू के बारे में बहुत सोच रहा था, जिनकी बहुत अच्छी प्रतिष्ठा है और आदिवासी परिवार की बेटी हैं। कांग्रेस उन्हें हराने की इतनी कोशिश क्यों कर रही थी ? आज मुझे इसका कारण पता चला।'

### हम अलग दिख सकते हैं, लेकिन हम सब एक हैं : हिमंत

सैम पित्रोदा के बयान पर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में पित्रोदा के बयान पर निशाना साधते हुए लिखा कि 'सैम भाई, मैं उत्तर पूर्व से हूं और मैं भारतीय जैसा ही लगता हूं। यह एक विविधता भरा देश है, हम अलग दिख सकते हैं, लेकिन हम सब एक हैं। हमारे देश के बारे में थोड़ा तो समझ लो।'

# धर्मशाला से देवेंद्र जग्गी कांग्रेस के उम्मीदवार

## भाजपा के सुधीर शर्मा के साथ होगी टक्कर

**कपिल पंडित, धर्मशाला**



धर्मशाला से कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर चल रही अटकलों के बीच आखिरकार कांग्रेस ने बुधवार को धर्मशाला नगर निगम के पूर्व मेयर व कांग्रेस महासचिव को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। देवेंद्र जग्गी वर्तमान में नगर निगम के पार्षद हैं। सुधीर शर्मा के भाजपा में शामिल होने के बाद से धर्मशाला में कोई बड़ा स्थापित नेता नहीं दिख रहा था, लेकिन ब्लॉक अध्यक्ष हरभजन सिंह चौधरी और देवेंद्र जग्गी और विजय इंद्र कर्ण ने खुद मोर्चा संभाला तथा न केवल कांग्रेस की नई कार्यकारिणी तैयार की, बल्कि हर बूथ तक पार्टी को मजबूत करने का बीड़ा भी उठा लिया। इसी का नतीजा है कि देवेंद्र जग्गी को कांग्रेस ने धर्मशाला से विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशी घोषित किया। अब भाजपा के सुधीर शर्मा को कांग्रेस की ओर से देवेंद्र जग्गी चुनावी टक्कर देंगे।

इससे पहले आए दिन नए नाम टिकट की रेस में सामने आ रहे थे, लेकिन अब जग्गी के नाम पर मुहर लग गई। धर्मशाला कांग्रेस के लिए राहत की बात यह है कि पार्टी ने संगठन से ही प्रत्याशी घोषित किया है। हालांकि पहले भाजपा छोड़ चुके राकेश चौधरी का नाम भी काफी चर्चा में था।

सुधीर शर्मा के भाजपा में शामिल होने के बाद ऐसा लगा रहा था कि धर्मशाला कांग्रेस का कुनबा बिखर जाएगा, लेकिन ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी हरभजन सिंह ने सेनापति की तरह फ्रंट फुट पर आकर पार्टी की कमान संभाली। (अनंत ज्ञान)

### आज का मैच

पंजाब किंग्स vs रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

समय: रात 7:30 बजे (धर्मशाला)

## न्यूज शॉर्ट्स

### मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई 13 मई को



**नई दिल्ली।** शराब नीति केस में जेल में बंद दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट अब 13 मई को सुनवाई करेगा। ईडी और सीबीआई के वकीलों ने जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा से कहा कि हमें जवाब दाखिल करने के लिए एक हफ्ते का समय चाहिए। जांच एजेंसी के वकीलों ने कहा कि हमारे जांच अधिकारी व्यस्त हैं। सुप्रीम कोर्ट में इसी मामले में एक अन्य आरोपी के मामले को भी हम देख रहे हैं, इसलिए हमें जवाब दाखिल करने के लिए 7 दिन का समय दीजिए।

### लंदन में नीरव मोदी की जमानत याचिका 5वीं बार खारिज



**लंदन।** भारत के भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को ब्रिटेन की अदालत ने एक और झटका देते हुए उसकी नई जमानत याचिका को 5वीं बार खारिज कर दिया। ज्ञात रहे कि नीरव मोदी भारत से धोखाधड़ी करके भागने के बाद से पिछले पांच साल से लंदन की जेल में बंद है। हीरा व्यापारी नीरव (52) भारत में धोखाधड़ी और धनशोधन के आरोपों का सामना कर रहा है और भारत को प्रत्यर्पित करने के खिलाफ अपना मुकदमा हार गया था।

### गुजरात और अरुणाचल प्रदेश में भूकंप से डोली धरती

**नई दिल्ली।** गुजरात के सौराष्ट्र में बुधवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। दोपहर 3:18 बजे सौराष्ट्र में तलाला से 12 किमी उत्तर-पूर्व में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.4 मापी गई। वहीं अरुणाचल प्रदेश में भी सुबह 4:55 बजे लोअर सुबनसिरी में भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.1 मापी गई। अभी तक इस भूकंप से किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है।

## सीपीएम केस में सवा दो घंटे तक चली बहस, आज फिर सुनवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में बुधवार को मुख्य संसदीय सचिव (सीपीएस) की नियुक्तियों के मामले को लेकर सुनवाई हुई। इसमें सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट विवेक खेतान ने राज्य सरकार की ओर से अदालत में पैरवी की। यह केस न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और बिपिन चंद्र नेगी की बेंच में लगा है।

वीरवार को दुष्यंत दवे राज्य सरकार की ओर से अदालत में पैरवी करेंगे। बुधवार को लंच के बाद इस केस में लगभग सवा दो घंटे तक सुनवाई हुई। इस केस को हाईकोर्ट की डबल बेंच 22 से 24 अप्रैल तक लगातार 3 दिन सुनवाई कर चुकी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांग्रेस के 6 विधायकों को सीपीएस बना रखा है। कल्पना नाम की एक महिला के अलावा भाजपा के 11 विधायकों और पीपल फॉर रिस्पॉन्सिबल गवर्नेंस सस्था ने सीपीएस की नियुक्ति को असंवैधानिक बताते हुए हिमाचल हाईकोर्ट में चुनौती दे रखी है।

## हिमाचल प्रदेश में भीषण गर्मी से मिलेगी राहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश में गर्मी से हाहाकार मचना शुरू हो गया है। राज्य के मैदानी इलाकों में गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है और लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। हमीरपुर और ऊना में दिन का पारा 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है।

हमीरपुर जिले का नेरी राज्य में सबसे गर्म स्थल रहा। बुधवार को पारा 39.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। राहत की बात यह है कि अगले पांच दिन राज्य में मौसम का बदला हुआ रूप देखने को मिलेगा। पश्चिमी विक्षोभ के असर से राज्य में आगामी 13 मई तक तूफान के साथ जोरदार बारिश की आशंका है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

बुधवार को चंबा में 32.1 डिग्री, धर्मशाला में 30.7 डिग्री, कांगड़ा में 35.3 डिग्री, भुंतर में 32 डिग्री, सियोबाग में 30.5 डिग्री, हमीरपुर में 32.1 डिग्री, मंडी में 34.7 तक डिग्री, उना में 36.1 डिग्री, सुंदरनगर में 34.8 डिग्री, बिलासपुर में 36.1 डिग्री, बरठीं में 34.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### 9 से 13 तक बारिश व बर्फबारी होने के आसार

**मौसम** विज्ञान शिमला के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने बताया कि 9 मई से 13 मई तक हिमाचल में बारिश व बर्फबारी होने के आसार हैं। 10, 11 व 12 मई को मौसम के कड़े तेवर रहेंगे। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफतार से तुफान चल सकता है। हमीरपुर, उना, बिलासपुर, कांगड़ा, मंडी, सोलन व शिमला जिलों में मेघगर्जन के साथ तेज बारिश की संभावना है।

## तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे का मामला लटका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के तीन निर्दलीय विधायकों (नालागढ़ के केएल ठाकुर, देहरा के होशियार सिंह और हमीरपुर के आशीष शर्मा) के इस्तीफे का मामला लटक गया है। प्रदेश हाईकोर्ट इस मामले में अपना अंतिम फैसला नहीं सुना पाया है। हाईकोर्ट की दो सदस्यीय खंडपीठ की इस मामले पर अलग-अलग राय है, जिसके बाद मामले को तीसरे जज को सौंपने की सिफारिश की गई है। अब हाईकोर्ट का तीसरा जज मामले की सुनवाई कर अंतिम फैसला सुनाएगा। हाईकोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए बीते 30 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रख लिया गया।



बुधवार को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस राम चंद्र राव और जस्टिस ज्योत्सना रिवालदुआ की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की, लेकिन इस मामले में दोनों जजों की राय अलग-अलग है। ऐसे में तीसरे जज की राय के बाद इस पर फैसला आएगा।

### दो सदस्यीय खंडपीठ ने क्या कहा

**विधानसभा** अध्यक्ष का संवैधानिक पद है और हाईकोर्ट किसी भी संवैधानिक संस्था को निर्देश नहीं दे सकता कि स्पीकर इस मामले पर फैसला कैसे ले।
**-एमएस राम चंद्र राव, चीफ जस्टिस**

**निर्दलीय** विधायकों के इस्तीफे को स्वीकार करने की शक्ति स्पीकर के पास है। हाईकोर्ट स्पीकर को इस मामले में निर्देश दे सकता है कि वह इस मामले का दो हफ्ते में निपटारा करे।
**-ज्योत्सना रिवालदुआ, जस्टिस**

# बिलासपुर से जल्द चलाएंगे वंदे भारत ट्रेन : अनुराग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर में अगले साल तक रेल के पहिए पहुंच जाएंगे और यहां से जल्द ही वंदे भारत ट्रेन भी चलाई जाएगी, जिससे न केवल बिलासपुर जिले का नाम बल्कि प्रदेश का नाम भी रोशन होगा। बिलासपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को पाकिस्तान का पूरा समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जितना मर्जी पाकिस्तान का गुणगान कर ले, लेकिन यह 100 फीसदी सच है कि आज का भारत आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारता है और एयर स्ट्राइक करता है। यह वही लोग हैं जो कहते थे कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 कोई नहीं हटा सकता, लेकिन मोदी ने कर दिखाया।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस का हाथ आज विदेशी ताकतों के साथ है। विपक्ष के लोग कभी भारत से न्यूक्लियर हथियार खत्म करने की बात करते हैं, कभी भारत के टुकड़े करने की बात करते हैं, कभी जनता की संपत्ति छीनकर अपने वोट बैंक



बिलासपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सेल्फी लेते केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

को देने की बात करते हैं तो कभी वोट जिहाद करने की बात करते हैं, लेकिन जनता कांग्रेस के इस खेल को समझ गई है और वोट की चोट से इस सोच को खत्म कर देगी।

राहुल गांधी का साथ भारत में कोई दे न दे, पाकिस्तान जरूर दे रहा है। आज विपक्ष में देश विरोधी सोच रखने वाले लोग बहुत सारे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश ने विकास और विरासत दोनों देखे हैं। अयोध्या में 500 वर्षों के इंतजार के बाद भव्य राम मंदिर का निर्माण हो, काशी विश्वनाथ धाम हो आदि तीर्थ क्षेत्रों का संपूर्ण विकास हो रहा है। करतारपुर साहिब कॉरिडोर के लिए भी रास्ता खुल गया है। हेमकुंड साहिब के लिए रोप-वे बन गया, चारों धामों के लिए बड़ी-बड़ी फोरलेन और रेल पहुंच रही है। मोदी ने सनातन जन जागृति का जो कार्य किया है उससे आज हमारे नौजवानों में धर्म और संस्कृति के प्रति नया उत्साह आया है।

### सैम पित्रोदा के बयान पर किया पलटवार

केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के सैम पित्रोदा द्वारा भारतीयों को अंग्रेज, बांग्लादेशी व अन्य कहना बिलकुल गलत है। सैम पित्रोदा भारत में जातिवाद का जाल बिछा रहा है, जिसके मंसूबे भाजपा कभी भी पूरा नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि सैम पित्रोदा वह इंसान है जो विदेशों में हमेशा राहुल गांधी और गांधी परिवार के साथ देखा गया है।

### नामांकन भरने से पहले अनुराग भोटा से करेंगे रोड शो

वीरवार को केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर भोटा से हमीरपुर तक रोड शो करने जा रहे हैं। यह रोड शो भोटा से होते हुए हमीरपुर तक निकाला जाएगा और उसके बाद नामांकन भी भरा जाएगा। उन्होंने बिलासपुर में आयोजित जनसभा में सभी जिला वासियों को भोटा में आने का निमंत्रण दिया है।

### अनंत व्यंग्य




अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

प्रूफ रीडर, कंटेंट राइटर और उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

डिजिटल मीडिया

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

अकाउंट डिपार्टमेंट

कंप्यूटर अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर में काम करने वाला अनुभवी अकाउंटेंट चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## जमीनी विवाद में चलीं गोलियां, 3 घायल

**ठियोग।** ठियोग उपमंडल की शडी मतियाना पंचायत के अंतर्गत थारू गांव में दो सगे भाइयों में हुए जमीनी विवाद के चलते गोलीबारी हुई। यह घटना दो भाइयों ध्यान सिंह और दुर्गा राम के बीच लंबे समय से चले आ रहे भूमि विवाद के कारण हुई और विवाद इतना गहरा गया कि आरोपी ध्यान सिंह ने कथित तौर पर विवादित जमीन को लेकर दुर्गा राम पर गोलियां बरसा दीं। इस घटना में तीन व्यक्तियों को मामूली चोटें आई हैं, जिनमें लाल सिंह निवासी चमरौत, संदीप निवासी थारू, शुभम निवासी कोटला शामिल हैं जिन्हें सिविल अस्पताल ठियोग से प्राथमिक उपचार के बाद आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया है।

डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि हथियार और आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है।

## सीबीआई ने दो डॉक्टर समेत नौ किए अरेस्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में चल रहे भ्रष्टाचार के हैरान कर देने वाले खेल का खुलासा हुआ है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से मरीजों से वसूली की जा रही थी। इस मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) ने 2 डॉक्टरों समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि ये लोग मरीजों से इलाज के नाम पर रिश्वत वसूल रहे थे। डॉक्टर मेडिकल उपकरणों की आपूर्ति के बदले कैश ही नहीं यूपीआई के जरिए भी रिश्वत ले रहे थे। सूत्रों ने बताया कि कार्डियोलॉजी विभाग के डॉक्टर पर्वतगौड़ा और इसी विभाग के डॉक्टर अजय राज खुलेआम रिश्वत की मांग कर रहे थे। ये लोग आवश्यक उपकरणों की आपूर्ति करने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों के माध्यम से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से मरीजों से वसूली कर रहे थे।

नागपाल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के मालिक नरेश नागपाल अस्पतालों में उपकरणों की आपूर्ति करते हैं। इसी महीने 2 मई को पर्वतगौड़ा ने नागपाल से उपकरणों की सप्लाई के बदले रिश्वत मांगी।

## हिमाचल के पांच दिवसीय दौरे के बाद दिल्ली लौटीं राष्ट्रपति



**शिमला।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच दिवसीय हिमाचल दौरे के बाद बुधवार को दिल्ली रवाना हो गईं। उनके हेलिकॉप्टर ने सुबह करीब नौ बजे कल्याणी हेलिपैड से दिल्ली के लिए उड़ान भरी। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राष्ट्रपति को विदाई दी।

## प्रदेश में 13.38 करोड़ की नकदी, शराब और प्रतिबंधित दवाएं जब्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव 2024 की अधिसूचना तक नकदी, गहने, शराब और नशीली दवाओं की जब्ती लोकसभा चुनाव 2019 के स्तर को पार कर गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बुधवार को बताया कि साल 2019 में 11.31 करोड़ के मुकाबले इस चुनाव में अब तक कुल 13.38 करोड़ रुपए जब्त किए गए हैं। गर्ग ने कहा कि शिमला संसदीय क्षेत्र से सबसे ज्यादा 4.19 करोड़ रुपए जब्त किए गए हैं। इसके बाद हमीरपुर में 3.98 करोड़, कांगड़ा संसदीय 3.36 जब्त किए। पुलिस, राज्य कर और उत्पाद शुल्क विभाग सहित प्रवर्तन एजेंसियों ने 3.36 करोड़ जब्त किए। सबसे कम 1.83 करोड़ मंडी संसदीय क्षेत्र से जब्त किए गए हैं।




उन्होंने कहा कि 2019 में पुलिस ने 3.73 करोड़ रुपए की नकदी, शराब, ड्रग्स और अन्य कीमती गहने जब्त किए, जबकि राज्य कर और उत्पाद शुल्क विभाग ने 7.58 करोड़ रुपए की शराब और सामान जब्त किया था।

### किस जिले में कितनी जब्ती

7 मई 2024 तक नकदी, ड्रग्स, आभूषण और शराब की बिलासपुर में 51.55 लाख, चंबा 66.80 लाख, हमीरपुर 29.04 लाख, कांगड़ा 2.74 करोड़, किन्नौर 7.99 लाख, कुल्लू 1.04 करोड़। इसी प्रकार लाहौल-स्पीति जिले में 32 लाख, मंडी 58.22 लाख, शिमला 1.15 करोड़ व जिला सिरमौर में 1.20 करोड़ जब्त किए गए हैं। इसके अलावा जिला सोलन में 1.95 करोड़ रुपए व ऊना में 3.14 करोड़ जब्त किए गए। सभी चार लोकसभा क्षेत्रों में कुल 13.38 करोड़ रुपए की जब्ती हुई।

## अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर फैसला अब कल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने पर 10 मई को अपना फैसला सुनाएगा।

मामले में उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करने वाली पीठ की अध्यक्षता करने वाले न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा कि हम शुक्रवार को अंतरिम आदेश सुनाएंगे। गिरफ्तारी को चुनौती देने से जुड़े मुख्य मामले पर भी उसी दिन फैसला लिया जाएगा।

## प्रिय पाठकों के लिए

### वोट के लिए आपके मन की बात



**लोकसभा** चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

आप अपनी राय हमें ई-मेल : editoranantgyaan @gmail.com पर भेज सकते हैं। यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबर: 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।

## चुनावी चुटकी

### नेता बड़ा हो गया

**मुझे** भी नेता से मिलने दो मैंने भी उनको वोट दिया है। मैंने नेता जी को वोट देने के लिए मजदूरी से छुट्टी की थी, अब तो मिलने दो पांच साल तक तो मिले नहीं हैं अब आए हैं तो एक बार हाथ मिलाने दो। नेता जी को अब भी मैं वोट दूंगा,



इसके बदले कुछ भी न लूंगा, लेकिन मुझे नेता जी से मिलने दो, दिल का फूल तो खिलने दो। परिवार ने भी नेता जी को वोट किया था, वायदा उनसे कोई नहीं लिया था। चंगु मंगु गोपाल और भजनु ने भी तो नेता को ही वोट दिया था, इसलिए तब से ही हमने भी इरादा करके वोट उनको ही दिया था। हमें नहीं कुछ हिसाब मांगना, न ही फेसबुक पर कोई है फोटो टांगना। मुझे नेता से मिलने दो, लाइन से आगे थोड़ा हिलने दो। नेता ने क्षेत्र में विकास किया या नहीं इससे मुझे नहीं कुछ लेना देना, सिर्फ बड़े नेता हैं उनकी झलक पाने का बस एक मौका दे देना। वोट के लिए चेहरा और नाम ही उनका काफी है, सब लोग बता रहे पांच साल न आने की उनको माफी है। रौनकी ताऊ ने भी नेता के दीवाने की झलक देखी है, हाथ उनसे मिलाने की ललक देखी है। भीड़ में खो गया है वह अब कहीं, दिहाड़ी छोड़कर जहां से आया था शायद निराश होकर चल गया हो वहीं। ताऊ ने भी नेता का अबकी अजब बदला हुआ नखरा देखा है, दूर से पहचानने वाले इस नेता के चेहरे पर गरूर का चश्मा चढ़ा देखा है।

### पब्लिक है सब जानती है

**राजनीति** में कभी भी कुछ भी संभव है। लॉटरी किसी की भी लग सकती है। जो लोग सालों की मेहनत करके अब मजबूरी में मैदान छोड़ने को तैयार थे उन्हें सिम सिम का दरवाजा मिल गया है। उनकी किस्मत भी किसने ली है, जिन्हें थाली में परोसकर सीट मिलने की संभावना बन गई है। शायद यह उनकी सालों की तपस्या का परिणाम भी हो



सकता है। इस नेता को किसी बड़े नेता के आर्शीवाद होने को लेकर कुछ समय से असमंजस के बादल छाए हुए थे, लेकिन मंगलवार को एक धार्मिक कार्यक्रम में जो हुआ उसे शायद राजनीति की भाषा में इत्तेफाक कहा जाएगा। राजनीति है कुछ भी हो सकता है। प्रतिष्ठा के लिए धुर विरोधी को भी मौके पर इस्तेमाल करने वाले को राजनीति का चाणक्य कहा जाता है। अब जिले के एक वरिष्ठ नेता ने मौका ऐसा देखा जहां माहौल भी था। आंखों ही आंखों में किसी को आर्शीवाद मिल गया, तो इशारों ही इशारों में जनता को वे संदेश भी दे गए। कई तस्वीरें पलक झपकते बदल गईं। तीसरी आंख भी कहां बंद रहने वाली है सब देखती है। दूसरे ही रोज सब सोशल मीडिया में जमकर वायरल होने लगा। अब इस मिलन को क्या कहा जाए। रौनकी ताऊ के पास जाकर पूछा तो उन्होंने साफ बोल दिया, यह तो होना ही था। सियासत में कोई नहीं सगा, जहां मौका मिला वहीं ठगा। पब्लिक है यह सब जानती है।

## महागठबंधन अपना नेता तक नहीं चुन पाया : प्रताप रावत

**नाहन।** सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजय रथ तेज गति से दौड़ रहा है, जिसको रोक पाना महागठबंधन के नेताओं के बस में नहीं है महागठबंधन के नेता अभी तक अपना नेता तक नहीं चुन पाए हैं, सारे नेता अपने आपको पीएम कैंडिडेट बताते हैं, लेकिन देश की जनता सिर्फ नरेंद्र मोदी को ही अपना पीएम कैंडिडेट मानती है, क्योंकि पीएम मोदी के हाथ में देश सुरक्षित है। रावत ने बताया कि मोदी ने देश और दुनिया में भारत का नाम रोशन किया है। इतना ही नहीं उन्होंने अपनी कामयाबी का लोहा भी पूरी दुनिया को मनवाया है और भारत पीएम मोदी के नेतृत्व में सुपर पावर बनने जा रहा है। रावत ने मीडिया को बताया कि महागठबंधन के पास न कोई नेता है और न ही कोई नीतियां हैं, इसलिए महागठबंधन नहीं महाठगवंदन के नेता अपनी डफली अपना राग अलाप रहे हैं। उन्होंने बताया कि महागठबंधन के नेता झूठ का सहारा लेकर देश की सत्ता हथियाना चाहते हैं, लेकिन देश की जनता इनके बहकावे में आने वाली नहीं है, क्योंकि देश की जनता को पीएम नरेंद्र मोदी की नीतियों एवं नियत पर पूरा भरोसा है।

## कांग्रेस ने हजारों संस्थान बंद किए, क्यों दे जनता वोट : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नाचन के सेगली में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ लोगों को लगता है कि मंडी में शासन का अधिकार सिर्फ एक परिवार को है।

उन्होंने बिना नाम लिए कहा कि आपका परिवार आठ बार मंडी का प्रतिनिधित्व कर चुका है। फिर भी विकास नहीं कर पाए। इतने वर्षों के बाद भी आज विकास के झूठे सपने दिखाए जा रहे हैं, जबकि जनता तय कर चुकी है कि अब विकास देश में केवल नरेंद्र मोदी की गारंटी ही करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज हमारी प्रत्याशी कंगना रनौत पर लांछन लगाने की राजनीति कर रही है, जबकि इन्होंने फिल्मी करियर में प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त किए हैं।

मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि हम हिमाचल से चारों सीटें जीतकर देंगे। जब देश ने तय कर लिया है कि आएंगे तो मोदी ही। फिर कांग्रेस को आखिर वोट लोग क्यों दें। ऐसा नेतृत्व जिसका देश ने पहले ही तय कर लिया है वो फिर से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। आज भाजपा हमारे कर्मठ राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में आगे बढ़ रही है। इन्होंने एम्स जैसा संस्थान हमें दिया। आपदा में केंद्र सरकार ने दिल खोलकर हिमाचल की मदद की है। प्रदेश सरकार ने एक भी पैसा आपदा राहत में खर्च नहीं किया और कह रहे हैं कि केंद्र ने कोई मदद नहीं की। मंडी से इन 15 महीनों में कांग्रेस सरकार ने भेदभाव ही किया है। पूरे प्रदेश में एक हजार संस्थान इन्होंने बंद कर दिए। उन्होंने दावा किया कि भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत यहां से रिकार्ड मतों से जीतकर दिल्ली जाएंगी और अवश्य ही बॉलीवुड की तरह राजनीति में भी नाम रोशन करेंगी। इस मौके पर जगत प्रकाश नड्डा, सौदान सिंह आदि उपस्थित रहे।



पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर जेपी नड्डा के साथ पंडाल की ओर जाते हुए।

### पिछले दस साल के कार्यकाल में भारत ने देखी एक ऐतिहासिक विकास यात्रा

**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति में बिलासपुर में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि अभी देश में चुनाव चल रहे हैं, लेकिन देशवासियों को अभी से यह विश्वास है कि आएंगे तो मोदी ही, यह देश की राजनीति में पहली बार हो रहा है कि किसी नेता के प्रति समय के साथ-साथ भरोसा बढ़ता जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपना संपूर्ण जीवन देश की सेवा में समर्पित किया कर दिया है। देश के लोग आज सोचते हैं कि ऐसा नेतृत्व हमें पहले क्यों नहीं मिला। जयराम ने कहा कि पिछले दस साल के कार्यकाल में भारत ने एक ऐतिहासिक विकास यात्रा देखी, आने वाले समय में यह यात्रा इसी तरह से जारी रखने के लिए नरेंद्र मोदी को हिमाचलवासियों से भारी संख्या में समर्थन देना है। प्रधानमंत्री ने हिमाचल को हमेशा से विशेष स्नेह दिया है। केंद्र सरकार द्वारा दी गई योजनाओं के चलते हिमाचल की स्थिति पूरी तरह बदल गई है। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशित केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी, नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा ने निगले हिमाचल के 50 हजार करोड़ : मुकेश अग्निहोत्री



मंडी में प्रेस वार्ता के दौरान उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, साथ हैं अन्य नेता।

**अनिल शर्मा, मंडी**

भाजपा नेताओं से आग्रह है कि हिमाचल में वोट मांगने से पहले जनता की अदालत में हिमाचल को आर्थिक रूप से कमजोर करने के बारे में जरूर बताएं। एमएलए का तो दूसरा प्रकरण था, पहला तो हिमाचल को आर्थिक रूप से कमजोर करने का प्रकरण था। यह बात मंडी में आयोजित प्रेस वार्ता में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कही।

**कहा, हिमाचल को मिलने थे 9 हजार करोड़, अब किस मुंह से मांग रहे वोट, जनता मांग रही हिसाब**

उन्होंने कहा कि पीडीएनए के तहत हिमाचल को 9 हजार करोड़ रुपए मिलने थे, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार ने आपदा के दौरान हमें यह राशि नहीं दी। हमने 10 हजार करोड़ का क्लेम कर केंद्र को भेजा, लेकिन क्लेम वापस नहीं हुआ, जो राशि हिमाचल को दी वह मिलनी ही थी। हमने 4500 करोड़ रुपए अपने कोष से खर्च कर आपदा प्रभावितों को राहत के लिए दिए। मंडी कुल्लू सबसे प्रभावित क्षेत्र था, लेकिन न अमित शाह आए न पीएम मोदी आए। कर्मचारियों का 9 हजार करोड़ रुपए वापस नहीं किया। कर्ज लेने की केंद्र में 5 प्रतिशत लिमिट की है तो प्रदेश की घटाकर 3 प्रतिशत कर दी, जबकि जयराम सरकार में कर्ज सीमा ज्यादा थी। फॉरेन फंडिंग के ऊपर कैप लगा दी।

भाजपा ने हिमाचल को मिलने वाले 50 हजार करोड़ रुपए निगल लिए और आज किस मुंह से वोट मांग रहे हैं। हमने अरबों रुपए की जमीन केंद्र को रेलवे लाइन के लिए दी, लेकिन इन्होंने कोई काम आगे नहीं किया। मंडी का विकास वीरभद्र सिंह और कौल सिंह की देन है। इस मौके पर हिमाचल प्रभारी संजय दत्त, पूर्व मंत्री कौल सिंह, पूर्व सीपीएस सोहन लाल, चंपा ठाकुर, चेतराम ठाकुर, केशव नायक आदि उपस्थित रहे।

### जयराम बताएं, सरकार कहां गिर रही है

**मुकेश** अग्निहोत्री ने कहा कि राज्यसभा की एक सीट पाने के लिए लोकसभा की चारों सीटें गंवा दी। बहुत मुश्किल से एमएलए बनते हैं, इनकी बजह से 9 एमएलए सड़कों पर आ गए। उनका दिल जानता है जो इस समय जनता की अदालत में हैं कि एमएसएशिप ठुकराना कितना क्या होता है। अन्य प्रदेशों में आपरेशन लोट्स को पसंद करते होंगे, लेकिन देवभूमि में लोग चुनी हुई सरकार को गिराना पसंद नहीं करते हैं। हमारे पास 34 विधायक हैं और भाजपा के पास 25 हैं। हमें एक चाहिए और भाजपा को 10, जयराम बताए फिर सरकार कहां गिर रही है। जनता को गुमराह कर वोट मिलने वाले नहीं हैं।

### रामपुर के नीरथ में किसान सभा के कार्यक्रम में सुक्खू बोले-

## हिमाचल के हितों को बिकने नहीं देंगे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और मंडी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने आज रामपुर के नीरथ में हिमाचल किसान सभा द्वारा आयोजित लूहरी बिजली परियोजना से प्रभावित किसानों की बैठक में भाग लिया। बैठक में परियोजना से प्रभावित लोगों की विभिन्न मांगों एवं समस्याओं पर चर्चा की। नीरथ में मुख्यमंत्री ने सबसे पहले प्राचीन सूर्य नारायण मंदिर में पूजा-अर्चना की और बाद में 210 मेगावाट की लूहरी परियोजना से प्रभावित लोगों को संबोधित किया।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को सम्मानित किसान, साथ हैं विक्रमादित्य।

उन्होंने कहा कि हिमाचल के हितों को किसी भी कीमत पर बिकने नहीं दिया जाएगा। हिमाचल किसान सभा के सचिव एवं पूर्व विधायक राकेश सिंघा ने सुक्खू को आठ सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सत्ता की नहीं बल्कि लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा कानूनी बाधाएं पैदा कर लोकतंत्र को नष्ट करना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने भ्रष्टाचार खत्म कर एक साल में 2200 करोड़ रुपए बचाए और पैसा जनता पर खर्च किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के 19 लाख परिवारों में से 90 प्रतिशत परिवार गांवों में रहते हैं। ग्रामीणों पर पैसा खर्च करने के तरीकों के बारे में सोचने की जरूरत थी।

जलविद्युत परियोजनाओं से रॉयल्टी का भुगतान अस्वीकार कर दिया गया था। कांग्रेस सरकार ने जलविद्युत परियोजनाओं से रॉयल्टी का भुगतान बंद करने को चुनौती दी है, उन्होंने दावा किया। विक्रमादित्य ने कहा कि परियोजना प्रभावित लोगों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री से चर्चा कर सरकार स्तर पर उठाया जाएगा।


## मंडी में जनबल की जीत और धनबल की होगी हार : विक्रमादित्य सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी व लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि मंडी में जनबल की जीत और धनबल की हार होगी। कांग्रेस के पास जनबल है यही पार्टी की असली ताकत भी।

बुधवार को शिमला से मंडी रवाना होने से पूर्व अपने निवास स्थान होलीलॉज में अपने समर्थकों से यह बात कही। उन्होंने समर्थकों से उनके नामांकन में 9 मई को मंडी आने व उन्हें अपना प्यार व समर्थन देने का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस बहुत ही मजबूत स्थिति में है और प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों को भारी अंतर से जीतेगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुटता के साथ पूरे मनोबल से अपने अपने क्षेत्रों में पार्टी के चुनाव प्रचार में जुटने को कहा।

बाद में मंडी जाते हुए विक्रमादित्य सिंह ने टुटू स्थित गोशाल जाकर गऊ माताओं की पूजा-अर्चना कर उन्हें अपने हाथों से चारा खिलाया। इस दौरान उनकी माता प्रतिभा सिंह भी साथ थीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के देवी-देवताओं व गो माताओं के आशीर्वाद से वह जनसेवा के प्रण के साथ प्रदेश के विकास को आगे बढ़ाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखेंगे। उन्होंने कहा कि उनके पिता स्व. वीरभद्र के आदर्श व प्रदेश के लोगों का प्यार व आशीर्वाद हमेशा उनका मार्गदर्शन करता है।



अपने निवास स्थान होलीलॉज में समर्थकों के साथ बात करते विक्रमादित्य सिंह।

## दीपक शर्मा रायबरेली और अमेठी में संभालेंगे चुनाव प्रबंधन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक दीपक शर्मा लोकसभा चुनावों में राहुल गांधी के चुनाव क्षेत्र रायबरेली और अमेठी से कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के चुनाव में कमान संभालेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के विश्वास पात्र माने जाने वाले दीपक पार्टी आलाकमान में अपनी एक अलग पहचान रखते हैं।

इससे पहले भी दीपक शर्मा पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राज्यस्थान सहित कई राज्यों में कांग्रेस पार्टी के लिए विभिन्न दायित्वों को बाखूबी निभा चुके हैं। उनकी इसी संगठनात्मक दक्षता के कारण उन्हें यह अहम जिम्मेदारी दी गई है। दीपक शर्मा ने बताया कि वह आठ मई से अपनी ड्यूटी संभालेंगे और 18 मई तक रायबरेली में कार्य करेंगे।



दीपक शर्मा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ।

उन्होंने कहा कि देश में भाजपा के अबकी बार 400 पार के नारे की हवा निकल गई है। हार सामने देख भाजपा धर्म, जाति और क्षेत्रवाद के गैर-जरूरी विषयों को उठाकर जनभावनाओं को प्रभावित करके वोट हासिल करना चाहती है। लेकिन जनता भाजपा के इन हथकंडों को समझ चुकी है। दीपक ने कहा कि जिस आक्रामक अंदाज में राहुल गांधी ने भाजपा को घेरा है और आमजन की मूलभूत समस्याओं, महगाई, बेरोजगारी, किसान, बागवान, महिलाओं, श्रमिक वर्ग के अहम मुद्दों को उठाया है।

उससे जनता में कांग्रेस पार्टी के प्रति आकर्षण बढ़ा है। दीपक शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनावों के तीसरे चरण के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि अबकी बार केंद्र में कांग्रेस गठबंधन की सरकार सत्तासीन होगी और भाजपा बुरी तरह चुनाव हारेगी।

## सुजानपुर की जनता अनुराग और राजेंद्र राणा को दिलाएगी बंपर जीत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर की जनता केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से बंपर मतों की लीड दिलाएगी और सुजानपुर विधानसभा उपचुनाव प्रत्याशी राजेंद्र राणा को भारी बहुमत से जीत दिलाएगी। यह बात सुजानपुर भाजपा मंडल महामंत्री अनिल कौशल, जगन कटोच और मीडिया प्रभारी सुधीर भटनागर ने कही।

**नए कार्यालय खोलने की बजाय डिनोटिफाई कर दिए कार्यालय**

उन्होंने कहा कि हमीरपुर जिले का अगर आज विकास हुआ है तो उसका सारा श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल को जाता है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने हमीरपुर जिला के साथ-साथ पूरे प्रदेश में एक समान विकास किया। उन्होंने कहा कि पहली जून को सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता कमल चुनाव चिन्ह के उम्मीदवारों को जीत दिलाने में इतिहास बनाएगी। यहां लोकसभा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर को 2019 के मुकाबले इस बार उससे अधिक मतों की लीड दिलाई जाएगी और उपचुनाव के प्रत्याशी को जीत दिलाई जाएगी।

उन्होंने ने कहा कि प्रदेश में आई कांग्रेस सरकार ने 15 महीनों के कार्यकाल के दौरान सुजानपुर में नया कुछ किया नहीं और जो कुछ पुराना था पूर्व की भाजपा सरकार ने किया था, उसे बंद करवाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री धूमल के आह्वान पर जयराम ठाकुर ने होली मेले के समापन पर आईपीएच और इलेक्ट्रिसिटी का डिवीजन कार्यालय खोलने की घोषणा की थी। घोषणा के बाद यह दोनों कार्यालय यहां पर काम करना प्रारंभ कर गए थे, लेकिन सरकार ने दोनों कार्यालय चलाने के बजाय डिनोटिफाई कर दिए जो आज तक बंद है। उन्होंने कहा कि सुजानपुर की जनता का इसमें क्या दोष है। इस बात की स्थिति प्रदेश की सरकार स्पष्ट करे। आज सच्चाई सबके सामने है, लेकिन सुजानपुर की जनता इस बार अपने साथ हो रहे अन्याय का बदला लेगी। भाजपा के प्रत्याशियों को जीत दिलाएगी, यह निश्चित है।

**हमला** कांग्रेस पार्टी की सोच हिन्दोस्तान की आत्मा है, इस पर चोट करने वालों से कांग्रेस लड़ने और हराने में पूरी तरह से सक्षम

## भाजपा जनता को भटकाने का कर रही है काम : आनंद शर्मा

**संजीव महाजन, नूरपुर**

भारत बहुभाषी, बहु धर्मी और बहू संस्कृति का देश है और यही विभिन्नता इसकी एकता और अखंडता का प्रतीक है, लेकिन केंद्र में सत्ताधारी भाजपा द्वारा इस ढांचे को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जो कि देश की जनता के लिए चिंतनीय विषय है। कांग्रेस पार्टी की सोच हिन्दोस्तान की आत्मा है। इस पर चोट करने वालों से कांग्रेस लड़ने और हराने में पूरी तरह से सक्षम है।

यह बात कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी आनंद शर्मा ने बुधवार को नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के बौड में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी दल अपनी उपलब्धियों पर बहस करने के बजाय के ऊल-जलूल के मुद्दों पर बातें कर जनता का ध्यान भटकाने का काम कर रहा है, लेकिन कांग्रेस इनसे जबावदेही लेकर रहेगी। शर्मा ने कहा कि यह कोई साधारण चुनाव नहीं है दो विचारधाराओं की लड़ाई है और सारा विश्व भारत की ओर देख रहा है कि भारत की जनता किस विचारधारा पर अपना विश्वास व्यक्त करती है। आजादी के बाद कांग्रेस ने इस देश में सुई से जहाज का निर्माण किया, लेकिन दस साल से केंद्र में रही भाजपा ने देश के सभी बड़े बड़े संस्थानों को अपने चंद मित्रों के हाथों सौंप कर देश की जनता के हकों को छीना।

शर्मा ने कहा आज महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की बदहाल स्थिति चर्म सीमा पर पहुंच गई है। देश की अर्थव्यवस्था को नोटबंदी और गलत जीएसटी से तबाह कर दिया गया लेकिन इन विषयों पर बोलने की बजाय सत्ताधारी दल बिना मतलब के मुद्दों पर बात कर रहा है। (अंनत ज्ञान)



नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के बौड में आनंद शर्मा का स्वागत करते कार्यकर्ता व अन्य।

### आनन्द शर्मा ने महाजन की थपथपाई पीठ

**कांग्रेस** प्रत्याशी बौड में उमड़े कार्यकर्ताओं की भीड़ को देखकर खासे उत्साहित दिखे और उन्होंने अजय महाजन को जमीन से जुड़ा नेता बताकर उनकी प्रशंसा की और उनके पिता स्वर्गीय सत महाजन के साथ बिताए पलों को भी सांझा किया। महाजन की मांग पर शर्मा ने आश्वस्त किया कि यदि वह जनता के सहयोग से संसद पहुंचेंगे तो नूरपुर क्षेत्र का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा।

मतदान का संदेश



मंडी संसदीय क्षेत्र में स्वीप चिन्ह बनाकर मतदाताओं को जागरूक करते विद्यार्थी ।

जागरूकता अभियान




मंडी में स्वीप टीम ने मतदान करने के लिए वरिष्ठ मतदाता को जागरूक किया और युवाओं से बढ़-चढ़कर मतदान प्रक्रिया में भाग लेने का आह्वान किया

# कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...



मंडी में पानी की बावड़ियां बहुत हैं, उनके संरक्षण और संवर्धन के लिए मंडी सांसद को केंद्र सरकार से बजट पास करवाना चाहिए, ताकि उनका संरक्षण किया जा सके। मंडी शहर में ही 70 से अधिक बावड़ियां हैं, जो संरक्षण की बाट जोह रही हैं। कुछ बावड़ियां तो ऐसी हैं, जिन पर अतिक्रमण भी हो चुका है। समय रहते उनको बचाना आवश्यक है। **कंचन शर्मा, मंडी।**



**मंडी** संसदीय क्षेत्र का सांसद कर्मठ और ईमानदार होना चाहिए। बेरोजगार युवाओं के लिए केंद्र से रोजगार परक योजनाएं लेकर आए और क्षेत्र में मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाए। संसद में हिमाचल की संस्कृति के लिए एकमुश्त बजट पास करवा कर संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए गंभीर प्रयास करे और युवाओं को रोजगार मुहैया करवाए। **हुकम सिंह ठाकुर, मंडी।**



**मंडी** में रियासतकालीन दरबार हॉल डाक विभाग के पास है और यह केंद्र की संपत्ति है, जबकि यह मंडी की धरोहर है, इसलिए इसे वापस मंडी प्रशासन को लौटाना चाहिए। मंडी सांसद गंभीर प्रयास कर इसे मंडी को लौटाए और डाक विभाग के लिए कहीं अन्यत्र व्यवस्था करवाए, ताकि काम भी सुचारु रूप से चल सके। **शकुंतला शर्मा, मंडी।**



मंडी सांसद को मंडी शहर के मंदिरों के संरक्षण के लिए केंद्र सरकार से बजट पास करवाकर उनका संरक्षण करवाना चाहिए। अधिकतर मंदिरों पर पेड़ पौधे उग आए हैं। इनका संरक्षण बहुत जरूरी है। प्राचीन मंदिरों की कला और शैली अद्भुत है, इन पर समय रहते शोध और संरक्षण होना चाहिए, ताकि इतिहास को संजोया जा सके। **डॉ. सत्य शर्मा, मंडी।**



उपचुनाव में कुटलैहड़ की जनता क्षेत्र के मूलभूत मुद्दों को लेकर मतदान करेगी। भ्रष्टाचार को खत्म करने वाले को समर्थन मिलेगा। राजनीति में भ्रष्टाचार करने वालों को सहन नहीं किया जाना चाहिए। भ्रष्टाचार के कारण देश की प्रगति संभव नहीं है। मतदान से पूर्व प्रत्याशी का रिपोर्ट कार्ड जांचें और सही व्यक्ति को मतदान करें। **मदन धीमान, पडियोल।**



लोकतंत्र समाज को आईना दिखाने का काम करता है। इस वक्त आईना टूटा हुआ है, लोग मत के माध्यम से जवाब देने को तैयार हैं। चुनाव केंद्र का हो या राज्य के लिए हो, युवाओं को रोजगार की गारंटी देने वाले राजनीतिक दल का ही समर्थन करना चाहिए। **सीता, ऊना**



इस बार युवा रोजगार और क्षेत्र की समस्याओं पर मतदान करेगा। हमारा सांसद ईमानदार और भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार क्षेत्र का नेतृत्व करने वाला होना चाहिए। धर्म संस्कृति से लेकर राष्ट्रीय नीति तक अच्छी पैठ रखता हो। लोगों को भी चाहिए मतदान से पूर्व प्रत्याशी का रिपोर्ट कार्ड जांचें और सही व्यक्ति को मतदान करें। **मनीष कुमार, ऊना**



इस बार वोट उसे कैंडिडेट को दूंगा, जो रोजगार के साथ-साथ साधन उपलब्ध करवाए। देश के हर पढ़े-लिखे युवाओं के बारे में सोच आज तक कोई ऐसा सांसद नहीं, जिसने यह रोजगार के साधन पैदा करने की दिशा में गंभीर प्रयास किए होंगे। **अमित कुमार, बड़सर।**



हमारा वोट एक महत्वपूर्ण है। लोगों को सोच-समझकर मतदान करना चाहिए। आज के समय में सब पढ़े-लिखे हैं। ऐसे में लोगों को यह देखना जरूर है कि कौन सी पार्टी विकास कर रही है और रोजगार का प्रावधान कौन कर रहा है बेरोजगारी कैसे दूर हो सकती है **सोनू ठाकुर, बड़सर**

### बिलासपुर के लुहणू में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पन्ना प्रमुख सम्मेलन को किया संबोधित

# हिमाचल की जनता से चार के साथ छह सीटें भी चाहिए : नड्डा

**शुभम राही, बिलासपुर**

**भाजपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने बिलासपुर के लुहणू मैदान में पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे प्रदेश की चार संसदीय सीट के साथ 6 विधानसभा सीट भी चाहिए। उन्होंने इशारा करते हुए कहा कि चार प्लस, छह मतलब दस सीटें हिमाचल से मुझे चाहिए, तब बनेगा 10 का आंकड़ा। जो छह लोग भाजपा में आए हैं, वे भी अपने ही हैं।

जनता से अनुरोध किया कि उन लोगों को भरपूर साथ दें और मुझे 10 सीटें दें। नड्डा ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। भाजपा सरकार ने प्रदेश की जनता के लिए हिमकेयर व अन्य स्वास्थ्य योजनाएं शुरू कीं, लेकिन कांग्रेस सरकार ने इन्हें बंद कर दिया। इससे साफ जाहिए होता है कि यह सरकार हिमाचल की जनता के लिए नहीं बल्कि अपने लिए बनाई गई सरकार है। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

**बोले-कांग्रेस राम और सनातन एवं राष्ट्र विरोधी पार्टी है**



लुहणू मैदान में पन्ना प्रमुख सम्मेलन के दौरान मंच पर मौजूद राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व अन्य नेता।

## बिना स्टडी के विरोध करने में जुट जाते हैं राहुल गांधी

**कांग्रेस** सरकार ने हमेशा सनातन का विरोध किया है, क्योंकि वह देश को हिंदुत्व नहीं बनाना चाहती है। राहुल गांधी किसी भी विषय को लेकर स्टडी नहीं करते हैं, बस उठते हैं और बिना किसी तथ्यों और जानकारी के अभाव के चलते विरोध में जुट जाते हैं। कांग्रेस पार्टी राम और सनातन विरोधी और राष्ट्रविरोधी पार्टी है। सोनिया गांधी के लिए श्रीराम सिर्फ काल्पनिक हैं। कांग्रेस नेता और वकील कपिल सिब्बल ने अदालत में राम मंदिर का केस लटकाने का काम किया। उन्होंने राहुल गांधी को लेकर कहा कि राहुल संविधान की पुस्तक लेकर घूमता रहता है, लेकिन खुद उसे पड़ता नहीं है। राहुल गांधी राष्ट्र विरोधी नारे लगाने वालों का समर्थन करते हैं और उन्हें चुनाव में टिकट देते हैं। उन्होंने पन्ना प्रमुखों से आग्रह किया कि वे घर-घर जाकर भाजपा के विकास कार्यों को बताएं और उम्मीदवारों की जीत सुश्चित करें।

## सैम पित्रोदा ने किया शर्मसार

**कांग्रेस** नेता एवं राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा की ओर से भारत के लोगों पर रंगभेदी एवं नस्लभेदी टिप्पणियों पर कहा कि भारत की विविधता को एक बार पुनः शर्मसार करने का प्रयास किया। भारत के पूर्वोत्तर के लोग चीनी जैसे दिखते हैं, पश्चिम के लोग अरब जैसे दिखते हैं, उत्तर भारत के लोग अंग्रेजों जैसे दिखते हैं और दक्षिण भारतीय अफ्रीकन जैसे। ऐसी सोच वाले लोग केवल भारत में विभाजन ही कर सकते हैं।

# रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे विक्रमादित्य: प्रकाश

### कहा- कंगना की असोभनीय टिप्पणियों का भुगतना पड़ेगा खामियाजा



प्रेसवार्ता करते लघु बचत योजना के उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रकाश करड।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**कांग्रेस** लोकसभा की चारों सीटों पर परचम लहराएगी और मंडी ससदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे। भाजपा को कंगना की असोभनीय टिप्पणियों का खामियाजा हार का सामना करके भुगतना पड़ेगा।

यह बात लघु बचत योजना के उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रकाश करड ने सुंदरनगर में प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने बीते 15 माह में प्रदेशभर में विकास किया है। इसके आधार पर प्रदेश की जनता लोकसभा की चारों सीटों पर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करेगी। विक्रमादित्य सिंह का मंडी संसदीय क्षेत्र से गहरा नाता है। इनके पिता स्वर्गीय वीरभद्र सिंह व माता प्रतिभा सिंह मंडी क्षेत्र से सांसद रही हैं। इसका लाभ कांग्रेस को मिलेगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के प्रदेश महासचिव एवं प्रवक्ता चमन राही, संयोजक सदीक मोहम्मद व सनी ईपन,जिला अध्यक्ष चंद्रवीर कागरा व आचार्य पंडित विनोद कौशल मौजूद रहे।

## केंद्र की जनविरोधी नीतियों से जनता परेशान

केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण आज देश महंगाई और बेरोजगारी की मार झेल रहा है। अशोभनीय टिप्पणियों के कारण कंगना जग हसाई की पात्र बन गई हैं। देश के लिए शहादत देने वाले गांधी परिवार पर जो अशोभनीय टिप्पणियां कंगना ने की है, उसका जवाब मंडी की जनता भाजपा के खिलाफ मतदान करके देगी और 4 जून के बाद भाजपा प्रत्याशी कंगना मुंबई में ही दिखेगी।

## दूसरे दिन भी चार नामांकन



मंडी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को बहुजन समाज पार्टी से प्रकाश चंद भारद्वाज ने परचा भरा।



धर्मशाला में विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी सतीश कुमार ने नामांकन दाखिल किया।



लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल करतीं कांग्रेस प्रत्याशी अनुराधा राणा।



ऊना। विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के दूसरे दिन बुधवार को गगरेट विधानसभा क्षेत्र से आजाद उम्मीदवार मनोहर लाल ने नामांकन दाखिल किया।

## मेहर सिंह खुखलिया कांग्रेस में शामिल



**करसोग।** मंडी जिले के करसोग विधानसभा क्षेत्र से पूर्व लोकसभा व विधानसभा में प्रत्याशी रहे मेहर सिंह खुखलिया ने बुधवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया। लघु बचत योजना के उपाध्यक्ष प्रकाश करड ने हार पहनाकर उनका स्वागत किया। मेहर सिंह खुखलिया ने कहा कि वे प्रकाश करड के विचारों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे भविष्य में पूरी लगन व ईमानदारी के साथ कांग्रेस पार्टी के लिए काम करेंगे। कांग्रेस एक विचारधारा है, जिसने देश को आजादी दिलाने के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनाने में योगदान दिया है। इस विचारधारा को जिंदा रखने के लिए समाज के हर वर्ग को साथ लेकर कार्य किया जाएगा।

# अनुराग ने गांधी परिवार की आलोचना करने का उठाया बीड़ा: संदीप सांख्यान

### कहा- हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में क्या किया, कोई चर्चा नहीं करते हैं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता में भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पर निशाना साधा है।

उन्होंने पूछा कि उनका हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के विकास में योगदान क्या रहा है। वह इस क्षेत्र की जनता के साथ सेलिब्रिटी जैसा व्यवहार करते हैं। लोकसभा क्षेत्र के लोगों की समस्या हल करने में असफल साबित हुए हैं। अनुराग केवल गांधी परिवार के खिलाफ आलोचना करने का बीड़ा उठाए हुए हैं। पूर्व जयराम सरकार के समय केंद्रीय मंत्री का केंद्र से इस प्रदेश के विकास के लिए क्या योगदान रहा है। अनुराग को बताना चाहिए। कांग्रेस सरकार के 15 माह के शासनकाल में केंद्र से ऐसा क्या प्रदेशवासियों को अनुराग दे पाए हैं, जो उनके मंत्रालय से ताल्लुक रखता हो। उन्होंने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और न ही खेल विभाग से अपने संसदीय क्षेत्र और हिमाचल को कोई दशा-दिशा देने का प्रयास किया है। यहां के युवाओं को आईपीएल में खेलने का मौका मिला हो। वह असफल साबित हुए हैं। राजेंद्र राणा, इंद्रदत्त लखनपाल सहित भाजपा के सभी प्रत्याशियों पर जो उपचुनाव में भाजपा के चहेते बने हुए हैं, उन पर करारा प्रहार किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष नरेश ठाकुर और जिला मीडिया प्रभारी अंशुल शर्मा मौजूद थे।



# केंद्र ने किसानों व बागवानों को ठगा: सुल्तानपुरी

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**



**शिमला** संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी ने चिडगांव, रोहड़ू व समरकोट में भाजपा पर निशाना साधा। केंद्र सरकार व सांसद सुरेश कश्यप पर पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब से केंद्र में केंद्र सरकार आई है तब से किसान व बागवान अपने को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

**चुनाव में प्रदेश की जनता देगी जवाब**

2014 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी ने सोलन में एक जनसभा को संबोधित में कहा था कि हिमाचल के सेब की खपत के लिए जूस की बड़ी-बड़ी कंपनियों के साथ बातचीत करके यहां के सेब का जूस बनाया जाएगा। जो जुमला साबित हुआ है। सुरेश कश्यप पिछले पांच साल में रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र से नदारद रहे हैं। वह संसद में हिमाचल प्रदेश व शिमला संसदीय क्षेत्र की बात रखने में पूरी तरह से विफल रहे हैं। अब केंद्र की भाजपा सरकार बाहरी देशों से सेब पर आयत शुल्क घटा रही है, जिससे हिमाचल का सेब जो बागवानों ने स्टोर में स्टोर किया हुआ था वह बिक नहीं पा रहा है। इसका जवाब हिमाचल की जनता इस लोकसभा चुनाव में देने के लिए तैयार बैठी हुई है।

वहीं, सुल्तानपुरी ने अनुपम होटल रोहड़ू में मंडल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से चुनाव प्रचार तेजी लाने की अपील की।

# जनता धरतीपुत्र को जिताकर भेजे विधानसभा : धर्माणी

**एसके ठाकुर बिझड़ी**

**कांग्रेस** ने धरतीपुत्र को टिकट देकर जनता की मांग पूरी कर दी है। अब धरतीपुत्र को जिताकर विधानसभा में पहुंचाने की जिम्मेदारी जनता की है। यह बात तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बिझड़ी में कांग्रेस पार्टी कार्यालय खोलने के बाद कही।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पांच गारंटियां पूरी कर दी हैं, पांच बची हैं, जिन्हें जल्द पूरा किया जाएगा। हर कार्यकर्ता सुभाष ढटवालिया की जीत के लिए जुट जाएं। यह चुनाव केवल सुभाष ढटवालिया का ही नहीं है, बल्कि हर कार्यकर्ता का चुनाव है। आपदा के समय मुख्यमंत्री प्रदेश के हर नागरिक के साथ खड़े रहे हैं। कांग्रेस उपचुनाव में जीत हासिल करेगी। बड़सर से कांग्रेस पार्टी ने सशक्त उम्मीदवार को टिकट दिया है। हर कार्यकर्ता घर-घर जाकर सुभाष ढटवालिया बनकर वोट मांगें और उनकी जीत लगभग 15000 वोटों से कम नहीं होनी चाहिए। यह जीत आपकी अपनी जीत होगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय शर्मा, जिला महासचिव पवन कालिया, कमल पठानिया, नरेश लखनपाल आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



बिझड़ी में कांग्रेस पार्टी कार्यालय खोलने के बाद कार्यकर्ताओं के साथ राजेश धर्माणी।

**सियासत** दोनों पार्टियों के झंडे और बैनरों से सजने लगे बाजार, कांग्रेस भी होने लगी सक्रिय, कार्यकर्ता जुटे

# बड़सर और सुजानपुर में गरमाया राजनीतिक माहौल

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**लोकसभा** चुनाव और विधानसभा उपचुनावों के लिए अब बाजार झंडों और बैनरों से सजने लगे हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों के कार्यकर्ता इस काम में जुट गए हैं। उनके पार्टी कार्यालय भी प्रचार के लिए खुल चुके हैं।

बड़सर और सुजानपुर में राजनीतिक माहौल धीरे-धीरे गरमाने लगा है, लेकिन अक्षय तृतीया पर यानी 10 मई को नामांकन दाखिल करने को लेकर भी दोनों ही दलों के प्रत्याशी अपनी-अपनी रणनीति के तहत जोर आजमाइश करने पर जुट गए हैं, जबकि सांसद अनुराग ठाकुर नामांकन दाखिल करने से एक दिन पहले ही रोड शो भी करेंगे। संसदीय क्षेत्र में अनुराग ठाकुर के होर्डिंग तो काफी समय से दिख रहे हैं, लेकिन अब कहीं-कहीं कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा के होर्डिंग बैनर भी दिखने लगे हैं। भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा काफी पहले कर दी थी। उनके लिए पार्टी के भीतर मान मनोबल का दौर भी शुरू कर रखा है। नाराज लोगों को मुख्य धारा में शामिल कर रहे हैं और अब नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद माहौल तैयार होगा, उसके बाद चुनाव प्रचार में तेजी आएगी। (अनंत ज्ञान)



**मोर्चे पर डटे प्रभारी**

**सुजानपुर** में कांग्रेस के प्रभारी विधायक चंद्रशेखर लगातार नुक्कड़ सभाएं कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं के साथ भी उनकी बैठकों का दौर जारी हैं। यही स्थिति बड़सर विधानसभा क्षेत्र में भी है, जहां पर घुमारवीं के विधायक और मंत्री राजेश धर्माणी अब और मुस्तैद हो गए हैं। बड़सर में सुभाष ढटवालिया को चुनाव मैदान में उतर कर पार्टी ने इस बार जातिगत समीकरणों की नई सवारी का जो पीड़ा उठाया है, उस पर अच्छी खासी चर्चा हो रही है।

## मुख्यमंत्री के दौरों के इंतजार में कार्यकर्ता

**सुजानपुर** और बड़सर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दौरों के इंतजार में हैं। प्रत्याशियों की घोषणा के बाद मुख्यमंत्री अभी इन क्षेत्रों में नहीं गए हैं। दो दिन पहले हमीरपुर जिले के नादौन में आए थे और अपने गृह विधानसभा क्षेत्र में उन्होंने कार्यकर्ताओं की कई सभाएं की थीं। ऐसे में अपने गृह क्षेत्र में उन्होंने कार्यकर्ताओं को चुनावी माहौल में ढालने का प्रयास किया है।

## सालगिरह मुबारक



कड़ोआ के मनजीत सिंह राणा और सुमन राणा को सालगिरह पर अनंत ज्ञान की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

# मनिंदरजीत सिंह बिट्टा ने धर्मगुरु दलाईलामा से की मुलाकात

**सीमा शर्मा, मैक्लोडगंज**

देश में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में बड़ा चेहरा माने जाने वाले ऑल इंडिया एंटी-टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष मनिंदरजीत सिंह बिट्टा बुधवार सुबह धर्मशाला पहुंचे। इसके बाद वे बौद्ध धर्मगुरु दलाईलामा से भेंट करने उनके निवास स्थान पहुंचे।

बिट्टा ने धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात करने के बाद कहा कि पीवी नरसिम्हा राव ने विश्व शांति के लिए पंजाब की शांति के लिए कार्य किया था जिस वजह से उन्हें भारत रत्न मिला है। उन्होंने कहा कि धर्मगुरु दलाईलामा का पीवी नरसिम्हा राव पर आशीर्वाद था। वहीं राव के पोते पीवीआर कश्यप ने कहा कि धर्मगुरु दलाई लामा और नरसिम्हा राव का बहुत पुराना रिश्ता है और जब भी विश्व शांति की बात आती है तो धर्मगुरु का नाम सबसे पहले आता है। आज विश्व के बहुत से देशों पर युद्धों जैसी स्थिति बनी हुई है लेकिन भारत में स्थिति शांतिपूर्वक है और इसका श्रेय धर्मगुरु दलाईलामा को भी जाता है। (अनंत ज्ञान)



### स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में सीएमओ ने स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए निर्देश

# पर्चियों का करें अवलोकन, स्वास्थ्य चिकित्सा उपकरणों की बनाएं सूची

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जोनल अस्पताल के कांफ्रेंस हॉल में बुधवार को जिला कांगड़ा के स्वास्थ्य विभाग की विशेष समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश स्वास्थ्य निदेशक डॉ. गोपाल बेरी एवं उपनिदेशक डॉ. विवेक करोल द्वारा की गई।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश सूद, सिविल हॉस्पिटल पालमपुर के मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉ. मीनाक्षी गुप्ता, जिला के सीनियर मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉ. सुनील भट्ट, जिला कार्यक्रम अधिकारी, वित्त नियंत्रक अधिकारी एवं ब्लॉक के खंड चिकित्सा अधिकारी, सीनियर मेडिकल ऑफिसर और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के शुरू होने से पहले स्वास्थ्य निदेशक द्वारा दी जा रही उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सीएचसी बीड़ के डॉ. राजकुमार और डॉ. आशुतोष को सम्मानित किया गया और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा दी जा रही सेवाओं की सराहना की।



समीक्षा बैठक के दौरान स्वास्थ्य निदेशक डॉ. गोपाल बेरी को सम्मानित करते मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अन्य।

सबसे पहले मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी ने जिला के प्रारूप जनसंख्या, स्वास्थ्य संस्थानों, क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट के अंतर्गत आने वाले स्वास्थ्य संस्थानों, पीसीपीएन डीटी के पंजीकृत संस्थानों से जुड़ा ब्यौरा दिया। जिला के स्वास्थ्य संस्थानों में जिला स्वास्थ्य कार्यक्रम अधिकारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों खनियारा, पपरोला, बनूरी, चामुंडा, गोपालपुर, रैहन, फतेहपुर में किए गए भ्रमण के दौरान पाई गई उपलब्धियों की सराहना व कमियों को समयबद्ध दूर करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विशेष चर्चा करते हुए मृत्यु कारण का प्रमाण पत्र, आवश्यक औषधि सूची, स्वास्थ्य चिकित्सा उपकरणों की सूची बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिकित्सक द्वारा लिखी गई पर्चियों का अवलोकन, वार्षिक कार्यों का मूल्यांकन, 102,108 सेवाओं का तकनीकी निरीक्षण किया जाए तथा जिला में तैनात एंबूलेंस की सूचना, एफपीएल एमआईएस की जानकारी, निर्माण कार्यों की जानकारी के बारे निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा निशुल्क निदान सेवा के अंतर्गत अनावश्यक जांच पर रोक लगाने व सरकारी लैब में उपलब्ध जांचों को निजी लैब में केवल आपात स्थिति में ही करवाने के निर्देश दिए। इस समीक्षा बैठक में आयुष्मान व हिमकेयर सेवाओं के अंतर्गत दाखिल रोगियों की निशुल्क जांच के निर्देश दिए गए।

## न्यूज ब्रीफ

### करडियाल स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत



करडियाल स्कूल के होनहार अध्यापकों के साथ।

**जवाली।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करडियाल का दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल की छात्रा ईशा कौंडल ने 94 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि अनामिका चौधरी ने 92 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा व वंश चौधरी ने तीसरा स्थान लेकर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के मुख्य अध्यापक राजकुमार ने बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर रणधीर सिंह, आरती देवी, निशा रानी, अनुपमा कुमारी, हेम राज आदि मौजूद रहे।

### मैरा की तमन्ना चौधरी ने झटके 693 अंक

**जवाली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मैरा की तमन्ना चौधरी ने दसवीं के परीक्षा परिणाम में 700 में से 693 अंक प्राप्त कर सातवां स्थान हासिल किया है। तमन्ना के पिता प्रवीण कुमार दिहाड़ी-मजदूरी करते हैं जबकि माता रमा देवी गृहिणी है। तमन्ना की इस उपलब्धि से माता-पिता व परिजनों में खुशी की लहर है। तमन्ना ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों व अपनी कड़ी मेहनत को दिया है। उन्होंने कहा कि आईएएस बनकर जनसेवा करना मेरा ध्येय है।

### बलाहरा स्कूल में अमित राणा प्रथम



**डरोह।** शहीद लक्खा सिंह राजकीय उच्च विद्यालय बलाहरा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। मुख्याध्यापक दुनीचंद ने बताया कि दसवीं कक्षा में अमित राणा ने 700 में से 596 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, मुस्कान ने 582 अंक लेकर द्वितीय और सुमित राणा ने 574 अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया है। स्कूल प्रबंधक कमेटी और शिक्षकों ने छात्रों को बधई दी है।

### गाहलियां स्कूल का रिजल्ट शानदार रहा

**कांगड़ा।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गाहलियां का दसवीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। इसमें कृतिका ने 675 अंक लेकर प्रथम स्थान, अशिका ने 647 अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा दिव्या ने 644 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। स्कूल के प्रधानाचार्य नीरज गर्ग तथा उपप्रधानाचार्य पूनम बनयाल ने सभी विद्यार्थियों को सफलता पर बधाई दी। विद्यालय के अध्यापकों, स्कूल मीडिया प्रभारी व हिंदी अध्यापक राजीव डोगरा, एसएमसी अध्यक्ष प्रदीप कुमार एवं अन्य सदस्यों ने भी सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

### आशिमा ने हासिल किए 96.42 प्रतिशत अंक

**गगल।** त्रिगर्त वैली पब्लिक स्कूल इच्छी का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम बेहतरीन रहा। स्कूल की आशिमा ने 96.42 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया। तेजश चौधरी ने 94.42 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा जबकि तेजस्वी ने 93.28 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। स्कूल के प्रधानाचार्य राजेंद्र मोहन व स्कूल के अध्यापकों ने बच्चों को बधाई दी।

### लिटिल फ्लावर स्कूल का नतीजा 94.28%



**नगरोटा बगवां।** लिटिल फ्लावर पब्लिक हाई स्कूल नगरोटा बगवां में दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इसमें नैतिक ने 94.28 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। दूसरे स्थान पर दीया ने 86 प्रतिशत और तीसरे स्थान पर श्रुति ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। स्कूल की प्रिंसिपल मोनिका वर्मा ने छात्रों को बधाई दी।

### पुन्नर स्कूल का रिजल्ट 91 प्रतिशत रहा

**नगरोटा बगवां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुन्नर का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 91 प्रतिशत रहा। स्कूल में प्रथम स्थान पर रही सानिया ने 93 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर साहिल ने 88 प्रतिशत व तृतीय स्थान पर सेजल ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। साहिल ने बैंकिंग विषय में 100 अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य अंजू ठाकुर ने इस शानदार परीक्षा परिणाम पर समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों व अध्यापकों को बधाई दी है।

## स्वामी विवेकानंद स्कूल के होनहार छाए

**इंदौरा।** स्वामी विवेकानंद स्कूल के छात्रों ने दसवीं के परीक्षा परिणाम में बाजी मार स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल की प्रिंसिपल रचना भनोट ने बताया की प्रदेश शिक्षा बोर्ड में उनके स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है जिसमें सुहानी ने 93 प्रतिशत, यशिका ने 92 प्रतिशत, रितिका और मानवी ने 91 प्रतिशत अंक लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल के 15 छात्रों ने 80 प्रतिशत और चार विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत और शेष विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर बेहतर प्रदर्शन किया है। स्कूल के चेयरमैन पंकज भनोट ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं।

# एसडीएम ने भरा जोश, वोटिंग करना जरूरी

### जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा में आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा में नौवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने स्किट के माध्यम से आह्वान किया कि पहली जून को सभी मतदाता अपने मत का अवश्य प्रयोग करें। कांगड़ा में बंपर वोटिंग करवाने व हर मतदाता को पोलिंग बूथ तक पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा चलाए गए अभियान के अंतर्गत जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा में जमा दो के छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया और आह्वान किया गया कि वे अपने माता-पिता व रिश्तेदारों को मतदान करने के लिए अवश्य प्रेरित करें। एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने छात्रों से अपील की कि जब भी वे 18 वर्ष के होंगे तो सबसे पहले अपना मतदाता पत्र अवश्य बनवाएं और कोई भी चुनाव हो तो वोट जरूर डालें। उन्होंने कहा कि सभी को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जाए। प्रधानाचार्य सुनील कांत ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और हमेशा यह उसे देश के नागरिकों पर निर्भर करता है कि वह मतदान के प्रति कितने गंभीर हैं। देश की सरकार को चुनना हमारे लिए गर्व की बात है और राजतंत्र में ऐसा नहीं होता था। पहली जून को कोई भी छुट्टी न मनाए और पोलिंग बूथ पर जाकर वोट अवश्य डालें। इस अवसर पर कार्यक्रम के नोडल ऑफिसर एवं सहायक प्रोफेसर तकीपुर कॉलेज एलआर ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्किट में यह संदेश दिया गया कि अमीर हो या गरीब या गृह नौकर तो उसे भी वोट डालने जरूर भेजें न कि उसे गृह कार्य में व्यस्त रखें। साथ में सबसे अच्छे कैंडिडेट को ही चुनें, जो आपके अधिकारों की रक्षा करने में सक्षम हो और आपकी आवाज संसद में उठाने के योग्य हो। (अनंत ज्ञान)



जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा में कार्यक्रम के दौरान एसडीएम को सम्मानित करते हुए।

# ढन में बस-मोटरसाइकिल में टक्कर, सवार जख्मी

**अनंत ज्ञान, जवाली**

पुलिस थाना जवाली के अधीन कैहरियां-ढन-मतलाहड़ मार्ग पर ढन में बस व मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर हो गई। इसमें मोटरसाइकिल चालक व सवार गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। विश्वकर्मा बस कैहरियां से मतलाहड़ की तरफ जा रही थी जबकि मोटरसाइकिल मतलाहड़ से कैहरियां की तरफ आ रहा था। दोनों में ढन में जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें मोटरसाइकिल चालक सुजान सिंह व सवार अमर सिंह को गंभीर चोटें आई हैं। गंभीर रूप से घायलों को उपचार हेतु सिविल अस्पताल जवाली लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार उपरांत उन्हें रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर बस व मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि ढन में बस व मोटरसाइकिल की टक्कर हुई है जिसमें पुलिस ने वाहनों को कब्जे में लेकर बस चालक विनोद कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।



# ठेका कर्मियों ने किया रोष प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, शाहपुरकंडी**

ठेका मुलाजिम संघर्ष मोर्चा पंजाब के आह्वान पर ठेका मुलाजिमों ने बुधवार को रणजीत सागर डैम स्थित पावर हाउस परिसर के अंदर पंजाब सरकार के साथ वादा खिलाफी करने का आरोप लगाते हुए पंजाब की भगवंत मान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रोष प्रदर्शन किया। इस मौके पर मोर्चे के नेता हरजीत सिंह ढडवाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी के नेता और मौजूदा मुख्यमंत्री भगवंत मान ने निजीकरण के हमले को रोकने और सभी को पक्का रोजगार देने का वादा किया था,लेकिन इन वादों को पूरा करने की बजाय मान सरकार ने उनके मोर्चे को 20 लिखित मीटिंगे देकर एक भी मीटिंग नहीं की है। इस मौके पर दविंद्र सिंह, पंकज पठानिया, भाग सिंह, मनोहर लाल, रवि, मुनीष के अलावा भारी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

# रावी में नहाते हुए डूबे युवक का शव किया बरामद



शाहपुरकंडी के साथ लगती रावी दरिया में डूबे युवक का शव निकालते हुए।

**अनंत ज्ञान, शाहपुरकंडी**

शाहपुरकंडी के साथ लगती रावी दरिया में नहाते हुए डूबे 20 वर्षीय युवक का शव बुधवार दोपहर को बरामद कर लिया गया।

उल्लेखनीय है की नेपाल निवासी सिकराम बोहरा पुत्र नीम बहादुर बोहरा 20 साल पिछले बुधवार को दोपहर करीब 3 बजे अपने दोस्तों के साथ रावी दरिया में नहा रहा था, जब वह नहा कर पानी से बाहर नहीं निकला तो उसकी सूचना पुलिस को दी गई तब से गोताखोर उसकी तलाश में जुटे हुए थे। बुधवार को जिस जगह पर युवक नहा रहा था उसी जगह से उसका रेत में दबा हुआ शव बरामद हुआ। सिकरम बोहरा अभी कुछ दिन पहले नेपाल से आया था और यहां शाहपुरकंडी बैराज में ओमिल कंपनी में खाना बनाने का काम करता था। पुलिस ने मृतक का शव उसके परिजनों को सौंप दिया है।

## कशिश ठाकुर ने झटके 99 प्रतिशत अंक

**इंदौरा।** इंदिरा मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इसमें छात्रा कशिश ठाकुर ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल में प्रथम स्थान डोली ने 96.42 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान, सोफिया ने 95.14 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान ,निर्मला देवी और श्रेया कटोच ने 94.71 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा स्थान और पलक कुमारी ने 94.28 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवा स्थान प्राप्त किया है। स्कूल की प्रिंसिपल ने छात्रों की इस उपलब्धि के लिए अभिभावकों और अध्यापकों को बधाई दी।

## परागपुर स्कूल में बलराज प्रथम

**गरली।** राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परागपुर का दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इसमें सभी छात्र-छात्राएं प्रथम व द्वितीय श्रेणी में पास हुए है। स्कूल प्रधानाचार्य सीमा कौशल ने बताया कि दसवीं कक्षा के 41 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इसमें बलराज ने 660 अंक लेकर विद्यालय में टॉप किया है। जबकि श्रुति ने 640 अंक लेकर द्वितीय व सुमित ने 612 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। 29 बच्चों ने 80 से 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है।

# पानी को व्यर्थ बहाने वालों पर की जाएगी सख्त कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, जवाली**

गर्मियों के सीजन में पानी की समस्या से निपटने के लिए जल शक्ति विभाग ने सख्त रूख अख्तियार किया है। जल शक्ति विभाग ने टुल्लू पंप लगाने व नलों में पाइप लगाकर पानी को व्यर्थ बहाने वालों से सख्ती से निपटने का प्लान बनाया है।

जल शक्ति विभाग जवाली के सहायक अभियंता पवन कौंडल ने बताया कि जगह-जगह से पेयजल की समस्या की शिकायत मिल रही हैं तथा अब पानी को व्यर्थ बहाने वालों की खैर नहीं। उन्होंने कहा कि विभाग ने टीमों का गठन किया है जोकि शिकायत मिलने पर औचक निरीक्षण करेगी तथा अगर कोई टुल्लू पंप लगा पाया गया या नलों में पाइप लगाकर पानी को व्यर्थ बहाता पाया गया तो टुल्लू पंप सहित प्लास्टिक पाइपों को जब्त कर लिया जाएगा। नल का कनेक्शन भी काट दिया जाएगा जिसको गर्मियों के सीजन में दोबारा लगाया नहीं जाएगा। उन्होंने जनता से अपील की है कि पानी की अहमियत को समझते हुए पानी को व्यर्थ न बहाएं।

**जागरूकता** टंग नरवाना में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप कार्यक्रम

# मतदाताओं को मतदान की दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

विधानसभा क्षेत्र धर्मशाला के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप कार्यक्रम के अनुसार आगामी लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टंग नरवाना में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय ग्राम पंचायत प्रधान संतोष कुमार तथा वाइस प्रिंसिपल कुसम धीमान ने की। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अंदराड की प्रधान शालिनी भट्ट विशेष तौर पर उपस्थित रही। विधानसभा क्षेत्र 18-धर्मशाला सहायक निर्वाचक अधिकारी व एसडीएम धर्मशाला संजीव कुमार भोट के मार्गदर्शन में स्वीप टीम के नोडल अधिकारी डॉ. अमित कटोच, डॉक्टर जोगिंद्र सिंह, डॉ. मिथुन कुमार दत्ता, डॉ. शबाब अहमद, डॉ. पूजा कटोच, डॉ. रेखा रावत तथा विलास हंस ने इस बार इस मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए प्रयास करने का आह्वान किया। इस दौरान सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने-अपने मत का प्रयोग करने की शपथ ली। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी भी दी गई एवं उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज है कि नहीं। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित के साथ अपने घरों व आसपास के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। इस दौरान मतदान जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर पंचायत उपप्रधान नीरज भट्ट, वरिष्ठ प्रवक्ता दिनेश कुमार, अनूप सिंह, होशियार सिंह, जोगिंद्र सिंह, संजीव कुमार, वार्ड मेंबर श्रेष्ठा, नीलम, अनीता, पंकज, बीएलओ ममता सहित स्टाफ के सदस्य भी उपस्थित रहे।



टंग नरवाना स्कूल में कार्यक्रम के दौरान मौजूद ग्रामीण व अन्य।

## डाडासीबा स्कूल का रिजल्ट बेहतरीन

**डाडासीबा।** बाबा कांशीराम राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडासीबा का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार ने बताया कि दसवीं कक्षा के 62 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसमें छात्रा अंशिका ने 700 में से 654 अंक लेकर विद्यालय में टॉप किया है जबकि समर सपेहिया ने 650 अंक लेकर द्वितीय व आंचल ने 646 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार ने इस सफलता का श्रेय स्टाफ व छात्रों की कड़ी मेहनत को दिया है। उन्होंने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी।



# खिलाड़ियों ने मैदान में बहाया पसीना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला



नौ मई को किंग्स पंजाब और रोयल चैलेंजर बैंगलुरु के बीच खेले जाने वाले आईपीएल मैच के एक दिन पूर्व बुधवार को खिलाड़ियों ने मैदान में खूब पसीना बहाया। किंग्स पंजाब टीम ने शाम 5 से 8 बजे तक मैच प्रैक्टिस की। आरसीबी के खिलाड़ियों ने शाम 6 से 9 बजे तक अभ्यास किया।

रोयल चैलेंजर बैंगलुरु 8 अंकों के साथ 7वें पायदान पर है और यह मैच आरसीबी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। आरसीबी को प्ले ऑफ में जगह पक्की करने के लिए इस मैच के साथ-साथ शेष 2 मैच भी जीतने होंगे। वहीं पंजाब को इस मैच के साथ अन्य शेष मैच जीतने होंगे, साथ ही उनके प्ले ऑफ में जाने की संभावना में अन्य टीमों के नतीजों की भी अहम भूमिका रहेगी। अंक तालिका और प्वाइंटटस की गणना से दोनों टीमें भली भांति परिचित हैं, इसलिए नौ मई के मैच के लिए खिलाड़ी अपनी पूरी ताकत झोंकने के लिए तैयार हैं। दोनों टीमों के शेष बचे मैचों में एक भी हार, टीम को प्ले-ऑफ से बाहर कर देगी।

दोनों टीमें अपने कोटे के 11-11 मैच खेल चुकी हैं और अब उनके लीग मैच 3-3 बचे हैं। इसी के चलते यह मैच दोनों टीमों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

## अवैध खनन पर जेसीबी जब्त

**इंदौरा।** खनन माफिया के खिलाफ मंगलवार रात कार्रवाई अमल में लाते हुए एक जेसीबी व दो ट्रैक्टर ट्रॉलियों को जब्त किया गया है। एसपी नूरपूर अशोक रत्न ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की चक्की दरिया डमटाल में अवैध खनन को अंजाम दिया जा रहा है। रात एक बजे के करीब माइनिंग फ्लाइंग गार्ड सन्नी जसवाल ने थाना प्रभारी डमटाल कल्याण सिंह की टीम जिसमें सहायक उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह व क्यूआरटी टीम को साथ लेकर चक्की में गुप्त सूचना के आधार पर बताई गई जगह में दबिश दी और मौके पर अवैध खनन करने में जुटी एक जेसीबी व दो ट्रैक्टरों को काबू किया। जिन पर कार्रवाई करते हुए तीनों वाहनों को डमटाल थाना में जब्त किया गया है।

# बजाज इंश्योरेंस को 25 हजार हर्जाना

## उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने नियमों के खिलाफ प्रीमियम बढ़ाने पर सुनाया फैसला

दीपक पुरी, धर्मशाला

उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग धर्मशाला ने एक मामले में कंपनी को शिकायतकर्ता को नौ प्रतिशत ब्याज के साथ 24, 751 रुपए एवं मानसिक उत्पीड़न की एवज में 10000 तथा मुकदमा खर्च के रूप में 10000 रुपए देने के आदेश दिए हैं। शिकायतकर्ता बैजनाथ निवासी दिलो राम नाग ने 21 जुलाई 2021, को बजाज इंश्योरेंस कंपनी से हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदी थी। शिकायतकर्ता ने इसका दो साल तक प्रीमियम दिया एवं अगला प्रीमियम इंश्योरेंस कंपनी ने 149 प्रतिशत अधिक कर दिया। इसके बारे में शिकायतकर्ता ने कंपनी को अवगत करवाया, परंतु कंपनी अधिक बड़ा हुआ प्रीमियम लेने के फैसले पर अड़ी रही। इसके बाद शिकायतकर्ता ने 17 अगस्त 2023 को उपभोक्ता न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। इसके बाद उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग ने आईआरडीए के नियमों के प्रावधान के अनुसार 3 दिसंबर 2022 को आईआरडीए द्वारा प्रेस नोट दिया गया था, जिसमें आईआरडीए द्वारा जनता को बताया गया कि इंश्योरेंस कंपनी 5 प्रतिशत तक ही बेस प्रीमियम को बढ़ा या घटा सकती है तथा 41,297 रुपए का अधिक मूल्य वसूलना, आईआरडीए के नियमों के विरुद्ध है। शिकायत निवारण आयोग के अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा, एवं मेंबर्स नारायण ठाकुर एवं आरती सूद की खंडपीठ ने शिकायतकर्ता को 9 प्रतिशत ब्याज के साथ 24,751 रुपए एवं मानसिक उत्पीड़न खर्च 10000 व मुकदमा खर्च 10000 बजाज एलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी को देने के आदेश दिए गए। (अनंत ज्ञान)

### वीरता में व्यापारिक संस्थान पर की रेड

**कांगड़ा।** कांगडा शहर के साथ सटे वीरता गांव में बुधवार सुबह इनकम टैक्स की टीम ने यहां पर स्थित एक प्रतिष्ठित व्यापारिक संस्थान के मुख्य कार्यालय में दबिश दी। मिली जानकारी के अनुसार उक्त टीम शिमला,पंचकुला और परवाणू से आई है। टीम में कुल 24 के करीब सदस्य हैं। इस अभियान में इनकम टैक्स अधिकारियों ने सबसे पहले उक्त संस्थान के अंदर और बाहर जाने वाले सभी गेट बंद कर दिए और किसी का भी अंदर बाहर आना जाना वर्जित कर दिया। जब इस बाबत उनसे बात करना चाही तो उन्होंने साफ मना कर दिया। वहां पर मौजूद कोई भी सुरक्षा कर्मचारी किसी भी प्रकार कोई भी जानकारी साझा नहीं कर रहे है।

## न्यूज ब्रीफ

### इंदौरा में रेडक्रॉस दिवस मनाया

**इंदौरा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला इंदौरा में रेड क्रॉस दिवस मनाया गया। इसमें छात्रों ने पोस्टर बनाकर तथा भाषण द्वारा मानवीय पीड़ा को दूर करने तथा आपसी सहयोग से मानवता को बढ़ावा देने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्य सुधा बालोत्रा, स्टाफ, मिनर्वा व क्षत्रिय कॉलेज ऑफ एजूकेशन के प्रशिक्षु अध्यापक एवं स्कूली छात्र उपस्थित रहे।

### शाहपुर के थाना प्रभारी की हुई प्रमोशन



**कांगड़ा।** शाहपुर पुलिस स्टेशन के प्रभारी सुरजीत सिंह राणा को पुलिस विभाग ने पदोन्नति कर तीन स्टार के साथ इंस्पेक्टर रैंक से नवाजा है। इससे पहले सुरजीत राणा सब इंस्पेक्टर के पद पर थे। बुधवार को जिला कांगड़ा पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री ने उन्हें स्टार लगा कर यह सम्मान दिया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वीर बहादुर भी मौजूद रहे। इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह विभाग में बतौर सिपाही भर्ती हुए थे। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के चंबा, ऊना, सिरमौर, कांगड़ा, शिमला आदि कई जिलों के पुलिस स्टेशन और पुलिस चौकी में अपनी सेवाएं दी हैं और वर्तमान में पुलिस स्टेशन शाहपुर में थाना प्रभारी के तौर पर कार्यरत हैं। इस अवसर पर थाना शाहपुर के समस्त कर्मचारियों ने उन्हे बधाई दी।

### 4 ग्राम चिट्टा बरामद, 3 के खिलाफ केस

**बैजनाथ।** जिला के पुलिस थाना बैजनाथ के तहत घट्टा में चिट्टा बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने घट्टा में जब गाड़ी नंबर एचपी 12एल-2208 की तलाशी ली तो इसमें से 4 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया । इस संदर्भ में गाड़ी चालक अक्षित कुमार निवासी रोड़ी तथा गाड़ी में साथ बैठी अक्षिता निवासी भराड़ी, जिला मंडी व गाड़ी की पिछली सीट पर बैठे रोहित अटवाल निवासी चौकी तहसील पालमपुर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है। धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### रक्कड़ में बरामद की 51.32 ग्राम चरस

**धर्मशाला।** जिला के पुलिस थाना रक्कड़ के तहत चरस बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना की टीम जब गश्त पर थी तो कामलू चौक में कूहना निवासी अशोक कुमार से 51.32 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने चरस को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### पास्सू में दुकान से अवैध शराब बरामद

**धर्मशाला।** जिला के पुलिस थाना भवारना के तहत जंसु में प्रेम दास निवासी जंसु डाकघर रैपर तहसील पालमपुर के घर से 18,000 मिलीलीटर देसी शराब व 7,125 मिलीलीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। वहीं पुलिस थाना धर्मशाला के तहत पास्सू में सुभाष चंद निवासी पास्सू तहसील धर्मशाला की दुकान से 3,750 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। इसके संदर्भ में भवारना तथा धर्मशाला पुलिस थाना में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया है। धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### मारपीट, झगड़ा करने पर मामले दर्ज

**धर्मशाला।** पुलिस थाना खुंडियां के तहत मुंडल में अजय कुमार निवासी मुंडल ने सुरजीत सिंह व इसकी प ी दीक्षा कुमारी निवासी मुंडल के घर में आकर इसके साथ लड़ाई झगड़ा, गाली गलौज ,मारपीट की व जान से मारने की धमकियां दी। शिकायत के आधार पर इस संदर्भ में भारतीय दंड संहिता की धारा 341, 323, 504, 506 में पुलिस थाना खुंडिया में मामला दर्ज किया गया है। वहीं पुलिस थाना पालमपुर के तहत राजपुर में नीलम निवासी राजपुर तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा ने वर्षा देवी निवासी राजपुर तहसील पालमपुर के साथ लड़ाई झगड़ा, गाली गलौज , मारपीट व जान से मारने की धमकियां दी। शिकायत के आधार पर इस संदर्भ में भारतीय दंड संहिता की धारा 323, 504, 506 के तहत पुलिस थाना पालमपुर में मामला दर्ज किया गया गया है। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने दोनों मामलों की पुष्टि की है।

### लोकसभा चुनावों के लिए बनाई रणनीति

**कांगड़ा।** विधानसभा क्षेत्र शाहपुर की ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारियों सहित सभी अग्रणी संगठनों के पदाधिकारियों एवं पंचायतीराज के सभी प्रधान, उपप्रधानों सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक रैत कांग्रेस कार्यालय में हुई। उप मुख्य सचतेक केवल सिंह पठानिया ने इस बैठक में भाग लिया। बैठक में लोकसभा चुनावों को लेकर रणनीति बनाई और कांगड़ा-चंबा लोकसभा प्रत्याशी आनंद शर्मा के नामांकन पर धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में जाने की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई।

# 20 यूनिट ब्लड किया एकत्रित

## विश्व रेडक्रॉस दिवस के मौके पर रक्तदान शिविर आयोजित

अनंत ज्ञान, कांगड़ा



टंडन क्लब में शिविर के दौरान रक्तदान करते लोग।

विश्व रेडक्रॉस दिवस के मौके पर एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग और भगवान बुद्धा चैरिटेबल ब्लड सेंटर के सहयोग से टंडन क्लब में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से किया गया। इस शिविर में 20 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर में तहसीलदार मोहित रतन, डॉ. अंकुश कपूर, जतिंद्र सिंह, जतिन अवस्थी, मोहित बुमरा, कपिल देव, सुशांत, अभिषेक भारती, स्नेहा, रिशव शर्मा, दिव्यांश पराशर, अनीश शर्मा, लक्की सैनी, संजय कुमार, सुमित कुमार, मुनीश चौधरी, मुनीश कुमार, विजय कुमार, राजेश कुमार और विजय कुमार शर्मा ने रक्तदान किया। इस दौरान शिविर में तहसीलदार कांगड़ा मोहित रतन और एसएमओ डॉ. अंकुश कपूर ने भी रक्तदान करके युवाओं को रक्तदान करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि रक्तदान करके हम कई जीवन बचा सकते हैं। इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। शिविर के आयोजन में एसडीएम कांगड़ा सहित पूर्व बीएमओ संजय भारद्वाज, व्यापार मंडल अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा, डॉ. अंकुश कपूर ,वरिष्ठ सहायक अनिल कुमार, ज्योति और दीपक ने सहयोग किया।

## इंदौरा में मुफ्त बांटीं दवाइयां

**डमटाल।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर उपमंडल रेडक्रॉस सोसायटी इंदौरा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे कई लोगों ने हिस्सा लिया और रक्तदान कर शिविर को सफल बनाया। इस शिविर में मुफ्त दवाइयां दी गई और ब्लड प्रेशर, शुगर आदि का चेकअप किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य गंगथ संदीप सिंह ने रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि हम रक्तदान कर किसी की जिंदगी बचाकर पुण्य के भागी बन सकते है, उपमंडल अधिकारी सुरेंद्र ठाकुर ने रक्तदान करने वाले सभी व्यक्तियों की सराहना की। उन्होंने अपने सभी कर्मचारियों की सहारना करते हुए कहा कि शिविर को सफल बनाने में सभी ने सहयोग किया है।

# ओबीसी समुदाय ने राकेश चौधरी के लिए मांगी टिकट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला



गत विधानसभा चुनाव में धर्मशाला से भाजपा टिकट पर चुनाव लड़े राकेश चौधरी समर्थकों ने अब कांग्रेस टिकट की मांग की है और टिकट न मिलने की सूरत में निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। धर्मशाला में आयोजित पत्रकार वार्ता में राकेश चौधरी समर्थक घनश्याम गुलेरिया सहित विभिन्न पंचायतों से आए प्रधान व विभिन्न पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि ओबीसी समुदाय की अनदेखी कांग्रेस सरकार को महंगी पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि राकेश चौधरी ने वर्ष 2019 उपचुनाव में निर्दलीय चुनाव लड़ते हुए 18 हजार वोट लिए थे और वर्ष 2022 में भाजपा टिकट पर 24 हजार से अधिक वोट लिए थे हालांकि उक्त दोनों चुनावों में राकेश चौधरी को हार का मुंह देखना पड़ा था। उन्होंने कहा कि राकेश चौधरी का जनाधार है और पूरे ओबीसी समुदाय का साथ उनके पास है। यदि कांग्रेस राकेश चौधरी को टिकट नहीं देती है तो लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस को नुकसान झेलना पड़ सकता है।

# सीएम जनता को बताएं क्यों जमा नहीं करवाया सीयू का फंड: सुधीर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने एक बार फिर सीएम सुक्खू पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू शायद नौ मई को धर्मशाला आ रहे हैं। सुधीर शर्मा ने कहा कि यह अच्छी बात है कि प्रदेश का सीएम उस विधानसभा क्षेत्र में आ रहा है, जिसके विकास को पिछले डेढ़ साल से ग्रहण लगा हुआ है।

उन्होंने सीएम से आग्राह किया है कि सीएम धर्मशाला आएं तो लोगों को जरूर बता कर जाएं कि सीयू के 30 करोड़ क्यों जमा नहीं करवाए। उन्होंने सीएम से सवाल किया कि क्या धर्मशाला के बच्चों को घर-द्वार शिक्षा नहीं मिल सकती। सुधीर शर्मा ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पिछले डेढ साल से राजनीतिक रंजिश के चलते धर्मशाला से भेदभाव किया है, जिसका खामियाजा मतदान से पहले ही कांग्रेस को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ऐसी हालत हो गई है कि उसे चुनाव में उतारने के लिए कोई नेता ही नहीं मिल रहा है। इससे साफ जाहिर है कि चुनाव से पहले ही कांग्रेस नेताओं ने हार मान ली है और रही-सही कसर जनता पूरी कर देगी। उन्होंने कहा कि पहले तो गारंटी के नाम पर लोगों को ठग लिया, लेकिन वहीं गारंटियां अब सत्ता से बेदखल भी करेंगी।

## नगरोटा बगवां में शांति यज्ञ कल

**नगरोटा बगवां।** ब्राह्मण सभा नगरोटा बगवां द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी भगवान परशुराम जी का प्रकटोत्सव 10 मई को गुरु दत्तात्रेय मंदिर वार्ड नं. तीन नगरोटा बगवां में धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी आयोजन समिति के संयोजक कुलदीप शर्मा तथा पवन शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि 10 मई को सुबह 10 बजे जन कल्याण हेतु शांति यज्ञ का आयोजन किया जाएगा तथा उसके उपरांत सभा की बैठक होगी जिसमें महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। कार्यक्रम में सभा के वरिष्ठ सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा तथा भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

# भाषण प्रतियोगिता में स्मृति प्रथम

अनंत ज्ञान, डरोह



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अटियालादाई में रेडक्रॉस दिवस जूनियर रेडक्रॉस यूनिट द्वारा मनाया गया। सबसे पहले जेआरसी के विद्यार्थी सदस्यों को रेडक्रॉस की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम अधिकारी रोजी शर्मा ने बच्चों को रेडक्रॉस दिवस के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर जूनियर व सीनियर स्तर पर भाषण प्रतियोगिता व पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

भाषण प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में स्मृति प्रथम, प्रियांशी द्वितीय, रिद्धि तृतीय रही तथा सीनियर वर्ग में मुस्कान प्रथम, वंशिका द्वितीय व शिल्पा तृतीय रही। पोस्टर मेंकिंग में जूनियर वर्ग में मानवी प्रथम, परिधि द्वितीय तथा आदित्य तृतीय स्थान पर रहा। सीनियर वर्ग में श्वेता प्रथम, सुरभि द्वितीय व पायल और प्राची तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर स्कूल के उपप्रधानाचार्य सरदूल परमार द्वारा विद्यार्थियों को रेडक्रॉस के उद्देश्यों को दैनिक व्यवहारिक जीवन में उतारने की प्रेरणा दी गई तथा विजेता अभ्यर्थियों को पुरस्कृत किया गया।

इस मौके पर विनोद कुमार, विवेक सूद, विजय शर्मा, विकास शर्मा, नीरज, सुभाष राणा, अनिल कुमार, पूजा, राजेश, बिंता, सुशील, विनोद, आयुषी, प्रिया आदि उपस्थित रहे।

# डॉ. हनीश फोर्टिस ट्रॉमा विभाग में देंगे सेवाएं

आशीष दमीर, कांगड़ा



फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा में पत्रकार वार्ता करते डॉ. हनीश ठाकुर व अन्य।

- डीएम की डिग्री के साथ पीजीआई का है अनुभव

फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा जो कि एनएबीएच प्रमाणित प्रदेश का पहला मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल है, जहां पर एम्स दिल्ली एवं पीजीआई चंडीगढ़ से बेहतरीन अनुभव प्राप्त स्पेशलिस्ट अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

इसी फेहरिस्त में डीएम की डिग्री के साथ-साथ पीजीआई चंडीगढ़ से अनुभव प्राप्त डॉ. हनीश ठाकुर ने फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा में अपनी सेवाएं आरंभ कर दी हैं। फोर्टिस कांगड़ा, जहां हार्ट, किडनी, कैंसर, ऑर्थो, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, प्रसूति एवं स्त्री रोग, नवजात एवं बाल रोग, सर्जरी, ईएनटी, जनरल मेडिसिन के साथ-साथ क्रिटिकल एवं ट्रॉमा केयर में तीन स्पेशलिस्ट अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। क्रिटिकल केयर एवं ट्रॉमा विभाग में डॉ. उदय अवस्थी, डॉ. किरनदीप कौर के साथ-साथ अब डॉ. हनिश ठाकुर ने अस्पताल में अपनी सेवाएं आरंभ कर दी हैं। प्रेस कांफ्रेंस में डॉ. हनिश ठाकुर ने कहा कि अस्पताल में जनरल एनेस्थिसिया, मोनिटर्ड एनेस्थिसिया केयर, रिजनल एनेस्थिसिया, क्रिटिकल केयर मेडिसिन, पेन मेडिसिन एवं प्रिऑपरेटिव मेडिसिन सेवाएं उपलब्ध हैं। फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा अपनी विश्वस्तरीय उपचार सेवाओं के लिए जाना जाता है और यहां हर सुविधा उपलब्ध है। फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा के मैनेजमेंट रिप्रेजेंटेटिव दीपक लट्ठ ने कहा कि फोर्टिस कांगड़ा का एकमात्र लक्ष्य कम पैसों में बेहतरीन सेवाएं प्रदान करना है।

उन्होंने कहा कि अस्पताल में हिमकेयर के तहत हर सुविधा निशुल्क उपलब्ध है, जिसका लाभ सभी वर्ग के मरीज उठा रहे हैं। इस अवसर पर फोर्टिस कांगड़ा के डायरेक्टर अमन सोलोमन, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. सतीश शर्मा एवं आउटरिच विभाग शेखर कोहली उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा में लगाया कैंपस प्लेसमेंट कैंप

अनंत ज्ञान। कांगड़ा



एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा में बुधवार को स्किल लैब मोहाली के सहयोग से कैंपस प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में पांच कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इनमें ईंडसइंड बैंक, मुथू फाइनेंस, एटीएस, स्किल लैब मोहाली और टैली परफॉर्मेंस शामिल रहीं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया।

इस कैंप में बीए, बीएससी, बीसीए, बीकॉम कक्षाओं के अंतिम वर्ष के छात्रों और एमकॉम, एमबीए तथा अन्य स्नातकोत्तर कक्षाओं के अंतिम सत्र के लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं के दस्तावेजों की जांच पड़ताल की गई।

इसके बाद प्रतिनिधियों ने कहा कि जिन छात्र-छात्राओं का चयन किया जाएगा उन्हें ई-मेल के माध्यम से सूचित कर दिया जाएगा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने कहा कि महाविद्यालय में भविष्य में भी इस तरह के कैंपस प्लेसमेंट कैंप का आयोजन लगातार किया जाएगा।

# मतदान के लिए जागरूक किए वोटर्स

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां



नगरोटा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद लोग।

नगरोटा के 106 पोलिंग स्टेशनों में एक साथ एकदिवसीय वोटर जागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया गया। विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य पर बुधवार को नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले सभी 106 पोलिंग स्टेशनों पर इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब, रेड रिबन क्लब, इको क्लब,महिला मंडलों, युवक मंडलों इत्यादि के सहयोग से नारा लेखन, पेंटिंग, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली, बाल संसद, खेल प्रतियोगिता, पौधरोपण, वोटर जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक मतदान शपथ, प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथ लेवल अधिकारी, सुपरवाइजर ने इन कार्यक्रमों के समन्वयक के रूप में अपनी भूमिका निभाई।

सहायक निर्वाचन अधिकारी मुनीश शर्मा ने भी 15 नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के 7 पोलिंग स्टेशनों में इन कार्यक्रमों में भाग लिया और सभी से पहली जून को बढ़-चढ़कर मतदान करने का आह्वान किया। इन कार्यक्रमों में प्रदीप कुमार स्वीप नोडल अधिकारी और इलेक्शन कानूनगो रामा ने लगभग 6000 मतदाताओं को इस कार्यक्रम से जोड़कर इस महाअभियान को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

**आरोप** धर्मशाला में प्रेस वार्ता के दौरान ठियोग के विधायक व पूर्व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने खोला मोर्चा

# मुद्दों से भटकाने का प्रयास कर रही भाजपा: कुलदीप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला



धर्मशाला में प्रेस वार्ता करते हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप राठौर व डॉ. राजेश शर्मा।

- कहा- वीजेपी राम मंदिर पर राजनीति कर रही
- कांग्रेस सरकार को गिराने का प्रयास निंदनीय

भाजपा ने पहले की गारंटियां पूरी नहीं की, तो आगामी घोषणा पत्र की गारंटियां पूरी होंगी कि नहीं, इसकी गांरटी कौन लेगा। भाजपा पार्टी आगामी चुनावों को लेकर देश के मुद्दों पर चर्चा नहीं कर रही है। बेरोजगारी, मंहगाई और अर्थव्यवस्था पर भाजपा के पास लोगों के सवालों के जवाब नहीं है इसलिए भाजपा देश की जनता को मुद्दों से भटकाने का प्रयास कर रही है। पुलवामा में हुए हमले की जांच आज तक नहीं हो पाई और न ही भाजपा उस हादसे के बारे में चर्चा करती है। यह बात धर्मशाला में आयोजित प्रेस वार्ता में ठियोग के विधायक एवं हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप राठौर ने कही। उन्होंने कहा कि आज देश के हालत खराब हैं, देश में सांप्रदायिक धुव्रीकरण को माहौल बनाया जा रहा है। देश में बने राम मंदिर से देश के लोग खुश हैं, लेकिन भाजपा मंदिर निर्माण पर राजनीति कर रही है। भाजपा ने पूर्व में की गारंटियां पूरी नहीं की और मौजूदा घोषणा पत्र की गारंटियां पूरी होंगी, इसकी गांरटी कौन लेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में आने के लिए किसी भी हद तक गिर सकती है। जनता द्वारा चुनी हुई सरकारों को गिराने में भाजपा हमेशा तैयारी रहती है और ऐसा ही उन्होंने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार को गिराने का प्रयास किया जोकि निंदनीय है। राठौर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की चार लोकसभा और छह उपचुनाव सीटें कांग्रेस जीतेगी। पूरे देश में कांग्रेस की लहर है और लोगों ने देश में अब सत्ता परिवर्तन का मन बना लिया है। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा भी मौजूद रहे।

# अधिकारी शराब के स्टॉक और परिवहन का पूरा रिकॉर्ड करें मेंटेन : डॉ. कुंदन

## बैठक के दौरान वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी डॉ. कुंदन यादव ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

लोकसभा आम चुनाव-2024 और विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर संसदीय क्षेत्र 3-हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले 17 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा व्यय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किए गए वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी डॉ. कुंदन यादव ने बुधवार को यहां हमीर भवन में निर्वाचन प्रबंधों से संबंधित जिला के वरिष्ठ अधिकारियों, जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के उड़न दस्तों, स्टैटिक सर्विलांस टीमों, वीडियो सर्विलांस टीमों तथा अकाउंटिंग टीमों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक करके आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

डॉ. कुंदन यादव ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक संपन्न करवाने, आदर्श आचार संहिता की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित करने तथा इस अवधि के दौरान धन और बाहुबल का प्रयोग रोकने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की कड़ी नजर रहती है। इसी के मद्देनजर व्यय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जाती है तथा प्रत्येक जिला और विधानसभा क्षेत्र स्तर पर अलग-अलग टीमें तैनात की जाती हैं। उन्होंने बताया कि इन सभी टीमों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने बहुत ही स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सभी टीमों के नोडल अधिकारियों एवं सदस्यों को इन दिशा-निर्देशों का अध्ययन करना चाहिए तथा फील्ड में इन्हीं के अनुसार त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। इसमें किसी भी तरह की कोताही या विलंब होने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है। व्यय पर्यवेक्षक ने स्टैटिक सर्विलांस टीमों के अधिकारियों से कहा कि वे सभी वाहनों की चैकिंग करके इनका ब्यौरा रजिस्टर में अवश्य दर्ज करें। उन्होंने राज्य कर एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे शराब के स्टॉक और परिवहन का भी पूरा रिकॉर्ड मेंटेन करें तथा शराब की गाड़ियों की मूवमेंट पर नजर रखें। बैंकों के नोडल अधिकारी भी संदिग्ध लेन-देन की रिपोर्ट प्रेषित करें। उपहारों और अन्य सामग्री के वितरण पर भी नजर रखें। बैठक में उपायुक्त अमरजीत सिंह ने जिला में व्यय निगरानी से संबंधित विभिन्न प्रबंधों से अवगत करवाया तथा सभी नोडल अधिकारियों को व्यय पर्यवेक्षक द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी पदम चंद, एडीसी मनेश यादव और अन्य अधिकारियों ने भी विभिन्न प्रबंधों की जानकारी दी।

### कोई शंका हो, तो वरिष्ठ अधिकारियों से करें संपर्क

**डॉ.** कुंदन यादव ने कहा कि आने वाले दिनों में चुनाव प्रचार गति पकड़ेगा और इस दौरान रैलियों एवं चुनावी जुलूसों के आयोजन के साथ-साथ स्टार प्रचारकों की आवाजाही भी बढ़ेगी। इन आयोजनों के दौरान आदर्श आचार संहिता की अनुपालना और उम्मीदवारों के चुनावी खर्च की सही गणना सुनिश्चित करने के लिए सभी टीमें पूरी तरह तैयार रहें। अगर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों को लेकर कोई शंका है तो वे वरिष्ठ अधिकारियों या व्यय पर्यवेक्षक से भी संपर्क कर सकते हैं।

## नौकरी दिलाने के बहाने लाखों रुपए ठगने के दोषियों को तीन साल का कारावास

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

एलडी न्यायिक मजिस्ट्रेट शैविक घई प्रथम श्रेणी कोर्ट नंबर-30 हमीरपुर ने आरोपी कृष्ण चंद शर्मा पुत्र स्व. स्वामी राम निवासी मसियाना और सलमिया शर्मा पुत्री सुरेश कुमार निवासी धनेटा को धोखाधड़ी के मामले में आईपीसी की धारा 420, 120बी के तहत दोषी करार दिया है।

मामले का संक्षिप्त तथ्य यह है कि दिनांक 30.07.013 को स्थान हमीरपुर, आरोपी व्यक्तियों ने शिकायतकर्ताओं को नौकरी दिलाने के लिए बेईमानी से 70,000 रुपए, 4,00,000 2,55,000, 3,70,000, 2,92,000 क्रमशः 2,92,500 रुपए ठग लिए । यह मामला पुलिस थाना हमीरपुर में 30.07.2013 धारा 420, 120 बी आईपीसी के तहत दर्ज किया गया था। विभिन्न धाराओं के तहत जांच पूरी होने के बाद पुलिस द्वारा एलडी मजिस्ट्रेट के समक्ष आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया है।

मामले की सुनवाई एलडी सहायक लोक न्यायवादी रितिका तेज्टा द्वारा की गई थी। मुकदमे के दौरान आरोपी व्यक्ति के खिलाफ आरोप साबित करने के लिए अभियोजन पक्ष द्वारा 17 गवाहों की जांच की गई। वहीं, आईपीसी की धारा 420 के तहत तीन वर्ष का कठोर कारावास और 8000 जुर्माना और जुर्माना अदा न करने पर प्रत्येक को एक माह का साधारण कारावास।

## न्यूज ब्रीफ

### शिवा ने जैवलिन थ्रो में गोल्ड जीता

**बिझड़ी।** हिमाचल प्रदेश राज्य स्तरीय आईटीआई एथलेटिक्स एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थान चंबा में हुआ। जिसमें चमन आईटीआई बीहडू के फिटर ट्रेड के छात्र शिवा ने जैवलिन थ्रो में गोल्ड व डिस्कस थ्रो में रजत पदक हासिल करके संस्थान का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर चमन आईटीआई के निदेशक एडवोकेट कमल नयन शर्मा सहित स्टाफ ने छात्र की इस उपलब्धि पर उसके माता-पिता और उसे बधाई दी। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान डायरेक्टर कमल नयन शर्मा ने कहा कि संस्थान के छात्र की इस उपलब्धि से जहां संस्थान का नाम रोशन हुआ है वही हमारे क्षेत्र के लिए बड़े गर्व की बात है।

### लोअर हड़ेटा स्कूल का परिणाम सराहनीय

**गलोड़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लोअर हड़ेटा का दसवीं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। इस पाठशाला की राधिका शर्मा ने 649 अंक प्राप्त कर प्रथम गौरी ने 635 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान, ज्योति देवी ने 624 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने छात्रों सहित स्कूल के समस्त स्टाफ और सभी अभिभावकों को बधाई प्रेषित की है स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार ने भी इस पाठशाला की इस सफलता का श्रेय प्रधानाचार्य अशोक कुमार के कुशल नेतृत्व और छात्रों की कड़ी मेहनत को दिया है स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि पिछले कुछ सालों से स्कूल के परीक्षा परिणाम बेहतरीन दिशा की ओर बढ़ रहे हैं और नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि आज जो सरकार की तरफ से सरकारी स्कूलों में सुविधा सरकार द्वारा प्रदान की जा रही हैं। लोग उसका फायदा उठाएं और अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिल करवाए।

### बेटियों ने रोशन किया स्कूल का नाम



**सुजानपुर।** हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परिणाम में महाराजा संसार चंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुजानपुर का 10 वीं का परीक्षा परिणाम 98 रहा। स्कूल स्टूडेंट श्रेया ने 685 अंक लेकर प्रथम स्थान, साक्षी ने 684, अंकिता देवी ने 684, हिमांशी ने 684 अंक लेकर दूसरा स्थान , वंशिका ने 681 अंक लेकर तीसरा स्थान ,इशिता जसवाल ने 673 अंक लेकर चौथा स्थान ,अदिति मेहरा ने 668, मन्नत ने 668 अंक लेकर पांचवा आर्यन शर्मा ने 665 अंक लेकर छठा स्थान ,विशाल कुमार ने 661अंक लेकर सातवां ,गीतिका धीमान ने 660 अंक लेकर आठवां स्थान , शीतल ने 649 अंक लेकर नवम और दीक्षा ने 647 अंक लेकर दसवां स्थान प्राप्त किया। प्रिंसिपल रीना शर्मा और स्कूल प्रबंधन समिति ने सभी विद्यार्थियों उनके अभिभावकों और सभी अध्यापकों और बच्चों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम की बधाई दी।

### बड़ा के धंगड़ में भागवत कथा 12 मई से

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के धंगड़ में 12 मई से 19 मई तक भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित अभिषेक सारस्वत नोहँगी वाले भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का व्याख्यान करेंगे। कमेटी के सदस्य रघुनन्दन कोंडल ने बताया कि 12 मई को कलश यात्रा निकाल कर भागवत कथा का शुभारम्भ किया जाएगा। 19 मई को भागवत कथा की पूर्ण आहुति डाली जाएगी एवम रात को महामाई का विशाल जागरण होगा।20 मई को विशाल भण्डारा आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर आज गाँवासियों द्वारा भागवत पंडाल की सफाई की एवम पंडाल को सजाने. के लिए कार्य शुरू कर दिया गया हैं।

### 80 वर्ष से अधिक पेंशनर्स सम्मानित किए



**बिझड़ी।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ बिझड़ी खंड इकाई की बैठक बुधवार को खंड प्रधान नरेंद्र सिंह बन्याल की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसका संचालन खंड महासचिव तोता राम जंजुआ ने किया। बैठक में उपस्थित सदस्यों को खंड इकाई में चल रही गतिविधियों से अवगत करवाया गया व बैठकों में पेंशनरों की उत्साहजनक उपस्थिति के लिए सभी का आभार जताया। बैठक में भाग लेने वालों में जिला प्रधान केसी गौतम, महासचिव शंभू राम जसवाल, खंड प्रधान नरेंद्र बन्याल, संरक्षक परस राम ठाकुर, सुखदेव धीमान, रविदत्त शर्मा, जगन्नाथ धीमान, बाल कृष्ण जस्वाल, अजीत सिंह चौधरी, चांगरा आदि प्रमुख रहे। पेंशनरों की लंबित मांगों एवं समस्याओं पर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने पेंशन संशोधन की बकाया राशि की दूसरी किस्त का भुगतान मिलने पर सरकार का धन्यवाद किया गया व आग्रह किया गया कि पेंशनरों को मिलने वाले सभी देय आर्थिक लाभ मुख्यतः पहली जनवरी, 2016 से जनवरी, 2022 के बीच सेवानिवृत्त पेंशनरों को ग्रेच्युटी, लीव-एनकैशमेंट, कम्युनिकेशन की संशोधित बकाया राशि का भुगतान भी एकमुश्त दिए जाएं। वक्ताओं द्वारा महंगाई भत्ता की देय तीन किस्तें भी जारी करने अतिरिक्त बजट स्वीकृत करने की मांग की। बैठक में 80 वर्ष आयु वर्ग के पेंशनरों जिनमें बलवीर सिंह, देव राज शास्त्री, अर्जुन सिंह, सरवन सिंह, रिखी राम, हरी चन्द, जगन्नाथ, भगवान दास, प्रेम दास, देश राज को पदाधिकारियों द्वारा शाल व हार पहनाकर सम्मानित किया गया व उनकी दीर्घायु की कामना की गई। जो वरिष्ठ पेंशनर बैठक में न आ सके उन्हें घर जाकर सम्मानित करेंगे।

### प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना बनी सहारा

**बिझड़ी।** जजरी के पंकज कुमार की मृत्यु के बाद प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा उनके परिवार का सहारा बनी है। हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की रैली जजरी शाखा के प्रबंधक करम चंद ने पंकज की मौत के बाद माता सरोती देवी को दो लाख रुपए की क्लेम राशि का चेक सौंपा है। जानकारी के अनुसार पंकज की बीमारी के चलते अकस्मात मृत्यु हो गई थी। पंकज ने ग्रामीण बैंक की शाखा रैली जजरी से अपने खाते में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत बीमा करवाया हुआ था। पंकज की मौत के बाद पारिवारिक सदस्यों ने बैंक प्रबंधक से संपर्क किया। बैंक प्रबंधन ने कागजी प्रक्रिया निपटाने के बाद पंकज की माता सरोती देवी को दो लाख रुपए का चेक सौंप दिया गया।

## एक दर्जन परिवारों ने कांग्रेस छोड़कर थामा भाजपा का दामन

**बिझड़ी।** विधानसभा उपचुनाव प्रचार के दौरान बुधवार को नेरी गांव के तकरीबन एक दर्जन परिवारों ने भाजपा प्रत्याशी इंद्र दत लखनपाल की उपस्थित में कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा लिया है। चुनावों के नजदीक कांग्रेस पार्टी छोड़कर जाना कहीं न कहीं नुकसानदायक सिद्ध होगा। शुरू शुरू में जब इंद्रदत लखनपाल भाजपा का टिकट लेकर आए थे उस समय बड़सर विधानसभा क्षेत्र में लोगों का उनके प्रति गुस्सा भी देखने को मिल रहा था परंतु जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं लखनपाल की वोटरों और अपने स्पोर्टरों के बीच पकड़ मजबूत होती जा रही है। जिससे कि कांग्रेस के लिए खतरा साबित हो सकता है भाजपा ज्वाइन करने वालों में बीडीसी पवन कुमार, बाल कृष्ण, सुनील दत अशोक, प्रोमिला लता कुमारी रोशन लाल, महादेव, सरस्वती देवी, संतोष कुमारी, सरोति देवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी की देशहित की विचारधारा को अपनाते हुए इस बार भाजपा को शानदार जीत दिलवाने का संकल्प लिया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष यशवीर पटियाल जौडे अम्ब प्रधान रजनी पीला, उप प्रधान रमन, सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## एनएच निर्माण कंपनी की लापरवाही से लोगों को होने लगी सांस की बीमारी

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**

हमीरपुर अवाहदेवी सरकाघाट पाड़छु राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में लगी एनएच निर्माण कंपनी की लापरवाही से लोग अब सांस को बीमारी से घिरने लगे हैं।

लोग सांस की बीमारी से पीड़ित पाए गए हैं जो अस्तपाल में इलाज करवाने के लिए आ रहे हैं। गत दो वर्षों से निर्माण कार्य में जुटी कंपनी के खिलाफ लोगों में खासा रोष है और विरोध के बावजूद भी कंपनी अपने कार्य लगी है। चाहे लापरवाही के मामले कंपनी के खिलाफ हिमाचल विधानसभा में गूंजे हो या फिर लोगों ने कंपनी को कोर्ट कचहरियों में घसीटा हो लेकिन कंपनी गहरी नींद से नहीं जागी है। हालत यह है कि इन दिनों दरकोटी, टौणी देवी, बारीं मंदिर, कोल्हू सिद्ध, झनिक्कर, बराड़ा, पंजोत में निर्माण कंपनी मनमर्जी से पानी का छिड़काव कर रही है।

पूर्व प्रधान देशराज, संसार चंद, रविंद्र कतना सुनील शीलू , जय राज, हरबंस, भूमि राज, देश राज रेखा देवी, रीना, कमला इत्यादि का कहना है कि पानी का छिड़काव न होने से धूल मिट्टी इनके घरों तक पहुंच गई है। दुकानदारों को फल सब्जी और मिठाइयां बेचना मुश्किल हो गया है।



### बढ़ने लगे मरीज

**बीएमओ** टौणी देवी डॉक्टर अबनीत शर्मा का कहना है कि निर्माणाधीन एनएच से उड़ने वाली धूल मिट्टी सांस की बीमारियां पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि सांस के रोगियों की ओपीडी में उपस्थिति दर्ज हो रही है।

### और करेंगे पानी का छिड़काव

**वहीं,** एनएच निर्माण कंपनी के सुपरवाइजर श्रीकांत के मुताबिक दिन में तीन बार पानी छिड़काव सुनिश्चित किया जा रहा है। पानी के और टैंकरों को पानी छिड़काव के लिए लाया जाएगा।

## डुंगरी में एनसीसी कैडेट्स को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जवाहर नवोदय विद्यालय डुंगरी में 4 एच पी (आई) एनसीसी कंपनी हमीरपुर की ओर से हिमाचल प्रदेश के एनसीसी प्रमुख ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर रोबिन ने दौरा किया और कैडेट्स ने उनके पधारने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया।



इसके पश्चात में चल रही गतिविधियों का निरीक्षण किया और कैडेटों को संबोधित करते हुए एनसीसी के लाभ, सफलता के मूल- मंत्र, भारतीय सेना में भविष्य देखने की प्रेरणा दी और अपने आप को सक्षम बनाकर भविष्य के भारत को अपने सुरक्षित हाथों में संभालने के लिए प्रोत्साहित किया। इस शिविर का संचालन कमांडिंग ऑफिसर 4 एच पी (आई) एनसीसी हमीरपुर कर्नल एसएस रावत के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में हो रहा है। इसमें सीनियर जेसीओ शशि पाल चार अन्य जेसीओ 11 एनसीओ, विभिन्न स्कूलों से आए हुए 6 एएनओ ,एक गर्ल कैडेट इंस्ट्रक्टर 608 कैडेटों को प्रशिक्षण दे रहे हैं जिनमें 548 जेडी जे डब्ल्यू और 60 एसडी एसडब्ल्यू शामिल हैं।

## नादौन में 51 रक्तदानियों ने किया रक्तदान

**नादौन।** मिनी सचिवालय नादौन में रेडक्रास दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । जिसकी अध्यक्षता रेडक्रॉस नादौन व एसडीएम नादौन अपराजिता चंदेल ने किया। इस अवसर पर अपराजिता चंदेल ने कहा कि रक्तदान महादान होता है । रक्तदान करने से किसी का कोई नुकसान नहीं होता अपितु किसी की जान वचाई जा सकती है। इसलिए रक्तदान शिविरों में बढ़चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस शिविर में रक्तदानियों ने बढ़ चढ़ कर रक्तदान किया। रेडक्रॉस नादौन व इंकलाब संस्था के सौजन्य से आयोजित इस कैम्प का शुभारंभ तहसीलदार नादौन रोहित कंवर व तहसीलदार हसन ने किया,इस मौके पर उनके साथ खंड विकास अधिकारी निशांत शर्मा भी मौजूद रहे।

## लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक

**भरेड़ी।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र के समीरपुर में बुधवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी भोरंज कुलवंत सिंह ने राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला समीरपुर में आभिभावकों व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान में चुनावी प्रकिया में भाग लेने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को वोट देने का अधिकारी दिया गया है, लेकिन इसके लिए व्यक्ति के कर्तव्य भी निहित किए गए हैं। इसलिए लोकतांत्रिक प्रणाली को सफल बनाने के लिए अधिकार और कर्तव्य दोनों एक साथ हैं। उन्होंने कहा कि सफल चुनावी प्रकिया के लिए अधिक से अधिक मतदान का होना अति आवश्यक है, लेकिन पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में लोगों ने वोट करने में अपनी उदासीनता दिखाई है। इससे भोरंज विधानसभा क्षेत्र के 10 बूथों की बजह से मत प्रतिशता गिरी है लेकिन इस बार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत हर गांव में कार्यक्रम किए जा रहे हैं और स्वीप टीम इसमें सक्रियता से कार्य करके लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रही है।



नादौन। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बदारन में स्टूडेंट्स को अकाउंटेंसी, विजनेस स्टडीज की किताबें तथा वर्क बुक्स वितरित की गई। यह जानकारी देते हुए प्रवक्ता यशपाल शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि 30 स्टूडेंट्स को अकाउंटेंसी विजनेस स्टडीज की किताबें तथा वर्क बुक्स वितरित की गई।

## बड़ा स्कूल का परीक्षा परिणाम 92.31 प्रतिशत रहा

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के दुर्गा सिंह स्मारक सीसे स्कूल बड़ा का दसवीं का परीक्षा परिणाम 92.31 प्रतिशत रहा। स्कूल की प्रिंसिपल अंजना कौंडल ने बताया कि स्कूल के कुल 52 बच्चों में से 10 बच्चों के 600 से ऊपर अंक आए हैं। इन बच्चों को एसेंबली के दौरान मंच पर बुला कर सम्मानित किया गया। स्कूल प्रशासन ने इन बच्चों एवं इनके माता-पिता को बधाई दी।

## डीएवी में रेडक्रॉस डे पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन



**नादौन।** डीएवी भड़ोली स्कूल के छात्रों के लिए रेडक्रॉस डे के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने बताया कि यह दिवस 8 मई को हेनरी डुनेंट की जयंती पर मनाया जाता है, जो रेडक्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति के संस्थापक थे। उन्होंने अपना सारा जीवन मानवता के लिए समर्पित कर दिया। इस विशेष अवसर पर पोस्टर मेकिंग तथा भाषण गतिविधि का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने इन प्रतियोगिताओं में विशेष स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

## भोरंज और नादौन में कुल 78 यूनिट रक्त एकत्रित किया




**हमीरपुर।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने बुधवार को भोरंज और नादौन में स्थानीय प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय वालंटियर्स के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किए। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं हमीरपुर के उपायुक्त अमरजीत सिंह के निर्देशानुसार आयोजित इन शिविरों के दौरान कुल 78 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। भोरंज में एसडीएम संजय स्वरूप ने शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर रक्तदान के साथ-साथ भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 'स्वीप' के तहत लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए भी प्रेरित किया गया। शिविर में लगभग 30 लोगों ने रक्तदान किया। उधर, नादौन में भी एसडीएम अपराजिता चंदेल ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। इंकलाब संस्था और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित इस शिविर में लगभग 48 लोगों ने रक्तदान किया।

## हमीरपुर सीनियर क्रिकेट टीम का ट्रायल 12 मई को

**नादौन।** जिला स्तरीय वरिष्ठ वर्ग क्रिकेट टीम के संभावित खिलाड़ियों के चयन हेतु आगामी ट्रायल का आयोजन 12 मई को किया जा रहा है। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया ने बताया कि नादौन क्रिकेट स्टेडियम में 12 मई रविवार को सुबह 10 बजे से यह ट्रायल आरंभ होगा। उन्होंने खिलाड़ियों से आग्रह किया है कि वे ट्रायल देने के लिए अपनी पूरी किट में आए तथा 10 बजे से पहले मैदान में पहुंचे।

## टॉपर रिद्धिमा को चांदी का सिक्का देकर किया सम्मानित

**नादौन।** राजकीय कन्या स्कूल नादौन की दसवीं की परीक्षा में प्रदेश की टॉपर रिद्धिमा शर्मा जिसने 700 में से 699 अंक लिए हैं को इस उपलब्धि के लिए स्कूल की प्रिंसीपल मंजू रानी ने चांदी का सिक्का देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रिद्धिमा के पिता अश्वनी कुमार भी उपस्थित थे। प्रिंसिपल ने उन दो अन्य छात्राओं अनन्य जिसने 691 अंक लेकर टॉप टेन मेरिट सूची में 9वां स्थान हासिल किया है तथा दूसरी छात्रा मन्नत जिसने मेरिट सूची में दसवां स्थान पर जगह बनाई है को भी चांदी का एक एक सिक्का देकर सम्मानित किया है। प्रिंसिपल ने कहा कि इन बच्चियों ने न केवल अपने माता पिता अपितु स्कूल का नाम रोशन किया है । उन्होंने बताया कि स्कूल का परिणाम शानदार रहा है 25 स्टूडेंट्स ने 600 से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

## 695 लाइसेंसधारकों ने अभी तक जमा नहीं करवाए हथियार

**हमीरपुर।** जिला में लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव को लेकर अधिसूचना जारी होने के बाद ही प्रशासन ने चुनावों से संबंधित तैयारियां शुरू कर दी थी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदर्श आचार संहिता के चलते किसी भी व्यक्ति को हथियार लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था, वहीं जिला के संबंधित थाना क्षेत्रों में लाइसेंसधारकों से अपने लाईसेंसी हथियार जमा करवाने के निर्देश भी दिए थे। गौर रहे कि जिला हमीरपुर में कुल 6436 लाइसेंसधारकों के पास हथियार हैं जिन्हें संबंधित थाना क्षेत्र में जमा करवाने हैं। अभी तक जिला के विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 5741 लाइसेंसधारकों ने अपने हथियार जमा करवा दिए हैं जबकि जिला में अभी 695 लाइसेंसधारक ऐसे हैं जिन्होंने अपने हथियार जमा नहीं करवाए हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा थाना प्रभारियों से भी अपील की थी अपने क्षेत्र में निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए लोगों को हथियार जमा करवाने के लिए जागरूक करें।

## गुड न्यूज — छात्रा खुशबू वर्मा ने 686 अंक लेकर किया स्कूल का नाम रोशन

# दसवीं के रिजल्ट में छाए ईस्ट प्वाइंट स्कूल के छात्र

**अनंत ज्ञान, जाहू**

ईस्ट प्वाइंट पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुलगवान में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा जिस पर स्कूल प्रबंधन ने बच्चों व उनके अभिभावकों को बधाई दी।




ईस्ट प्वाइंट पब्लिक स्कूल में होनहारों छात्रों को सम्मानित करने का दौर।

स्कूल की दसवीं कक्षा की खुशबू वर्मा ने 686 अंक लेकर प्रथम स्थान व आयुषी शर्मा और अभिनीत मिन्हास ने 685 अंक लेकर द्वितीय स्थान पर रहे व रमन कुमार और रिया शर्मा ने 677 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। स्कूल सुलगवान विद्यालय की प्रधानाचार्या रमन वर्मा ने कहा कि अध्यापकों व बच्चों के कठिन परिश्रम की वजह से स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा, जिसके लिए सभी बधाई के पात्र है। उन्होंने बताया अन्य सभी बच्चे 600 से अधिक अंक लेकर पास हुए हैं जिसमे रुचि कुमारी 668 अंक, तरुण ठाकुर 667 अंक, गार्गी ठाकुर 656 अंक, साक्षी 638 अंक लेकर उत्तीर्ण हुए हैं।

### अंशिका ने झटके 676 अंक





**बड़ा।** नादौन के एसडीएम पब्लिक स्कूल बड़ा के विद्यार्थी अंशिका ने 676 (97 प्रतिशत) ओर दिव्यांशु ने 671 (96 प्रतिशत) अंक प्राप्त करके स्कूल एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं। स्कूल के प्रिंसिपल राजिंद्र सिंह ने बताया कि इस वर्ष भी पिछले वर्षों की तरह एसडीएम स्कूल के विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के दसवीं के घोषित परिणामों में क्षेत्र के स्कूलों में पहले दो स्थान पर काबिज होकर इलाके में टॉप किया। पिछले वर्ष भी एसडीएम स्कूल की छात्राओं ने इलाके में पहले तीन स्थान पर कब्जा किया था।

## सीएम सुक्खू ने विधायकों को जलील करने में कोई कसर नहीं छोड़ी : राजेंद्र

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

पूर्व विधायक और सुजानपुर विधानसभा से उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने आज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब चुनावों में लुटिया डूबती देखकर खुद को हमीरपुर जिला का हितैषी साबित करने वाले मुख्यमंत्री सुक्खू के शासन में मित्रों को लूट की छूट मिली है। वहीं, बरसातों में सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की सड़कों की जो दशा खराब हुई थी, वह आज भी सुक्खू सरकार का मुंह चिढ़ा रही है।

उन्होंने कहा कि पहली जून को अपनी वोट की चोट से सुजानपुर की जनता सुक्खू सरकार को करारा सबक सिखाएगी क्योंकि यहां की जनता भली भांति जानती है कि मुख्यमंत्री ने सुजानपुर के विधायक और यहां की जनता को जलील करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

राजेंद्र राणा ने कहा कि वेंटिलेटर पर चल रही सुक्खू सरकार कि अब गिने चुने दिन रह गए हैं और देश व प्रदेश की जनता केंद्र और प्रदेश में भाजपा की मजबूत, ईमानदार और जन कल्याणकारी सरकार बनाने के लिए अपना वोट करेगी। राजेंद्र राणा ने कहा कि सुजानपुर की सड़कों के मरम्मत के लिए मंजूर पैसा भी सुक्खू सरकार ने वापस ले लिया और केंद्र के मोदी सरकार ने आपदा के समय जो हिमाचल में खुले दिल से सहायता राशि भेजी थी, उस पर भी मुख्यमंत्री ने कुंडली जमा कर प्रभावित लोगों के साथ अन्याय किया।

## न्यूज ब्रीफ

### व्यय पर्यवेक्षक मीनू सिंह बिष्ट ने संभाला कार्यभार

**ऊना।** ऊना जिले के गगरेट और कुटलैहड़ विधानसभा के उपचुनावों में मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय पर्यवेक्षक भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) की अधिकारी मीनू सिंह बिष्ट ने ऊना पहुंच कर मंगलवार 7 मई को अपना कार्यभार संभाल लिया है। मीनू सिंह बिष्ट 2011 बैच की आईआरएस अधिकारी हैं। जतिन लाल ने कहा कि उपचुनावों में व्यय से संबंधित किसी शिकायत अथवा सुझाव को लेकर कोई भी व्यक्ति व्यय पर्यवेक्षक मीनू सिंह बिष्ट के मोबाइल नंबर 9317644760 अथवा लैंडलाइन नंबर 01975-292371 पर उनसे संपर्क कर सकता है।

### कल बंद रहेगी बिजली की आपूर्ति

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के तहत 10 मई को ट्रांसफार्मर टैलीफोन एक्सचेंज बंगाणा की आवश्यक मरम्मत और रखरखाव के लिए उक्त ट्रांसफार्मर के अंतर्गत आने वाली जगह जैसे सेंट्रल बैंक बंगाणा (आधे बाजार) से लेकर आइस फैक्टरी, टोली खुई तक की बिजली आपूर्ति सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल बंगाणा के सहायक अभियंता ई. उदित सिंह ने सर्वसाधारण से सहयोग की अपील की है।

### बंगाणा में महाशिवपुराण कथा कल से

**बंगाणा।** बंगाणा स्थित गुग्गा जाहरवीर लाईली मंदिर के प्रांगण में शिव महापुराण कथा का आयोजन 10 से 18 मई तक किया जा रहा है। इस संबंधी जानकारी देते हुए राजेश कुमार ने बताया कि कथा वाचन प्रसिद्ध ब्रह्मनिष्ठ संत जितेंद्र मोहन करेंगे। 9 मई को कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसमें भजन संकीर्तन के साथ दिव्य यात्रा 9:30 बजे निकलेगी व कलश स्थापना 12 बजे की जाएगी। रोजाना कथा का समय सुबह 10.30 से 1.30 रहेगा। इसके उपरांत भंडारे की व्यवस्था भी रहेगी। जिन लोगों को आने-जाने की समस्या होगी, उनके लिए निशुल्क आने-जाने की व्यवस्था भी है।

### पंचायत प्रधान ने मेधावी छात्र किए सम्मानित



पंचायत प्रधान स्कूल के अध्यापकों और मेधावी छात्रों के साथ।

**हरोली।** उपमंडल हरोली के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सिंगा में दसवीं कक्षा में उत्तीर्ण रहे सभी विद्यार्थियों को पंचायत सिंगा के प्रधान गुरदेव सिंह उर्फ ज्ञानी बाबा की ओर से दसवीं कक्षा में रिया जो कि 700 में से ने 613 अंक लेकर पहले स्थान पर रही, को 1100 रुपए, दूसरे स्थान पर रहे वंश राणा को 700 रुपए व तीसरे स्थान पर रहे वंश कुमार को 500 रुपए प्रोत्साहित नकद राशि भेंट कर सम्मानित किया। स्कूल प्रधानचार्य राकेश कुमार ने बताया कि इस बार परीक्षा परिणाम 83.33 प्रतिशत रहा। वहीं, प्रधान ने कहा कि मेहनत का नतीजा हर समय अच्छा ही निकलता है । यह बातें हमारे छोटे भाई-बहनों व अन्य बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत हैं, जो कि आगामी वर्षों तक चलती रहेंगी । इस अवसर पर एसएमसी सदस्य होशियार सिंह, आशा देवी, कुलदीप सिंह, कमल सिंह, राकेश कुमार, रमा रानी, उषा कौंडल, गुरप्रीत कौर, निशा, प्रतिभा कुमारी, पंचायत चौकीदार मेहर सिंह पाढु सहित अन्य ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### गोंदपुर बनेहड़ा पाठशाला का परिणाम 85 प्रतिशत

**गोंदपुर बनेहड़ा।** उपमंडल बंगाणा के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा का दसवीं कक्षा का वार्षिक परिणाम बहुत सराहनीय रहा। मार्च 2024 की परीक्षा में 43 बच्चों ने परीक्षा दी थी, जिसमें 33 बच्चे उत्तीर्ण हुए और 6 विद्यार्थी फेल हुए और चार बच्चों को कंपार्टमेंट आई। वार्षिक परीक्षा परिणाम जिसमें सारिका 89 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम रही। अलीशा 88 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रही और कृष 86 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहा। प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने बताया कि हमारे पाठशाला की सभी बच्चों ने अच्छे अंकों के साथ दसवीं कक्षा उत्तीर्ण की है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने सभी अध्यापकों ओम राज, मनोज कालिया, सोनिका कालिया, जसविंद्र, अरविंद्र, राजीव कुमार डीपीई, राजीव कुमार बलराज, दीपक शास्त्री, मोनिका, कंचन, सूरवाला तथा अभिभावकों और बच्चों को बधाई दी। इतना अच्छा परिणाम अध्यापकों व बच्चों की कड़ी मेहनत के कारण ही संभव हो सका है।

### बंगाणा कॉलेज का नई दिल्ली की कंपनी से समझौता



अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय में एमओयू साइन के दौरान गणमान्य।

**बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में बंगाणा कॉलेज और आईडीपी एजुकेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इंटरनेशनल ट्रेड टॉवर, नई दिल्ली और कॉर्पोरेट कार्यालय एमजी रोड, गुड़गांव के मध्य एमओयू साइन हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच में निम्नलिखित उद्देश्यों को लेकर एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। इसमें संस्थान के छात्रों के बीच विदेशी शिक्षा और आईईएलटीएस परीक्षा को बढ़ावा, आपसी सहयोग और साथ मिलकर काम करने पर सहमति जताई है। इस अवसर पर आईडीपी एजुकेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के शाखा प्रमुख सीतांशु वशिष्ठ रणनीतिक गठबंधन में वरिष्ठ अमनदीप कौर, महाविद्यालय के उपप्राचार्य प्रो. रेखा शर्मा, प्रो. सिकंदर नेगी और प्रो. कमलेश मौजूद रहे।

# वास्तव गर्ग के शानदार प्रदर्शन से हमीरपुर ने जीता क्रिकेट मैच

## अंडर-19 प्रतियोगिता में पहली पारी में बढ़त के आधार पर पाई सफलता

**अनंत ज्ञान, ऊना**



अंडर-19 जिला स्तरीय प्रतियोगिता के तहत लीग मुकाबला चंबा और हमीरपुर के बीच में आरंभ हुआ। इसमें हमीरपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट खोकर 265 रन बनाए थे।

चंबा की टीम ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट खोकर 179 रन बनाए थे। हमीरपुर की टीम ने दूसरे दिन 7 विकेट खोकर 262 रन बनाए और पारी को घोषित कर दिया। वास्तव गर्ग ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 128 रन बनाए। गर्ग ने अपनी पूरी पारी में 22 चौके लगाए। अंशुल शर्मा ने 54, मयंक ने 27 रन, जबकि सात्विक ने 20 रन बनाए। चंबा के मयंक चौहान और आदित्य शर्मा ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया, जबकि लक्ष्य एक खिलाड़ी को ही आउट कर पाया। चंबा की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 3 विकेट खोकर 155 रन बनाए। इसमें अंश ने 36 रन और राहिल जुबेर ने 32 रन बनाए।

हमीरपुर के आर्यन वर्मा, पीयूष और ओम महादेव ने एक-एक विकेट लिया। मैच बिना किसी नतीजे से समाप्त हो गया लेकिन हमीरपुर की टीम ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर मैच में जीत दर्ज हो गई।

### कांगड़ा ने लाहौल-स्पीति की टीम को 10 विकेट से हराया

**ऊना।** जिला स्तरीय अंडर-19 लीग मुकाबले के तहत कांगड़ा का मुकाबला लाहौल-स्पीति से आरंभ हुआ था। इसमें कांगड़ा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट खोकर अपनी पहली पारी में 316 रन बनाए थे। लाहौल-स्पीति की टीम ने अपनी पहली पारी में निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए 10 विकेट खोकर मात्र 116 रन बनाए। कांगड़ा की टीम ने लाहौल-स्पीति को दूसरी पारी में फॉलोआन खेलने पर मजबूर कर दिया। दूसरी पारी में लाहौल-स्पीति ने 252 रन बनाए। इसमें उदय राजपूत ने 42, कबीर ने 29, राघव ने 61, श्लोक अवस्थी ने 32 रन बनाए, जबकि आर्यन शर्मा ने नाबाद 27 रन बनाए। कांगड़ा की ओर से सादिक ने 2 विकेट,जबकि आर्यन और आदित ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। कांगड़ा की टीम ने मैच को 10 विकेट से जीत दर्ज की। खेल प्रेमियों रमन सैनी, अनुराग दयाल पंकज पीटर, संदीप बेदी, नवीन शर्मा, सुनील शर्मा, संजीव पुरी ने खिलाड़ियों और कोच को जीत के लिए बधाई दी।

# दो नेताओं का मिलन बना लोगों में चर्चा का विषय



धार्मिक समारोह में उपस्थित वीरेंद्र कंवर और विवेक शर्मा विक्कू के अलावा अन्य

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

मंगलवार देर शाम को धुंदला पंचायत के जमासनी देवी मंदिर परिसर में धार्मिक समारोह आयोजित किया गया। इसमें माता भगवती जागरण का आयोजन किया गया था।

आयोजकों की ओर से इस कार्यक्रम में समस्त लोगों तथा स्थानीय नेताओं को भी आमंत्रित किया गया था। यह इत्तेफाक ही था कि इस कार्यक्रम में दो नेताओं का मिलन हो गया। यह ऐसा मिलन था कि वहां बैठी भीड़ भी कई तरह के कयास लगाने लग गई। कांग्रेस के नेता विवेक शर्मा विक्कू भी कार्यक्रम में आमंत्रित थे और उधर भाजपा के पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर भी पहुंच गए। दोनों का मंच पर अभिवादन भी हुआ। वीरेंद्र कंवर का इस क्षेत्र से टिकट काटा गया है, जिनको भाजपा का टिकट दिया गया है, वह देवेंद्र भुट्टो भी माता के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंच गए।

अभी तक वीरेंद्र कंवर ने भुट्टो के साथ कोई चुनावी मंच सांझा नहीं किया है। सोशल मीडिया पर भी इन तस्वीरों को खूब वायरल किया जा रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा विक्कू ने कहा की यह इत्तेफाक था।सामाजिक जीवन में ऐसी मुलाकातें होती रहती हैं।

# गर्भवती महिलाओं की आज की जाएगी जांच

**ऊना।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के दिशा निर्देशानुसार 9 मई को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की चिकित्सीय जांच के लिए शिविर लगाया जा रहा है। यह शिविर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन में लगाया जा रहा है। इस शिविर में डॉ. अंकिता चड्ढा द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच की जाएगी।

इस शिविर में लैब टेस्ट, खून का स्तर, मधुमेह, रक्तचाप व गर्भावस्था के दौरान खतरे के लक्षणों की जांच व पहचान की जाएगी तथा मुफ्त इलाज किया जाएगा। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत यह शिविर हर माह की 9 तारीख को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना व जिला के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व सिविल अस्पताल में लगाए जाते हैं। इस शिविर में जांच करवाने के लिए आशा गर्भवती महिलाओं को प्रोत्साहित करेगी व साथ ही उनको क्या-क्या सावधानियां बरतनी हैं, से अवगत करवाया जाएगा।

# निर्धन छात्राओं को वर्दी के लिए दिए 5 हजार

**ऊना।** योगदान एक पहल संस्था द्वारा गगरेट निवासी एक महिला को 4 हजार रुपए नकद, 3 महीने का राशन व गर्ल्स स्कूल को 5000 की राशि का सहयोग प्रदान किया। यह राशि स्कूल की निर्धन छात्राओं की वर्दी के लिए प्रदान की। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसीपल सुरेश शर्मा, वाइस प्रिंसीपल प्रेरणा शर्मा, संस्था की अध्यक्ष सुमन पुरी, उपाध्यक्ष मीना शर्मा, सचिव रोहित चंदेल, मयंक शर्मा, डॉ. मोनिका शर्मा, मंदीप सिंह, जैनी चंदेल व अन्य मौजूद थे।

योगदान एक पहल संस्था की अध्यक्ष सुमन पुरी ने कहा कि संस्था द्वारा अब तक अनेक विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए आर्थिक तौर पर सहयोग किया जा चुका है। स्कूल के विद्यार्थियों की सहायता की जाती है। इसके अलावा परिवारों की मदद की जा रही है। उन्होंने कहा कि संस्था का सामाजिक सरोकार का यह कार्य आगे भी जारी रहेगा।

# कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी आज भरेंगे नामांकन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, राज्य के भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, ऊना सदर के विधायक सतपाल सिंह सत्ती आज कुटलैहड़ के एकदिवसीय दौरे पर रहेंगे। ये दिग्गज भाजपा नेता कुटलैहड़ विस क्षेत्र के बंगाणा मुख्यालय पर भारी जनसभा को संबोधित करने के साथ त्रिदेव सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को जीत के टिप्स देंगे। वहीं, कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो बड़े नेताओं के सामने अपना शक्ति प्रदर्शन भी करेंगे और विपक्ष को अपनी ताकत भी दिखाएंगे तथा कुटलैहड़ से भाजपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन भी करेंगे। देवेंद्र कुमार भुट्टो के लिए यह पहला मौका होगा, जब केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के सामने शक्ति प्रदर्शन करके अपनी ताकत बताएंगे।

देवेंद्र कुमार भुट्टो कुटलैहड़ विस क्षेत्र के हर परिवार से संबंध रखते हैं और कुटलैहड़ विस क्षेत्र में बीते कई सालों से सक्रीय राजनीति भी करते आ रहे हैं। ज्ञात रहे बीते 14 माह के

**दिग्गज भाजपा नेता त्रिदेव सम्मेलन में भरेंगे हुंकार**

विधायक के कार्यकाल में देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कुटलैहड़ के हर गांव हर परिवार तक दस्तक देकर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कुटलैहड़ विस क्षेत्र के गरीबी रेखा से नीचे परिवारों को आर्थिक सहायता और उनके बच्चों की पढ़ाई का सारा खर्च भी बहन किया है, इसलिए कुटलैहड़ विस क्षेत्र में कई परिवार ऐसे भी हैं, जो किसी राजनीतिक दल से नहीं, बल्कि देवेंद्र कुमार भुट्टो के नाम को जानकर उनके समर्थन में हर समय खड़े रहते हैं।

बताते चलें कि बीते एक माह में राज्यसभा एपिसोड होने के बाद भाजपा में शामिल और प्रत्याशी बनाए जाने के बाद देवेंद्र कुमार भुट्टो कुटलैहड़ के हर बूथ, हर गांव, हर पंचायत तक प्रचार-प्रसार करके जनता से समर्थन मांग चुके हैं। वह आज शक्ति प्रदर्शन में कितने पास होते हैं और कितनी भीड़ इकट्ठी करके विपक्ष को अपनी ताकत दिखाते है। यह आज पता चलेगा। बता दें कि जब कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो भाजपा के खेवनहार थे, तो अनुराग ठाकुर, राजीव बिंदल और सतपाल सत्ती के बेहद करीबी थे और अब भाजपा की बही तिकड़ी कुटलैहड़ प्रवास पर आकर देवेंद्र कुमार भुट्टो के समर्थन में प्रचार-प्रसार और कार्यकर्ताओं में जोश भरेगी। वहीं, देवेंद्र कुमार भुट्टो भी अपने लोकप्रिय नेताओं के सामने शक्ति प्रदर्शन में कोई कमी नहीं छोड़ना चाहते हैं।

बताते चलें कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में लगे गए चुनाव प्रभारी सतपाल सिंह सत्ती, सहप्रभारी संजीव कटवाल और खुद भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो कुटलैहड़ के भाजपा मंडल, महिला मंडल, एससी मोर्चा, युवा मोर्चा पूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड, ओबीसी मोर्चा यहां तक कि कुटलैहड़ के बूथ स्तर की बैठकें ले चुके हैं और सभी मंडल मोर्चों के सदस्य चुनाव प्रचार की टीमें बनाकर डोर-टू-डोर प्रचार भी कर रहे हैं।

# शिक्षा उपनिदेशक ने स्कूल का किया औचक निरीक्षण



रपोह मिसरां स्कूल में निरीक्षण के दौरान शिक्षा उपनिदेशक अन्य के साथ।

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रपोह मिसरां में बुधवार को शिक्षा विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण किया। टीम में शिक्षा उपनिदेशक उच्चस्तर एवं निरीक्षण राजिंद्र कौशल, प्रधानाचार्य अतुल सूद, मुख्याध्यापक विजय सिंह राणा, बीईईओ जोगिंद्र पॉल ने स्कूल का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल के दस्तावेजों की जांच की।

स्कूल के प्रधानाचार्य तरसेम लाल धीमान ने बताया कि जांच के दौरान विद्यालय की सभी गतिविधियों को दुरुस्त पाया गया। इस अवसर पर निरीक्षण टीम की मौजूदगी में विश्व रेडक्रॉस दिवस भी मनाया गया।

शिक्षा उपनिदेशक ने प्रार्थना सभा में बच्चों को सम्बोधित करते हुए अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, काम के प्रति समर्पण आदि बातों पर प्रकाश डालते हुए जीवन में अग्रसर होने पर अवगत करवाया तथा रेडक्रॉस दिवस के बारे में बच्चों को विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई। इस मौके पर स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

# गगरेट विधानसभा क्षेत्र में कई आजाद प्रत्याशी चुनाव लड़ने को आतुर

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

विधानसभा क्षेत्र गगरेट से हो रहे विधानसभा उपचुनाव में इस बार राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के साथ आजाद उम्मीदवार भी भाग्य आजमाने को आतुर हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू होते ही पहला नामांकन मनोहर लाल के रूप में बतौर आजाद उम्मीदवार प्राप्त हुआ है। मनोहर लाल डंगोह खास के रहने वाले हैं। नामांकन पत्र दाखिल करते ही वह चुनाव प्रचार में भी कूद पड़े हैं। इस बार भाजपा यहां से कांग्रेस के बागी विधायक चैतन्य शर्मा पर दांव खेल रही है, तो कांग्रेस ने पूर्व विधायक राकेश कालिया को यहां से प्रत्याशी बनाया है।

राकेश कालिया की 13 मई को नामांकन पत्र दाखिल करने की योजना है, तो चैतन्य शर्मा 14 मई को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। बताया जा रहा है कि इस विधानसभा उपचुनाव में कुछ और प्रत्याशी भी बतौर आजाद उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा सकते हैं। हालांकि कितने उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, इसका पता तो नामांकन पत्रों की छंटनी प्रक्रिया के बाद ही चल पाएगा। निर्वाचन अधिकारी सौमिल गौतम ने बताया कि बुधवार को विधानसभा उपचुनाव के लिए बतौर आजाद उम्मीदवार मनोहर लाल ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।

विधानसभा क्षेत्र गगरेट से हो रहे विधानसभा उपचुनाव में नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू होने के दूसरे दिन बुधवार को एक प्रत्याशी ने बतौर आजाद उम्मीदवार हुंकार भरी है। डंगोह खास के मनोहर लाल इस उपचुनाव में किस्मत आजमाने के लिए आगे आए हैं। बुधवार को उन्होंने निर्वाचन अधिकारी सौमिल गौतम के समक्ष अपने दस प्रस्तावकों की मौजूदगी में नामांकन पत्र दाखिल किया है। विधानसभा उपचुनाव के लिए अभी तक एक ही नामांकन पत्र दाखिल हुआ है। नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन चौदह मई है।

# डीसी ने स्वयं रक्तदान कर युवाओं को किया प्रेरित

## विश्व रेडक्रॉस दिवस पर ऊना में लगाया रक्तदान शिविर, रक्तदानियों ने कमाया पुण्य

**अनंत ज्ञान, ऊना**

विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने 8 मई को ऊना में एक रक्तदान शिविर लगाया। क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में आयोजित इस शिविर का शुभारंभ उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी ऊना के अध्यक्ष जतिन लाल ने किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने स्वयं रक्तदान करके युवाओं को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित किया।

डीसी ने कहा कि रक्तदान महादान है। यह जीवन का सबसे बड़ा पुण्य है, जिससे हम अनेक बहुमूल्य जिंदगियां बचा सकते हैं। आवश्यक है कि लोग विशेषकर युवा रक्तदान के लिए बढ़-चढ़कर आगे आएं। उन्होंने विश्व रेडक्रॉस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए लोगों से मानवता की भलाई और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आगे बढ़कर स्वेच्छा से



रक्तदान करने के बाद उपायुक्त को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते आयोजक।

### रेडक्रॉस डे पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

**ऊना।** कल्याण माउंट शिवालिक पब्लिक हाई स्कूल टक्का रोड ऊना में विश्व रेडक्रॉस डे का आयोजन हुआ। इसमें बच्चों ने पेंटिंग, भाषण, निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें यूकेजी के रिहान प्रथम, करन द्वितीय एवं अनिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग में नर्सरी व एलकेजी कक्षा के बच्चे मानवी प्रथम, परीशा द्वितीय स्थान तथा महक तीसरे स्थान पर रही। प्राइमरी विंग से पेंटिंग में अमन प्रथम, अलीशा दूसरे स्थान पर और गोलू यादव तीसरे स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में राधिका ने प्रथम, सिया ने दूसरा एवं अक्षिता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सेकेंडरी विंग में से पेंटिंग प्रतियोगिता में अनिरुद्ध खुराना प्रथम, मीनाक्षी द्वितीय एवं शुभम चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल की प्रिंसिपल लक्ष्मी शर्मा, टीचर प्रेमलता, स्टाफ सचिव सोनिका ठाकुर, कंप्यूटर टीचर रमन प्रीत कौर, कुमारी दीक्षा शर्मा, मंजू शर्मा व अन्य स्टाफ के सदस्य मौजूद थे।

रक्तदान करने की अपील की। वहीं, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव संजय सांख्यान ने बताया कि इस शिविर में 49 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से गरीब, जरूरतमंद लोगों की सेवा और कल्याण के लिए चलाई गतिविधियों एवं कार्यों की जानकारी दी।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ऊना डॉ. संजीव वर्मा, चिकित्सा ध्यीक्षक डॉ. संजय मनकोटिया, ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. करण सांख्यान, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव संजय सांख्यान, रेडक्रॉस के स्टेट पैटर्न सुरेंद्र ठाकुर, टीम ऊना ब्लड सर्विस एनजीओ के संस्थापक लविश कपिला, ब्लड लाइंस ऊना के संदीप शर्मा, ऊना ऑल ब्लेसिंग हैंड एनजीओ के हिमांशु विश्वमित्र समेत विभिन्न समाज सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, डीसी तथा एसपी कार्यालयों के कर्मचारियों, आईटीआई ऊना समेत अन्य शिक्षिण संस्थानों के युवाओं ने रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# एनडीआरएफ की टीम 20 मई से आपदा प्रबंधन पर करेगी जागरूक

**अनंत ज्ञान, ऊना**

प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं से बचाव बारे जागरूक करने के लिए 20 से 31 मई तक जिला के विभिन्न स्थानों पर 14वीं बटालियन की एनडीआरएफ टीम द्वारा अभ्यास करवाया जाएगा। जिला आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम 20 मई को जिला मुख्यालय पर जिला आपदा प्रबंधन के अधिकारियों के साथ प्रात: 11 बजे बैठक कर पुलों, इंवेंटरी संसाधनों और जिला में पिछले पांच वर्षों में हुई प्राकृतिक एवं अप्राकृतिक घटनाओं संबंधित जानकारी एकत्रित करेगी।

इसी कड़ी में 21 मई को देहलां पाठशाला में प्रात: 9.30 बजे छात्रों व कर्मचारियों के लिए जागरूकता और क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करेगी। 22 मई को प्रात: 10 बजे आईऑसीएल, इंडेन बॉटलिंग प्लांट रायपुर सहोड़ां में स्थानीय प्रबंधन अधिकारियों के साथ असुरक्षित प्रोफाइल को लेकर बैठक करेंगे। 23 मई को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड पेखूबेला में प्रात: 10 बजे प्रबंधन अधिकारियों के साथ संवेदनशील प्रोफाइल बारे बैठक करेंगे। 24 मई को उपमंडल गगरेट के घनारी पाठशाला और 25 मई को बढ़ेड़ा राजपूतां पाठशाला में प्रात: 9.30 बजे छात्रों/स्टाफ के लिए जागरूकता और क्षमता निर्माण प्रोग्राम आयोजित होगा। 27 मई को उपमंडल अंब के तहत प्रात: 10 बजे माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में संवेदनशील प्रोफाइल से संबंधित जानकारी एकत्रित करेंगे। 28 मई को दयाड़ा पाठशाला में प्रात: 9.30 बजे जागरूकता और क्षमता निर्माण प्रोग्राम आयोजित करेंगे। उपमंडल गगरेट के तहत 29 मई को 14वीं बटालियन की एनडीआरएफ टीम थानाकलां पाठशाला में प्रात: 9.30 बजे जागरूकता और क्षमता निर्माण प्रोग्राम आयोजित करेगी। इसके अलावा 30 मई को गोबिंदसागर झील पर डूबने वाले संभावित क्षेत्रों और संवेदनशील प्रोफाइल की जानकारी एकत्रित करेगी। इसके अतिरिक्त हरोली उपमंडल के तहत 31 मई को नायसा मल्टीप्लास्ट बेला बाथड़ी में प्रात: 9.30 से और नेस्ले इंडियन लिमिटेड इंडस्ट्री ऐरिया क्षेत्र टाहलीवाल में दोपहर 12 बजे से प्रबंधन अधिकारियों के साथ औद्योगिक यूनिट की संवेदनशील प्रोफाइल को लेकर बैठक करेंगे।

**निर्देश** | सीएमओ ने जोनल अस्पताल मंडी में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की आयोजित

# प्राइवेट क्लीनिकों का निरीक्षण करें अधिकारी: सीएमओ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी के सभागार में डॉ. नरेंद्र कुमार भारद्वाज की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक जिला मंडी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारियों व जिला के सभी ग्यारह स्वास्थ्य खंड चिकित्सा अधिकारियों, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों व सहयोगी कर्मचारियों ने भाग लिया।

इसमें डॉ. दिनेश ठाकुर जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग तथा संभावित व्यक्तियों को समय पर पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए, साथ ही अधिकारियों को कहा गया कि उनके क्षेत्र के अधीन जितने भी प्राइवेट अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, डेंटल क्लीनिक व प्राइवेट प्रेक्टिशनर हैं, उनका समय समय




बैठक की अध्यक्षता करते मुख्य चिकित्सा अधिकारी।

पर नियमानुसार निरीक्षण किया जाए व सुनिश्चित करें कि सभी क्लीनिक लाइसेंसिंग ऑथोरिटी से पंजीकृत हों तथा उसकी रिपोर्ट जिला मुख्यालय को प्रेषित की जाए।

इसके अलावा अपने क्षेत्र में होने वाले जन्म तथा मृत्यु की घटना को दर्ज कर जन्म व मृत्यू प्रमाण पत्र जारी करें। डॉ. अनुराधा शर्मा जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जानकारी दी कि जिला में प्रथम तिमाही में गर्भवती माताओं की पंजीकरण दर 95 प्रतिशत से ऊपर है तथा संस्थागत प्रसव की दर भी काफी ऊपर है, जिससे मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर में गिरावट आई है। खंड चिकित्सा अधिकारियों से आह्वान किया गया कि सहारा योजना के लिए आवेदन करने वाले लाभार्थियों के सभी दस्तावेजों को नियमानुसार जांच करने के बाद ही जिला मुख्यालय प्रेषित करें।

# हर भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर कर रहा भुट्टो का प्रचार: राजकुमार

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो को बड़ी बढ़त के साथ जिताएंगे। कुटलैहड़ भाजपा का था और भाजपा का ही रहेगा। कांग्रेस पार्टी चाहे जो भी झूठ का प्रचार करे। कुटलैहड़ से भाजपा प्रत्याशी बीस हजार की बढ़त से जीत कर विधानसभा पहुंचेंगे। ये शब्द कुटलैहड़ भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष एवं पीपलू वार्ड से बीडीसी सदस्य राजकुमार मनकोटिया ने जनसंपर्क अभियान के तहत कहे।



मनकोटिया ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के दस वर्षों का विकास का इतिहास और राज्य सरकार के डेढ़ वर्ष का कालाध्याय लेकर हम जनता के बीच जाएंगे। उन्होंने कहा कि समूर रैली में सीएम सुक्खू द्वारा कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व में विधायक रहे देवेंद्र कुमार भुट्टो पर की गई टिप्पणी अशोभनीय थी, जिस पर कुटलैहड़ का हर मतदाता उनकी निंदा कर रहा है। सीएम द्वारा मंच से की गई अभद्र भाषा का मतलब साफ है कि सरकार के मुखिया चुनावों से पहले ही हार मान चुके हैं। राज्य सरकार द्वारा डेढ़ वर्ष के कोई विकासात्मक योजनाएं जनता तक नहीं पहुंची हैं।

उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो एक सशक्त और मजबूत प्रत्याशी हैं, जो कि कुटलैहड़ की जनता के बीच बीते 28 वर्षों से लगातार सेवा में समर्पित हैं।

राजकुमार मनकोटिया ने दावा किया कि कुटलैहड़ से बीते पांच वर्ष अनुराग सिंह ठाकुर को 28 हजार से ज्यादा मतों की बढ़त मिली थी और इस बार अनुराग सिंह ठाकुर को 40 हजार से ज्यादा बढ़त देने के लिए जनता उत्सुक है।

> हम जो करते हैं और हम जो कर सकते हैं, इसके बीच का अंतर दुनिया की ज्यादातर समस्याओं के समाधान के लिए पर्याप्त होगा। –महात्मा गांधी



## संपादकीय

# अब रंग पर चुनावी जंग

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने अपने एक और विवादित बयान से पार्टी को मुश्किल में डाल दिया है। हालांकि सैम ने अपने बयान में भारत की विविधता की ही बात की है, लेकिन उन्होंने भारत की विविधता का उल्लेख करने के लिए जिन शब्दों का प्रयोग किया है, उन शब्दों ने भाजपा को कांग्रेस पर हमलावर होने का मौका दे दिया है। पीएम मोदी और कई भाजपा नेता उन पर भारतीयों के रंग और रूप का मजाक उड़ाने का आरोप लगा रहे हैं। सैम पित्रोदा वही कांग्रेस नेता हैं, जिन्होंने कुछ समय पूर्व विरासत की पैरवी कर कांग्रेस को घोर संकट में डाल दिया था, जिस कारण कांग्रेस के घोषणा पत्र पर भी सवाल खड़े होने लगे थे। भाजपा ने उस बयान को लेकर भी कांग्रेस पार्टी की खूब आलोचना की थी और पार्टी पर एक विशेष समुदाय के लोगों के बीच अन्य भारतीयों की संपत्ति का बांटने की साजिश रचने के आरोप लगाए थे।

अब एक बार फिर से सैम के विवादित बयान ने कांग्रेस को संकट में डाल दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना यहां तक कह दिया कि शहजादे अमेरिका में बैठे अपने अंकल की सलाह पर भारत को धर्म, जाति और अब रंग के आधार पर बांटने का प्रयास कर रहे हैं। ये लोग भारत के लोगों को चीनी, अफ्रीकी और अरबी बता रहे हैं। इनको यह नहीं मालूम कि यह भूमि भगवान श्रीकृष्ण की भूमि है। वहीं, भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस नेता देश के अस्तित्व पर सवाल उठा रहे हैं। वे भारत को रंग के आधार पर बांटने लगे हैं। अब लड़ाई विदेश मानसिकता और स्वदेशी सोच की है। वहीं, अगर कांग्रेस की बात करें तो कांग्रेस ने भी सैम के बयान गलत को करार दिया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने साफ-साफ कह दिया है कि कांग्रेस पार्टी सैम के बयान का समर्थन नहीं करती। भारत की विविधताओं की जो उपमाएं उन्होंने की हैं, वे गलत हैं और पार्टी इन्हें स्वीकार नहीं करती। कांग्रेस पार्टी सैम के बयान से खुद को पूरी तरह अलग करती है।

दरअसल, सैम पित्रोदा अमेरिका में 'द स्टेट्समैन' को दिए एक साक्षात्कार में भारत की विविधताओं की चर्चा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम भारतीय 75 वर्षों से बहुत खुशहाल माहौल में रह रहे हैं, जहां लोग यहां-वहां के कुछ झगड़ों को छोड़कर एक साथ रह सकते हैं। हम भारत जैसे विविधतापूर्ण देश को एकजुट कर सकते हैं, जहां पूर्व के लोग चीनी जैसे दिखते हैं, पश्चिम के लोग अरब जैसे दिखते हैं, उत्तर के लोग गोरों जैसे दिखते हैं और शायद दक्षिण के लोग अफ्रीकी जैसे दिखते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत के लोग विभिन्न भाषाओं, धर्म, भोजन और रीति-रिवाजों का सम्मान करते हैं, जो अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग होते हैं। उन्होंने कहा कि यह वह भारत है, जिसमें मैं विश्वास करता हूं, जहां हर किसी के लिए जगह है और हर कोई थोड़ा-बहुत समझौता करता है।

सैम पित्रोदा ने बेशक भारत में अनेकता में एकता की बात की हो, लेकिन भारत में चुनाव का दौर चल रहा है, ऐसे में सभी पार्टियां बहुत सोच-समझकर बयानबाजी कर रही हैं। पार्टी नेता देश में हों या फिर विदेश में, उनके मुंह से निकले एक-एक शब्द का राजनीतिक विश्लेषण किया जा रहा है। कई बयानों को तो तोड़-मरोड़ कर जनता के सामने पेश किया जा रहा है। ऐसे दौर में अगर सैम भारत की विविधता की ऐसी ब्याख्या करेंगे तो उन पर पलटवार तो होगा ही, साथ ही पार्टी को भी इसके लिए सफाई देने को मजबूर होना पड़ेगा। सैम के शब्दों का अर्थ जो भी हो, उनके बयान कांग्रेस के लिए मुश्किल तो भाजपा के लिए राहत भरे साबित हो रहे हैं। भाजपा जो इस बार 400 पार के नारे को लेकर चुनावी मैदान में उतरी है, विपक्षी नेताओं के ऐसे बयान उनके लक्ष्य को को साकार करने में मददगार बन सकते हैं। कांग्रेस बेशक सैम के बयान से किनारा कर ले, लेकिन इसका पार्टी को कुछ तो नुकसान होगा ही। ■

# राजपूत आन-बान-शान के ध्वजवाहक

**महाराणा प्रताप जयंती विशेष**

भारतीय इतिहास में राजपूताना का गौरवपूर्ण स्थान रहा है। यहां के रणबांकुरों ने देश, जाति, धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने में संकोच नहीं किया। वीरों की इस भूमि में राजपूतों के छोटे-बड़े अनेक राज्य रहे हैं, जिन्होंने भारत की स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया। इन्हीं राज्यों में मेवाड़ का अपना अलग ही स्थान है। इसमें महाराणा प्रताप जैसे महान वीर ने जन्म लिया था। मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप अपने पराक्रम और शौर्य के लिए पूरी दुनिया में मिसाल के तौर पर जाने जाते हैं। एक ऐसे राजपूत राजा जो जीवन पर्यन्त मुगलों से लड़ते रहे, जिसने जंगलों में रहना पसंद किया, लेकिन कभी विदेशी मुगलों की गुलामी स्वीकार नहीं की थी। उन्होंने देश, धर्म और स्वाधीनता के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया था।

महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई, 1540 को राजस्थान के कुंभलगढ़ में सिसोदिया कुल में हुआ था। उनके पिता का नाम महाराणा उदय सिंह द्वितीय और माता का नाम रानी जीवंत कंवर था। महाराणा प्रताप अपने भाइयों में सबसे बड़े थे, इसलिए उनको मेवाड़ का उत्तराधिकारी बनाया गया। महाराणा प्रताप के समय में दिल्ली पर अकबर का शासन था और अकबर की नीति हिंदू राजाओं की शक्ति का उपयोग कर दूसरे हिंदू राजा को अपने नियंत्रण में लेने की था। 1567 में जब राजकुमार प्रताप को उत्तराधिकारी बनाया गया, उस वक्त उनकी उम्र 27 वर्ष थी। उस वक्त मुगल सेना ने चितौड़गढ़ को चारों ओर से घेर लिया था। तब महाराणा उदय सिंह मुगलों से लड़ने के बजाय चितौड़गढ़ छोड़कर परिवार सहित गोगुंदा चले गए। महाराणा प्रताप सिंह फिर से चितौड़गढ़ जाकर मुगलों से सामना करना चाहते थे, लेकिन उनके परिवार ने चितौड़गढ़ जाने से मना कर दिया।


लेखक : रमेश सर्राफ धमोरा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

गोगुंदा में रहते हुए महाराणा उदय सिंह और उसके विश्वासपात्रों ने मेवाड़ की अस्थायी सरकार बना ली थी। 1572 में महाराणा उदय सिंह ने अपने पुत्र प्रताप को महाराणा का खिताब दिया। इसके बाद उनकी मृत्यु हो गई। वैसे महाराणा उदय सिंह अपने अंतिम समय में अपनी प्रिय रानी भटियानी के पुत्र जगमाल सिंह को राजगद्दी पर बिठाना चाहते थे।

प्रताप ने अपने पिता की अंतिम इच्छा के अनुसार उसके सौतेले भाई जगमाल को राजा बनाने का निश्चय किया, लेकिन मेवाड़ के विश्वासपात्र चूंडावत राजपूतों ने जगमाल सिंह को राजगद्दी छोड़ने को बाध्य कर दिया, तब जगमाल सिंह बदला लेने के लिए अजमेर जाकर अकबर की सेना में शामिल हो गया और उसके बदले में उसको जहाजपुर की जागीर मिल गई। इस दौरान राजकुमार प्रताप को मेवाड़ के 54वें शासक के साथ महाराणा का खिताब मिला। 1572 में प्रताप सिंह मेवाड़ के महाराणा बन गए थे, लेकिन वह पिछले पांच सालों में चितौड़गढ़ नहीं गए थे। महाराणा प्रताप को अपने पिता के चितौड़गढ़ को पुन: देखे बिना मौत हो जाने का बहुत अफसोस था। अकबर ने चितौड़गढ़ पर तो कब्जा कर लिया था, लेकिन मेवाड़ का राज अभी भी उससे बहुत दूर था। अकबर ने कई बार अपने दूतों को महाराणा प्रताप से संधि करने के लिए भेजा, लेकिन महाराणा प्रताप ने संधि प्रस्तावों को ठुकरा दिया। 1573 में संधि प्रस्तावों को ठुकराने के बाद अकबर ने मेवाड़ का बाहरी राज्यों से संपर्क तोड़ दिया और मेवाड़ के सहयोगी दलों को अलग थलग कर दिया।

महाराणा प्रताप ने मुगलों से सामना करने के लिए अपनी सेना को अरावली की पहाड़ियों में भेज दिया। महाराणा युद्ध उस पहाड़ी इलाके में लड़ना चाहते थे, जहां मेवाड़ की सेना थी, क्योंकि मुगल सेना को पहाड़ी इलाके में युद्ध लड़ने का बिलकुल भी अनुभव नहीं था। पहाड़ियों पर रहने वाले भील भी राणा प्रताप की सेना के साथ हो गए। महाराणा प्रताप खुद जंगलों में रहने लगे, ताकि वह जान सकें कि स्वंत्रतता और अधिकारों को पाने के लिए कितना दर्द सहना पड़ता है। उन्होंने पत्तल पर भोजन किया, जमीन पर सोए और दाढ़ी नहीं बनाई। दरिद्रता के दौर में वह कच्ची झोपड़ियों में रहते थे, जो मिट्टी और बांस की बनी होती थी।

18 जून, 1576 को महाराणा प्रताप के 20 हजार और मुगल सेना के 80 हजार सैनिकों के बीच हल्दीघाटी का युद्ध शुरू हो गया। उस समय मुगल सेना की कमान अकबर के सेनापति मान सिंह ने संभाली थी। महाराणा प्रताप की सेना मुगलों की सेना को खदेड़ रही थी। महाराणा प्रताप की सेना में झालामान, डोडिया भील, रामदास राठोड़ और हाकिम खा सूर जैसे शूरवीर थे। मुगलों के पास तोपें और विशाल सेना थी, लेकिन प्रताप की सेना के पास केवल हिम्मत और साहसी जांबाजों की सेना के अलावा कुछ भी नहीं था। महाराणा प्रताप भाला, कवच, ढाल और तलवारों को मिलाकर कुल 200 किलो का वजन साथ लेकर युद्ध करते थे। इस युद्ध में महाराणा प्रताप का स्वामी भक्त एवं प्रिय घोड़ा चेतक मारा गया। हल्दी घाटी के इस युद्ध ने समूचे भारत के स्वाधीनता प्रेमियों के लिए पूजनीय क्षेत्र बना दिया। वहीं, इस युद्ध ने महाराणा प्रताप को जननायक के रूप में संपूर्ण भारत में प्रसिद्ध कर दिया।

हल्दी घाटी के युद्ध के बाद महाराणा प्रताप के जीवन में जिस संकट काल का प्रारंभ हुआ, वह लगभग दस वर्ष (1576-1586) तक चला और बीतते समय के साथ वह अधिक विषम होता चला गया। इस दौरान गोगुंदा से दक्षिण में स्थित राजा गांव में महाराणा के परिवार को घास की रोटी भी नसीब नहीं हुई और एक बार वन विलाव उनके भूखे बच्चों के हाथ से घास की रोटी भी छीन कर ले गया था। इस संकट के समय में महाराणा प्रताप के मंत्री भामाशाह और उनके भाई ताराचंद ने 25 लाख रुपए तथा 20 हजार स्वर्ण मुद्राएं उनको भेंट कर अपनी स्वामी भक्ति का परिचय दिया। इस धन से उन्होंने पुन: सेना जुटाकर दिवेर को जीत लिया और चांवड पहुंचकर अपना सुरिक्षत मुकाम बनाया। मेवाड़ के बचे हुए भू-भाग पर फिर से महाराणा का ध्वज लहराने लगा। अकबर के आक्रमक अभियानों की समाप्ति के बाद मेवाड़ में नए युग का सूत्रपात हुआ। महाराणा प्रताप ने एक वर्ष में ही चितौड़गढ़ और जहाजपुर को छोड़कर संपूर्ण मेवाड़ पर सत्ता कायम कर ली। उन्होंने चांवड को अपनी राजधानी बनाकर राज्य में शांति व्यवस्था कायम की। महाराणा प्रताप कुशल शासक होने के साथ-साथ पीड़ितों और विद्वानों का आदर भी करते थे। उनकी प्रेरणा से ही मथुरा के चक्रपाणी मिश्र ने विश्व वल्लभ नामक स्थापत्य तथा मुहूर्त माला नामक ज्योतिष ग्रंथ की रचना की। महाराणा प्रताप ने चावंड को चित्रकला का केंद्र बनाकर नई चित्र शैली मेवाड़ शैली का प्रारंभ करवाया था। महाराणा प्रताप ने अपने जीवन के अंतिम दिनों में अपने पहले पुत्र अमर सिंह को सिंहासन पर बैठाया। महाराणा प्रताप शिकार के दौरान बुरी तरह घायल हो गए और उनकी 56 वर्ष की आयु में मौत हो गई। इस तरह महाराणा प्रताप इतिहास के पन्नों में अपनी बहादुरी और जनप्रियता के लिए अमर हो गए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# भाजपा को लेकर अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र

हम सभी जानते हैं, भारत में इस वक्त लोकसभा चुनाव का दौर चल रहा है। तीसरे चरण के बाद अब चौथे चरण की वोटिंग की तैयारी है। पूरी दुनिया की नजर भारत पर है, जिसमें कि भारत विरोधी यही चाहते हैं कि भाजपा की सत्ता केंद्र में न आए, मोदी फिर से भारत के प्रधानमंत्री न बनें । भारत पहले की तरह ही कई मोर्चों पर संघर्ष करता हुआ कमजोर दिखाई दे। अब इसके लिए भाजपा एवं मोदी से विरोध करने वाली शक्तियां तो देश के अंदर काम कर ही रही हैं, किंतु इन दिनों ऐसी शक्तियों को विदेशों में भी पुख्ता माहौल बनाते हुए देखा जा सकता है।

वस्तुत: पाकिस्तान, चीन, समेत कई देश जो भारत को सहन नहीं कर पा रहे हैं, वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करते ही थे, लेकिन अब यूरोप समेत विशेष तौर पर इंग्लैंड और अमेरिका जैसे विकसित देशों ने भी लगातार केंद्र की मोदी सरकार को घेरना जारी रखा है, जिसमें कि उसके सामने आज का सबसे बड़ा कोई विषय है, तो वह है भारत का अल्पसंख्यक वर्ग, विशेषकर यहां की दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्या यानी कि मुलसमान।

लेखक : डॉ. मयंक चतुर्वेदी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

इस संदर्भ में यह तथ्य सामने आया है कि अमेरिका के नेतृत्व वाले फाइव आइज खुफिया गठबंधन (कनाडा, न्यूजीलैंड, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलियाई) ने मोदी सरकार के खिलाफ विशेष मोर्चा खोलकर रखा है। इन पांच देशों की सरकार समर्थक मीडिया हर दिन भारत विरोधी कोई नई रिपोर्ट प्रकाशित करती है। इन रिपोर्टों में तथाकथित सूत्रों के आधार पर मोदी सरकार को निशाना बनाया जा रहा है।

वे मोदी सरकार पर लगाम कसने के लिए वामपंथी मीडिया और अपने स्वयं के वित्त पोषित ब्रॉडकास्टर को खुफिया जानकारी लीक कर रहे हैं तथा भ्रम फैलाने वाली झूठी रिपोर्ट बड़े स्तर पर स्वयं से तैयार करने के साथ ही करवा रहे हैं, जिसमें से एक नैरेटिव यह गढ़ा जा सके कि भारत में मुसलमान मोदी राज में बहुत कमजोर पड़े हैं। वे खतरे में हैं और उन पर हिंदू नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते हुए भयंकर अत्याचार हो रहे हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## ग़ज़ल

### साथ बहुत है


राजेंद्र पालमपुरी
वरिष्ठ साहित्कार, हिप्र

*बात चली तो बात बहुत है,*
*सुनते जाईये रात बहुत है।*
*आप अभी से क्यों उठ बैठे,*
*कहते थे कि साथ बहुत है।।*
*तन्हाई का आलम तौबा,*
*थोड़ी नहीं हयात बहुत है।*
*इतना जी कर करेंगे क्या हम,*
*जो मिल गई सौगात बहुत है।।*
*सुना था मयखाने में साकी,*
*का है मिलता साथ बहुत है।*
*लेकिन हम अब तलक अकेले,*
*वैसे यहां बारात बहुत है।।*

*अपने-अपनों को भूलें जब,*
*दिल में लगती घात बहुत है ।*
*यादें जिंदा रखनी हों तो,*
*छोटी सी मुलाकात बहुत है।।*
*लोग हैं जीते, जीत-जीत कर,*
*अपने हिस्से मात बहुत है।*
*वैसे बर्बादी की बजह तो,*
*इक ही आदम जात बहुत है।।*
*मांगने वालो देखो रब्ब का,*
*देने को इक हाथ बहुत है!*
*नीयत भली हो अगर हमारी,*
*बंटने को खैरात रात बहुत है।।*

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# महात्मा गांधी के राजनीतिक गुरु गोखले

**गोपाल** कृष्ण गोखले का जन्म ब्रिटिश राज में 9 मई, 1866 को वर्तमान महाराष्ट्र (तब बॉम्बे प्रेजिडेंसी का हिस्सा) में रत्नागिरी जिले के गुहागर तालुका के कोटलुक गांव में एक चितपावन ब्राह्मण परिवार में हुआ था। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान वह एक भारतीय राजनीतिक नेता और समाज सुधारक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी महात्मा गांधी के राजनीतिक गुरु थे। सोसायटी के साथ-साथ कांग्रेस और अन्य विधायी निकायों के माध्यम से उन्होंने कार्य किया। गोखले ने भारतीय स्वशासन और सामाजिक सुधारों के लिए अभियान चलाया। वह कांग्रेस पार्टी के उदारवादी गुट के नेता थे, जो मौजूदा सरकारी संस्थानों के साथ काम करके सुधारों की वकालत करते थे। गोखले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसायटी के संस्थापक थे। बाल गंगाधर तिलक, दादाभाई नौरोजी, बिपिन चंद्रपाल, लाला लाजपत राय और एनी बेसेंट जैसे अन्य समकालीन नेताओं के साथ, गोखले ने आम भारतीयों के लिए सार्वजनिक मामलों पर अधिक राजनीतिक प्रतिनिधित्व और शक्ति प्राप्त करने के लिए दशकों तक संघर्ष किया। गोखले 20वीं सदी की शुरुआत में अग्रणी राजनीतिक नेता थे। गोखले को उदारवादी स्वभाव के एक नेक इरादे वाले व्यक्ति के रूप में देखा जाता था। गोखले का मानना था कि भारत के लिए स्वशासन पाने का सही रास्ता संवैधानिक तरीकों को अपनाना और ब्रिटिश सरकार के साथ सहयोग करना है। सूरत में विभाजन के बाद गोखले कांग्रेस के भविष्य को लेकर बहुत चिंतित थे। 19 फरवरी, 1915 को गोखले की मृत्यु हो गई।


**गोपाल कृष्ण गोखले**
**जन्म :** 9 मई, 1866
**मृत्यु :** 19 फरवरी, 1915

# रूढ़ीवादी परंपराओं पर चलने के लिए अभी भी माता-पिता हो रहे मजबूर

समाज में आज भी हमें ऐसे अनेक क्षेत्र देखने एवं सुनने को मिलते हैं, जहां पर हम 21वीं सदी में भी रूढ़ीवादी सोच को अपनाने के लिए मजबूर हैं, जिसके सैकड़ों उदाहरण अलग-अलग राज्यों एवं देशभर में मिलते हैं, जबकि हम समानता के अधिकार का भी जिक्र व विश्वास करते हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में आज आप सभी के मध्य एक ऐसे चिंतनीय और दुखदाई विषय पर चर्चा एवं विश्लेषण करना चाहेंगे जो हम सभी के जीवन और समाज के लिए बहुत ही गंभीर विषय है।

यह गंभीर विषय है कि आज के परिप्रेक्ष्य में भी पुत्र प्राप्ति की लालसा के कारण हम बेटियों पर विश्वास नहीं कर पा रहे हैं। जिन बेटियों ने समय-समय पर देश प्रदेश और विश्व पटल पर अपनी अहम भूमिका निभाई है और आज भी वह दौर जारी है, जबकि पुत्र की अपेक्षा बेटी माता पिता की सेवा व उनकी देखरेख को लेकर अधिक चिंतित रहती है, परंतु शिक्षित होकर भी हम उसी परंपरा की ओर अग्रसर हैं, जहां पुत्र प्राप्ति के लालसा के कारण दस-दस बच्चों को भी जन्म देने के लिए मजबूर हो जाते हैं, वह भी मात्र (वंश) को आगे बढ़ाने के लिए। ये तर्क घर के बुजुर्ग, माता-पिता और समाज हमें अवगत करवाता है। जिस सोच को शायद आज हम सभी को बदलने की भी आवश्यकता है, परंतु हम उस वक्त इस बात का अहसास नहीं कर पाते हैं कि समाज और क्षेत्र ने हमारे इतने सारे बच्चों की परविश नहीं करनी बल्कि हमें खुद ही सक्षम होना पड़ेगा। इसके लिए हम आर्थिक रूप से सक्षम भी नहीं होते हैं। हमें इस बात को समझने की आवश्यकता है कि आज बेटों की अपेक्षा बेटियां माता-पिता, समाज और देश का नाम रोशन कर रही हैं, तो वहीं दूसरी ओर हम अपने देश व समाज में जनसंख्या वृद्धि में भी कहीं न कहींद जिम्मेदारी का कारण बनते है। इस जनसंख्या नियंत्रण पर केंद्र सरकार को भी जल्द से जल्द कानून बनाने की आवश्यकता है, ताकि जनसंख्या नियंत्रण होने पर विकास भी शीघ्र होगा और सीमित जनसंख्या होने से बजट में भी कुछ राहत मिलती रहेगी।


लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

हमें आज भी अनेक गांवों, क्षेत्रों और समाज में अनेक ऐसे उदाहरण देखने को मिलते हैं, जहां अधिक बच्चे पैदा होने के कारण माता-पिता की नासमझी के कारण उनको आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ता है, जो उन माता-पिता के लिए जीवन भर एक बड़ी चुनौती और चिंता भी रहती है। आज के इस महंगाई के दौर में उन्हीं माता-पिता को ज्यादा मालूम है, जो इस समस्या से जूझ रहे हैं। इसलिए आज हम सभी को इस प्रकार की मानसिकता को बदलने की परम आवश्यकता है कि पुत्र प्राप्ति के कारण ही हमारा वंश आगे चलेगा, परंतु आज हम इस बात को भूल जाते हैं कि जिस पुत्र प्राप्ति पर हम इतना गर्व महसूस कर रहे हैं या फिर विश्वास कर रहे हैं, वह न जाने आज के नशे जैसी गंभीर समस्या के चलते किस नशे में पड़कर अपने जीवन और माता-पिता को शर्मिंदा करवाएगा, ऐसे उदाहरण आज हम सभी के सामने प्रदेश और देश में देखने को मिल रहे हैं। इस प्रकार आज हमें जैसे कहा भी जाता है कि (हम दो हमारे दो) (बच्चों) इस ध्येय और उद्देश्य के साथ छोटे परिवार को तरजीह देने की आवश्यकता है । छोटा परिवार एक सुखी परिवार भी माना जाता है, तो इससे भी बढ़कर है कि अगर हम अपने बच्चों को जिसमें क्यों न बेटी हो, उनको अच्छी शिक्षा, संस्कार, अपनी संस्कृति, सभ्यता, बड़े-बड़े लक्ष्य, अपनों से बड़ों के प्रति आदर-सम्मान इत्यादि अनेक शिक्षाओं को देने का प्रयास किया जाए।

हिमाचल प्रदेश के कुछेक जिलों में आज भी यह क्रम जारी है कि पुत्र प्राप्ति होना अतिआवश्यक है, जबकि यह सब ईश्वर के आधीन है, परंतु फिर भी हम रूढ़ीवादी विचारों और भावनाओं में बहकर इस परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि हिमाचल प्रदेश के कुछ जिलों में दशकों से कभी भी पुत्र प्राप्ति जैसी मानसिकता और परंपरा नहीं रही।

जहां केवल एक या दो बच्चों को जन्म देकर परिवार को पर्याप्त माना जाता है, तो उसी परिवार को शायद जागरूक और जिम्मेदार माता-पिता और परिवार भी माना जाता है। उन तमाम क्षेत्रों में अधिकांश शिक्षा का भी उच्च स्तर देखने को मिलता है, जिसका कारण शायद यही है कि वहां बेटी, बेटों में अंतर न समझकर एक समान शिक्षा और मान-सम्मान और प्यार दिया जाता है, इसलिए आज के परिप्रेक्ष्य में हम सभी को इस प्रकार की मानसिकता और सोच को बदलने की शायद परम आवश्यकता है। आज हर क्षेत्र में बेटियों ने हम सभी को और हमारे देश को गौरवान्वित महसूस करवाया है और लगातार यह कारवां जारी है। इसी उद्देश्य और सोच को आज हम अपने इस छोटे से संदेश और जागरूकता को मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। इस कारण उम्मीद करते हैं कि हम भविष्य में इस गंभीर और चिंताजनक विषय पर जरूर अमल करने और समाज को भी जाग्रत करने का प्रयास करेंगे।

शायद आपकी एक छोटी सी जागरूकता किसी का जीवन बदल दे या फिर समय पर हम जनसंख्या में नियंत्रण और बेटी-बेटों में फर्क न समझकर (हम दो हमारे दो) की नीति पर अमल करने का भी प्रयास करते रहें, जबकि केंद्र सरकार और प्रदेश सरकारों की ओर से बेटी पैदा होने पर आर्थिक सहायता और सहयोग भी किया जाता है, तो वहीं सरकार, प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की और से भी समय-समय पर जागरूकता अभियान और अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**देवभूमि** हिमाचल नशे के लिए विख्यात हो गई है। चिट्टे का नशा हमारी नौजवान पीढ़ी को खोखला कर रहा है। पूरा प्रदेश नशे का अड्डा बनता चला जा रहा है। नशे का जाल लगभग पूरे प्रदेश में बिछ चुका है, जिसके चलते अपराधियों की धरपकड़ करने के लिए पुलिस की सिरदर्दी और बढ़ गई है। हालांकि पुलिस नशा कारोबारियों पर शिकंजा कसने के लिए लगातार अभियान चलाती रहती है और जगह-जगह जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में भी बताती रहती है, बावजूद इसके युवाओं में नशे की प्रवृत्ति थमने का नाम ही नहीं ले रही है। हैरानी की बात है कि नशा करने वालों में बुद्धिजीवी वर्ग भी शामिल हैं। डॉक्टर, पटवारी, क्लर्क, पुलिस के साथ स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं भी नशे से अछूते नहीं हैं। माहौल इस कदर खराब हो गया है कि चारों ओर नशेड़ी ही नजर आते हैं। ऐसे में संभ्रांत परिवार के बच्चे अपने आपको जैसे-तैसे इस नशे से दूर रखे हुए हैं, लेकिन कहीं न कहीं इसकी आंच उन तक भी पहुंच ही जाती है। यह सब सोयायटी का असर है। थोड़े से मजे के लिए युवा वर्ग अपना सब कुछ छोड़कर नशे में पड़ गया है। जिस समय उसे पढ़ाई कर अपना करियर बनाना होता है, उस समय वह अपना अधिकांश समय कुसंगति में पड़कर बर्बाद कर दे रहा है। नतीजतन उसके हाथ चंद दिनों की मौज ही बचती है और बाकी जिंदगी दूसरों के सहारे मजबूर होने पर विवश होना पड़ रहा है। यही वजह है कि प्रदेश में लड़कों के मुकाबले लड़कियां अच्छे नंबर लेकर टॉपर बन रही हैं और अपना करियर भी संवार रही हैं। नारी शक्ति निरंतर सफलता की सीढ़ियां चढ़ती जा रही है।

**–स्वाती शर्मा, द्रमण**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# भारत के युवाओं का स्वरोजगार से बदलेगा जीवन

बेरोजगारी अनेक समस्याओं की जड़ है। बेरोजगार युवा मानसिक तनाव की चपेट में आ जाते हैं। बहुत से युवा हताशा में नशे की लत के आदी बन जाते हैं। अक्सर युवा भटक भी जाते हैं। कई बार वे आपराधिक दलदल में फंस जाते हैं। इसके कारण उनका जीवन तो नष्ट होता है ही, साथ ही परिवार की प्रतिष्ठा पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। बेरोजगार युवकों द्वारा आत्महत्या करने के समाचार भी सुनने को मिलते रहते हैं।

देश में बेरोजगारी के अनेक कारण हैं। इनमें निरंतर बढ़ती जनसंख्या प्रमुख है। इसके अतिरिक्त घटती कृषि भूमि, कुटीर उद्योंगों का निरंतर समाप्त होना, युवाओं का अपने पैतृक कार्यों से मोहभंग होना तथा राजकीय नौकरी पाने की इच्छा आदि भी बेरोजगारी में वृद्धि होने के कारण हैं। यदि हम स्वतंत्रता से पूर्व के परिदृश्य पर दृष्टि डालें, तो उस समय लोग स्वरोगार में ही लगे थे किंतु स्वतंत्रता के पश्चात जिस गति से जनसंख्या में वृद्धि हुई, उससे तीव्र गति से रोजगार में गिरावट आई। शिक्षा प्राप्त करने का उद्देश्य केवल राजकीय नौकरी प्राप्त करना हो गया। जिस गति से जनसंख्या में वृद्धि हुई, उस गति से रोजगार के अवसर सृजित नहीं हुए। परिणामस्वरूप बेरोजगारी की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ने लगी। नि:संदेह जीवन-यापन के लिए रोजगार अत्यंत आवश्यक है। रोजगार प्राप्त करने के लिए कुशल होना अति आवश्यक है। बेरोजगारी के साथ-साथ अकुशलता भी एक चुनौती बनी हुई है। जो युवा कुशल हैं, उन्हें कहीं न कहीं रोजगार मिल जाता है किंतु जो युवा अकुशल हैं, उन्हें रोजगार प्राप्त करने के लिए अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं की इस समस्या को समझा। इसलिए उन्होंने युवाओं को कुशल करने के लिए दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना प्रारंभ की।


लेखक : डॉ. सौरभ मालवीय
स्वतंत्र टिप्पणीकार

इस योजना का उद्देश्य गरीब ग्रामीण युवाओं को नौकरियों में नियमित रूप से न्यूनतम पारिश्रमिक के समान या उससे अधिक मासिक पारिश्रमिक प्रदान करना है।

यह आजीविका प्रदान करने तथा निर्धनता कम करने का एक अभियान है, जो राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का एक भाग है। इससे ऐसे गरीब ग्रामीण युवा लाभान्वित हो रहे हैं, जो कुशल होना चाहते हैं। इसकी संरचना प्रधानमंत्री के अभियान 'मेक इन इंडिया' के लिए एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में की गई है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणा पत्र 'भाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी 2024' में कहा गया है कि पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं तथा 14 करोड़ से अधिक युवाओं को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण से कुशल बनाया गया है।

भारत को दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप ईको सिस्टम के रूप में स्थापित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वादा किया है कि वह स्टार्टअप का और अधिक विस्तार टियर-2 और टियर-3 शहरों में करेंगे। इसके अतिरिक्त देश को पर्यटन और सर्विसेज का वैश्विक केंद्र बनाएंगे, जिससे पूरे देश में रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

स्वरोजगार का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसे अनेक मामले देखने में आए हैं, जब उच्च पदों पर आसीन व्यक्तियों ने अपनी नौकरी से त्याग पत्र देकर अपना व्यवसाय प्रारंभ किया। नौकरी में सीमित आय होती है, जबकि व्यवसाय के माध्यम से व्यक्ति अपार संपत्ति अर्जित कर सकता है। देश के अनेक लोग व्यवसाय के माध्यम से ही निर्धनता से निकलकर धनवान बने हैं। वास्तव में स्वरोजगार से जहां एक ओर बेरोजगार युवा को रोजगार मिलता है, वहीं दूसरी ओर उसके परिवार के अन्य सदस्यों को भी रोजगार प्राप्त होता है। इससे उन्हें नियमित रूप से काम मिलता है। उनका रोजगार स्थायी होता है, तो इससे उनकी आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होती है। इससे निर्धनता कम करने में भी सहायता मिलती है।

वास्तव में निर्धनों को आर्थिक अवसरों की अत्यंत आवश्यकता है, इसलिए उनके कार्य क्षमताओं को विकसित करने के संबंध में भी अपार अवसर हैं। देश के जनसांख्यिकीय अधिशेष को एक लाभांश में विकसित करने के लिए सामाजिक एकजुटता के साथ ही मजबूत संस्थानों के एक नेटवर्क का होना अति आवश्यक है। भारतीय और वैश्विक नियोक्ता के लिए ग्रामीण निर्धनों को वांछनीय बनाने के लिए कौशल्य के वितरण के लिए गुणवत्ता और मानक सर्वोपरि हैं। इस योजना के अंतर्गत कई कार्य किए जाते हैं, जिनमें कौशल्य एवं नियोजन, अवसर पर समुदाय के भीतर जागरूकता पैदा करना, निर्धन ग्रामीण युवाओं की पहचान करना, परिक्षण व कार्य में रुचि रखने वाले ग्रामीण युवाओं को एकत्रित करना, युवाओं और उनके माता-पिता की काउंसलिंग तथा योग्यता के आधार पर उनका चयन करना, रोजगार के अवसर को बढ़ाने के लिए ज्ञान, उद्योगों से जुड़े कौशल और मनोदृष्टि प्रदान करना, ऐसी नौकरियां प्रदान करना, जिनका सत्यापन स्वतंत्र जांच करने की विधियों से किया जा सके और जो न्यूनतम पारिश्रमिक से अधिक भुगतान करती हों, आदि सम्मिलित हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### 50 हजार खर्च कर बेंगलुरु से मंडी पहुंचे कृष्ण


कृष्ण लाल अपने संबंधियों के साथ।

**मंडी।** लोकतंत्र के महापर्व में मतदान के महत्व को समझना चाहिए तो 90 वर्षीय कृष्ण लाल से सीखना चाहिए, जो 50 हजार रुपए की राशि खर्च अपने पैतृक गांव मंडी पहुंचे। बता दें कि मंडी निवासी कृष्ण लाल बेंगलुरु में रहते हैं और एक जून को मतदान के लिए बैंगलोर से चंडीगढ़ तक हवाई जहाज से आए तत्पश्चात सड़क मार्ग से मंडी पहुंचे। इनको मंडी पहुंचाने में दामाद और बेटी ज्योति अरोड़ा का महत्वपूर्ण योगदान है।

### जिले में मतदान केंद्रों के भवनों में परिवर्तन

**मंडी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि मंडी जिले के कुछ मतदान केंद्रों के भवन के क्षतिग्रस्त तथा स्कूल के स्तरोन्नत होने के कारण उनके भवन और मतदान केंद्र के नाम में परिवर्तन किया गया है। उन्होंने बताया कि द्रंग विधानसभा क्षेत्र के हणोगी मतदान केंद्र, जो राजकीय प्राथमिक पाठशाला डुंगर में स्थापित किया गया था उसे कम्यूनिटी हाल समीप गो सदन हणोगी में परिवर्तित किया गया है। इसी तरह धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के हियूण मतदान केंद्र को राजकीय प्राथमिक पाठशाला हियूणगलू से महिला मंडल भवन हियूण दोयम तथा बल्ह विधानसभा क्षेत्र के घड़यात्र मतदान केंद्र को पंचायत घर लुहाखर से पटवार खाना घड़यात्र में बदला गया है। इसी तरह द्रंग विधानसभा क्षेत्र के बरधान मतदान केंद्र को राजकीय उच्च पाठशाला बरधान से राजकीय प्राथमिक पाठशाला बरधान, चेलिंग मतदान केंद्र को राजकीय माध्यमिक पाठशाला मठियाना स्थित टिक्कन से राजकीय उच्च पाठशाला मठियाना स्थित टिक्कन, जबकि खिल मतदान केंद्र को राजकीय माध्यमिक पाठशाला खिल से राजकीय उच्च पाठशाला खिल में परिवर्तित किया गया है।

### बगला की मानसी ने प्राप्त किए 94 प्रतिशत अंक



**नेरचौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बगला में दसवीं की वार्षिक परीक्षा का परिणाम अच्छा रहा है। मानसी ने 700 में से 658 यानी 94 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं, जबकि अदिति ने 700 में से 625 नंबर हासिल किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य मधु शर्मा ने 10वीं कक्षा के बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने होनहार बच्चों का मुंह मीठा करवाकर उन्हें सम्मानित भी किया।

### भाषण प्रतियोगिता में सिमरन पहले नंबर पर

**कोटली।** उपमंडल स्तरीय अन्तर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस का आयोजन उपमंडलाधिकारी (ना.)असीम सूद की अध्यक्षता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बग्गी तुंगल में किया गया, जिसमें 26 प्रतिभागियों ने भाषण, नारा लेखन और चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें ललित कुमार, अर्चना शर्मा, तेजा देवी, हिमरी ठाकुर, सुनीता देवी और बन्दना ठाकुर ने निर्णायक मंडल में भूमिका निभाई। भाषण प्रतियोगिता में सिमरन ने प्रथम, नीलम ने द्वितीय तथा प्रिया ने तृतीय स्थान हासिल किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में कविता ने प्रथम, जया ने द्वितीय तथा योगेश ने तृतीय स्थान हासिल किया। चित्रकला में मुस्कान ने प्रथम, तनु देवी ने द्वितीय और प्रांजल ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य किशोरी लाल ठाकुर ने विद्यार्थियों को मानव सेवा के लिए प्रेरित किया। मुख्यातिथी ने बच्चों को मतदान के प्रति जागरूक किया और विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए।

### 10वीं में अक्षरा 672 अंक लेकर स्कूल में प्रथम



**सरकाघाट।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित किए गए दसवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में हिमालयन स्कूल सरकाघाट के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। अक्षरा ने 96 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, श्रेया शर्मा ने 95 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा अभिनव शर्मा ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस शानदार सफलता पर प्रधानाचार्या प्रेमलता डोगरा ने उत्कीर्ण हुए सभी छात्रों उनके अभिभावकों, अध्यापकों को बधाई दी।

### युवाओं को बताया मतदान का महत्व

**पधर।** स्वीप के तहत नोडल अधिकारी डॉ. कल्याण चंद मंडोत्रा की अध्यक्षता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पनारसा और गवर्नमेंट आईटीआई थलौट में मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिला मंडलों ने भी भाग लिया। इस दौरान नारा लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई। उन्होंने कहा कि मत प्रतिशत बढ़ाने में युवा एवं नए मतदाताओं की अहम भूमिका है। ऐसे में सभी युवा मतदाताओं से भारी संख्या में मतदान में भाग लेने का आह्वान किया और इसके लिए शपथ भी दिलाई।

### 24 मई को होगी दूसरी चुनावी रिहर्सल

**मंडी।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सदर ओम कांत ठाकुर ने बताया कि 33-मंडी विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों की दूसरी चुनावी रिहर्सल 24 मई को सुबह 9:30 बजे से संस्कृति सदन के सभागार में होगी। पहले यह रिर्हसल 22 मई को निर्धारित की गई थी। उन्होंने बताया कि रिहर्सल में पीठासीन अधिकारी, सहायक पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी भाग लेंगे। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पोलिंग स्टाफ जो मंडी के अलावा अन्य संसदीय क्षेत्रों से संबंध रखते है वे सभी 24 मई को पोस्टल बैलट से अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पोलिंग स्टाफ जो 24 मई को वोट नहीं डाल पाएगा वह तीसरी रिहर्सल में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि पोलिंग स्टाफ के अलावा अन्य लोग जो इलेक्शन ड्यूटी पर हैं वो 29 मई से 31 मई तक वोटर सुविधा केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### 'मतदान करना हमारा संवैधानिक अधिकार'

**सरकाघाट।** लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत स्वीप कार्यक्रम में स्वीप टीम ने बुधवार को रखोटा पंचायत के बूथ नं.-28 और चौक पंचायत के बूथ नं.- 06, 07 तथा आसपास के क्षेत्रों के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने बताया कि सरकार चुनने में मतदान करना हमारा संवैधानिक अधिकार तो है ही कर्तव्य भी है। उन्होंने आगामी 1 जून को तमाम मतदाताओं से मतदान करने का आह्वान किया। स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकरी कर्म सिंह पराशर की अगुवाई में स्वीप टीम ने मतदान केंद्रों में सैल्फी प्वाईट, हस्ताक्षर अभियान व शपथ के माध्यम से लोगों को जागरुकता संदेश देकर मतदान के लिए प्रेरित किया।

### गोवंश को संरक्षण दें विभाग व पंचायतें : वर्मा

**मंडी।** भारत सरकार के जीव जंतु कल्याण बोर्ड से मनोनीत जीव जंतु कल्याण प्रतिनिधि, पर्यावरण विद्, राष्ट्रपति पुरस्कृत सीताराम वर्मा ने उपमंडलाधिकारी नागरिक सुंदर नगर व बल्ह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुंदर नगर व बल्ह, तथा पशुपालन विभाग सुंदर नगर से मांग की है कि वह अपने-अपने क्षेत्र की सड़कों को बेसहारा गोवंश से मुक्त करें और इन्हें क्षेत्र के गो सदनों में आश्रय दें। यदि फिर भी कुछ गोवंश बच जाए तो उनके लिए अस्थाई बड़ा बनवाकर उसमें गोवंश को सुरक्षित करें। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार प्रत्येक गोवंश को को ₹700 प्रति महिना दे रही है जिसे जून से ₹1200 कर दिया जाएगा। उन्होंने खेत व्यक्त किया कि हिमाचल के मुख्य न्यायाधीश ने इन विभागों तथा ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगर परिषदों व नगर निगमों को सख्त आदेश दिए हैं कि गोवंश को संरक्षण देना प्रत्येक का कर्तव्य है।

### मन्नत ठाकुर 684 अंक लेकर स्कूल में प्रथम

**जोगिंद्रनगर।** गरोडू स्थित न्यू क्रिसेंट सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर की दसवीं कक्षा का परिणाम शानदार रहा है।छात्रा मन्नत ठाकुर ने 684/700 अंक लेकर प्रथम, अवंतिका ने 678/700 अंक लेकर द्वितीय तथा कृतिका शर्मा ने 675/700 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। स्कूल के |0 बच्चों ने 90 से अधिक अंक हासिल किए हैं। ध्यान देने वाली बात है कि 10 बच्चों ने गणित, विज्ञान अंग्रेजी, हिंदी और कंप्यूटर साइंस में 100-100 तथा 99-99 अंक प्राप्त किए हैं। स्कूल की प्रधानाचार्या शशि किरण तथा निर्देशक विजय शर्मा ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट तथा शानदार प्रदर्शन करने पर सभी बच्चों, उनके माता-पिता तथा अध्यापकगण को हार्दिक बधाई तथा शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# गोल पौड़ियों के साथ बनी पदम संभव की मूर्ति शरारती तत्वों ने की खंडित

## थम नहीं रहा शहर की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का सिलसिला, लोगों में आक्रोश

**पुष्पराज, मंडी**


विक्टोरिया ब्रिज के समीप निर्मित गोल पौड़ियां और दीवार पर उकेरी मूर्तियां तथा (इनसेट मूर्ति का तोड़ा गया पैर।

मंडी शहर में शरारती तत्वों के द्वारा लगातार शहर की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। शहर के विक्टोरिया ब्रीज के समीप नवनिर्मित गोल पौड़ियों का कार्य कुछ हद तक तो पूरा हो चुका है और शहर की सुंदरता को बढ़ाने के लिए इन पौड़ियों के साथ बनी पदम संभव की मुर्ति नुमा स्वरूप को भी शरारती तत्वों का ग्रहण लग गया है। नवनिर्मित इस स्वरूप का पैर शरारती तत्वों द्वारा खंडित कर दिया गया जिस पर शहरवासियों ने भारी रोष व्यक्त किया है। बता दें कि नगर निगम द्वारा लगभग 8 लाख रुपए की लागत से इनका निर्माण करवाया गया था लेकिन प्रशासन और नगर निगम द्वारा शहर की सुंदरता को बढ़ाने के लिए जुटाई संपत्ति को शरारती तत्वों द्वारा नुकसान पहुंचाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### शहरवासी कर रहे सीसीटीवी कैमरों की मांग


चंद्रशेखर वैद्य और सरिता हांडा

**इस** घटना से लोगों में भारी रोष है। वीर मंडल के प्रधान चंद्रशेखर वैद्य ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि मूर्ति खंडित करने वालों की छानबीन कर उन्हें दंडित करना चाहिए, ताकि जीवन में कभी ऐसे कृत्य न करें। यहां पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, ताकि शहर की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले शरारती तत्वों की पहचान की जा सके। वहीं, पूर्व पार्षद सरिता हांडा ने कहा कि अभी इनको बने महीना नहीं हुआ कि मूर्ति का पैर तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन को चाहिए कि इन चीजों के रख-रखाव का भी प्रावधान करें और उक्त स्थान पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, ताकि शरारती तत्वों को पकड़ कर उन्हें सबक सिखाया जा सके। इधर नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने बताया कि शहर के कुछ महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग चल रही है जिस पर नगर निगम कार्य भी कर रहा है। चुनावों के उपरांत कैमरे लगाने की प्रक्रिया पर चर्चा की जाएगी और शरारती तत्वों द्वारा तोड़ा गया पैर भी जल्द ही दुरूस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने शहर वासियों से अपील की है कि शहर की संपत्ति को अपनी संपत्ती समझ कर इसके रखरखाव में नगर निगम का सहयोग करें।

# दुष्कर्म के दोषी को सात साल का कारावास व 25000 रुपए जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

न्यायालय में मंडी की अदालत ने एक व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म का अभियोग सिद्ध होने पर दोषी को आईपीसी की धारा 376 के तहत सात वर्ष के साधारण कारावास के साथ 25000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई और आईपीसी की धारा 323 के तहत 1 वर्ष के साधारण कारावास के साथ 1000 रुपए जुर्माने की सजा, भारतीय दंड संहिता की धारा 458 के तहत 2 वर्ष के साधारण कारावास के साथ 5000 रुपए जुर्माने की सजा, आईपीसी की धारा 506 के तहत 1 वर्ष के साधारण कारावास के साथ 1000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

यदि उक्त दोषी जुर्माना अदा नहीं करता है तो सजाओं में एक वर्ष से लेकर एक महीने तक अतिरिक्त साधारण कारावास दोषी को भुगतना पड़ेगा। कारावास की सजाएं साथ-साथ चलेंगीं। लोक अभियोजक मंडी, नवीना राही ने बताया कि 25 नवंबर 2016 को पुलिस को शिकायत प्राप्त हुई थी कि 24 नवंबर 2016 को पीडिता का पति रिश्तेदारी में शादी में शामिल होने गया था। पीड़िता घर में अकेली थी रात को तकरीबन 10 बजे पड़ोस का एक व्यक्ति कमरे के अंदर आया पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता को धमकी भी दी कि अगर उसने शोर मचाया तो वह पीड़िता को और उसके बच्चों को खत्म कर देगा।

उक्त घटना के आधार पर दोषी के खिलाफ पुलिस थाना गोहर, जिला मंडी में मामला 173/2016 दर्ज हुआ था। मामले की छानबीन पूरी होने पर मामले का चालान थाना अधिकारी गोहर द्वारा अदालत में दायर किया था। न्यायालय के समक्ष उक्त मामले में सरकार की तरफ से पैरवी जिला न्यायवादी विनोद भारद्वाज, उप जिला न्यायवादी, नितिन शर्मा ने अमल में लायी थी और अभियोजन पक्ष ने इस मामले में 14 गवाहों के ब्यान कलम बंद करवाए थे।

# 'स्वीप' के तहत करवाईं प्रतियोगिताएं मतदान करने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**


आयुर्वेदिक फार्मेसी कॉलेज जोगिंद्रनगर में आयोजित कार्यक्रम में सामूहिक चित्र में प्रशिक्षु।

सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के तहत आयुर्वेदिक फार्मेसी कॉलेज जोगिंद्रनगर स्थित एप्रोच रोड में भाषण, नारा लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राकेश थम्मन ने की।

इस मौके पर स्वीप टीम के सदस्य एवं नोडल अधिकारी खजान सिंह ठाकुर तथा सहायक लोक संपर्क अधिकारी राजेश जसवाल ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। समाज के दूसरे लोगों को भी मतदान में भाग लेने के लिए जागरूक करने पर बल दिया। इसकी पुष्टि करते हुए सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने कहा कि एक सशक्त व मजबूत लोकतंत्र निर्माण के लिए सभी मतदाता एक जून को अपने मताधिकार का जरूर उपयोग करें तथा देश के प्रति अपनी सबसे जिम्मेदारी का भी निर्वहन करें। इस दौरान कॉलेज विद्यार्थियों को ईवीएम व वीवीपैट मशीनों से संबंधित जानकारी दी और मतदान में भाग लेने के लिए शपथ भी दिलाई गई।

इस मौके पर प्राध्यापक सुरेश भंडारी, श्रुति शर्मा, प्रियंका वालिया तथा प्रिंस चौधरी सहित कॉलेज का अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा।

#### भाषण में आंचल प्रथम

नारा लेखन प्रतियोगिता में कॉलेज की मुस्कान व टीम पहले, अभिनव व टीम दूसरे तथा साक्षी व टीम तीसरे स्थान पर रहीं। इसी तरह पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अक्षय व टीम, सृजन व टीम तथा निशांत व टीम क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह भाषण प्रतियोगिता में कॉलेज की छात्रा आंचल प्रथम, मुस्कान कटोच द्वितीय तथा रितिक तृतीय स्थान पर रहा। सभी विजेता विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित कर पुरस्कृत किया गया।

# एसडीएम ने लांच किया गाना मतदान जागरूकता का देगा संदेश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**


गाना लांच करते हुए एसडीएम मनीश चौधरी।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने आगामी 1 जून को होने जा रहे आम लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता को आज एक गाना जारी किया। सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत शीर्षक 'ट्वोट अपना पाणाट्ठ' गाने का यह वीडियो जारी किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्थानीय बोली में तैयार यह वीडियो गाना जहां लोगों का मनोरंजन करेगा तो वहीं मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने इस गाने को प्रशांत ठाकुर ने गाया है तथा इसके बोल राम चंद ठाकुर ने लिखे हैं। गाने को संगीत देव नेगी ने दिया है, जबकि फिल्मांकन पंकज सुयाल ने किया है। उन्होंने बताया कि मतदाता जागरूकता पर आधारित इस गाने को एसडीएम जोगिन्दर नगर के यूट्यूब चैनल में देखा जा सकता है। इसके साथ-साथ इसे एसडीएम के फेसबुक पेज व एक्स अकाउंट में भी सुना व देखा जा सकता है। एसडीएम ने गायक प्रशांत व गीतकार रामचंद के प्रयासों की भी सराहना की है। इस मौके पर तहसीलदार डॉ. मकुल शर्मा, एपीआरओ राजेश, चुनाव सहायक मोहन, गायक प्रशांत, गीतकार रामचंद ठाकुर भी मौजूद रहे।

### 'स्वीप' टीम ने मुराहला के वोटरों को किया जागरूक

**गोहर।** एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने अपनी स्वीप टीम सहित मतदान केंद्र 82-मुराहला का दौरा किया। यह मतदान केंद्र नाचन विधानसभा का सबसे दुर्गम मतदान केंद्र में से एक व नाचन निर्वाचन क्षेत्र का सबसे ऊंचाई 7900 फीट पर स्थित मतदान केंद्र है। गोहर से वाया जाच्छ होते हुए बेहद कठिन पथरीले रास्ते से होते हुए और उसके बाद लगभग एक घंटे की पैदल यात्रा के बाद एसडीएम की अध्यक्षता में स्वीप टीम 82-मुरहाला के मतदान केंद्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला मुराहला पहुंची।

एसडीएम गोहर ने लोगों को बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव नाचन में 81 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा गया है। एसडीएम ने लोगों को मतदान शपथ दिलाई और अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक किया।

# धर्मपुर के किसानों ने करसोग के नांज में सीखे मोटे अनाज की खेती के गुर


पद्मश्री नेक राम से मोटे अनाज के गुर सिखते किसान।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

धर्मपुर किसान उत्पादक संघ की 36 सदस्यों ने करसोग के पद्मश्री नेक राम के गांव नांज में मोटे अनाज की खेती के गुर सीखे।

एफपीओ के अध्यक्ष सतपाल चौहान और सचिव भूपेंद्र सिंह की अगुवाई में गए दल ने पहले दिन बरोहकडी-झूंगी और माहूंनाग में दो एफपीओ और चुराग में महिला समुहों द्वारा चलाई जा रही ग्राम दुकान का भी अध्ययन किया। दूसरे दिन बुधवार को पद्मश्री डॉ. नेकराम शर्मा के गांव नांज-करसोग का दौरा किया।

पद्मश्री नेकराम शर्मा ने अध्यन दल को बताया कि उन्होंने वर्ष 1992 से साक्षरता और ज्ञान विज्ञान कार्यकर्ता के लिए में काम किया था और बाद में वन सरंक्षण के लिए कार्य किया और फिर मोटे अनाज की खेती और उसके पैदावर बढ़ाने तथा उसके उत्पाद बनाने में कार्य किया,जिसके लिए उन्हें पद्मश्री पुरस्कार दिया गया है। उन्होंने किसानों को 9 प्रकार मोटे अनाज व दालें प्राकृतिक विधि से उगाने बारे प्रेरित किया।

इस दौरान किसानों के साथ पूर्व जिला पार्षद श्याम सिंह चौहान, रामलाल, संतोष कुमारी पंचायत प्रतिनिधि और एफपीओ सदस्य भी उपस्थित रहे।

### लीलाधर बने कांग्रेस के जिला महासचिव

**पंडोह।** सिराज विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत लेहथाच के लीलाधर चौहान को कांग्रेस पार्टी ने जिला महासचिव के पद से नवाजा है। एसी अधिसूचना कांग्रेस के संगठन महासचिव रजनीश द्वारा जारी की गई है। लीलाधर सिराज क्षेत्र के पत्रकार एवं समाजसेवी हैं।

इन्होंने अपनी पुरी युवावस्था समाज सेवा में निर्धन लोगों के हक, अधिकार व न्याय दिलाया है। नवनियुक्त जिला महासचिव लीलाधर ने इस नियुक्ति पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षा एवं सांसद प्रतिभा सिंह, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, प्रदेश कांग्रेस महासचिव चेत राम ठाकुर व जिला कांग्रेस कमेटी मंडी के अध्यक्ष प्रकाश चौधरी का आभार व्यक्त किया है।

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं सराज के नेता चेत राम ठाकुर, मंडल अध्यक्ष टेक सिंह, युकांध्यक्ष गोपाल सेगहल, गणेश चौहान सहित अन्य पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

# करसोग की दिव्यांशी ने मेरिट में पाया 10वां स्थान


करसोग की दिव्यांशी को सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, करसोग**

हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में करसोग वैली हाई स्कूल की छात्रा दिव्यांशी ने 700 में से 690 अंक अर्जित कर प्रदेशभर में 10वां स्थान हासिल किया है।

दिव्यांशी का परिवार उत्तर प्रदेश से संबंध रखता है, जोकि पिछले लगभग 20 वर्षों से करसोग में अपना व्यवसाय करता है। दिव्यांशी ने बताया कि वह प्रतिदिन 3 से 4 घंटों तक पढ़ाई के लिए समय देती है, जिसके चलते वह इस मुकाम तक पहुंच पाई है। दिव्यांशी ने बताया कि वह भविष्य में आईएएस अधिकारी बनाना चाहती है। दिव्यांशी अपने पिता जगदीश गुप्ता को आदर्श मानती है, जिन्होंने दिन-रात मेहनत कर उसे अच्छी शिक्षा प्रदान की।

वहीं, दिव्यांशी की सफलता पर स्कूल के प्रिंसिपल ने कहा कि दिव्यांशी की सफलता से स्कूल के अन्य बच्चों को प्रेरणा मिली है। इस सफलता पर पूरे स्कूल ने दिव्यांशी को शुभकामनाएं दी हैं।

### भारी मात्रा में शराब व बियर बरामद, जीप चालक हिरास्त में

**नेरचौक।** बल्ह पुलिस ने अवैध रूप से ले जाई जा रही शराब की 156 और बीयर की 600 बोतल पकड़ने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार बल्ह पुलिस की एक टीम जब ने नेरचौक कालखर सड़क पर कांढी मोड़ के पास नाका लगाया हुआ था तो पुलिस टीम ने एक जीप को रोका जीप की तलाशी लेने पर उसमें 156 शराब की 156 और बियर की 600 बोतल बरामद की। जिस पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए जीप को शराब सहित कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया। जीप चालक धर्म सिंह गांव धडवाहन का बताया जाता है। थाना प्रभारी बल्ह प्रोबेशनरी आईपीएस गौरव जीत सिंह ने बताया कि पुलिस अवैध रूप से कारोबार कर रहे लोगों पर कड़ी नजर बनाए रखे हुए हैं उन्होंने कहा कि पुलिस क्षेत्र में किसी भी अवैध कारोबार को फलने फूलने नहीं देगी अवैध रूप से शराब का कारोबार करने वालों पर पुलिस भविष्य में भी कड़ी कार्रवाई अमल में लाएगी उन्होंने बताया कि बल्ह पुलिस की एक टीम ने 13 पेटी शराब और 50 पेटी बियर की बरामद की है जीप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस कार्यवाही जारी है।


पकड़ी गई शराब व जीप चालक पुलिस टीम के साथ।




## केलांग में आज गरजेंगे भाजपा के दिग्गज

**केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति मुख्यालय केलांग में माहौल गर्माने वाला है। वीरवार को भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। नामांकन के दिन भाजपा के बड़े दिग्गज यहां पर खूब गरजेंगे। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सहित मंडी लोकसभा प्रत्याशी कंगना, संसदीय प्रभारी गोविंद ठाकुर, लाहौल-स्पीति प्रभारी महेंद्र ठाकुर सहित उत्तराखंड के मंत्री भी नई को केलांग में आयोजित होने जा रही जनसभा में भाग लेने आ रहे हैं। कांग्रेस से भाजपा में आए रवि ठाकुर एक महीने से चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। वह समस्त विधानसभा क्षेत्र में एक दौरा पूरा कर चुके हैं और आज नामांकन को तैयार हैं। लिहाजा, आज भाजपा के प्रत्याशी रवि ठाकुर के पक्ष में प्रदेश के भाजपा नेताओं के साथ ही उत्तराखंड से शिक्षा मंत्री यहां पहुंचेंगे और जनसभा में खूब गरजेंगे। उधर, भाजपा प्रत्याशी ने जिले के लोगों से आग्रह किया कि भारी संख्या में आकर उनका हौसला बढ़ाएं। लाहौल-स्पीति की जनता समझ चुकी है कि सुक्खू की सरकार ने उनकी तथा लाहौल-स्पीति की जनता की अनदेखी की है। सनद रहे कि लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर एक माह से प्रचार में जुटे हुए हैं और अभी तक समस्त विधानसभा क्षेत्र का एक दौरा पूरा कर चुके हैं और आज नामांकन को तैयार हैं।

> भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर के नामांकन में जयराम कंगना व अन्य दिग्गज नेता करेंगे शिरकत

# मार्कंडेय ने भी किया सियासी जंग का ऐलान

### 13 मई को लाहौल-स्पीति उपचुनाव के लिए आजाद प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरेंगे डॉ. रामलाल मार्कंडेय

**कमलेश वर्मा, केलांग**

लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र से पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय ने अब सियासी जंग का ऐलान कर दिया है। भाजपा की ओर से टिकट कटने के बाद जहां डॉ. रामलाल मार्कंडेय को कांग्रेस की ओर से टिकट मिलने की पूरी उम्मीद थी। वहीं, राजनीतिक गलियारों में यह भी बात कही जा रही थी कि कांग्रेस लगातार उनके संपर्क में थी, उनका टिकट लगभग पक्का भी था, लेकिन ऐन मौके पर उनका टिकट काट कर अनुराधा राणा को दिया गया।

इसके बाद अब उन्होंने आजाद रूप से चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने यह निर्णय समर्थकों के साथ बैठक करने के बाद लिया है। मार्कंडेय ने इस दौरान दोनों पार्टियों के नेतृत्व पर उनके साथ धोखा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने सभी लाहौल-स्पीति के वासियों से 13 मई को नामांकन के दौरान साथ देने की अपील की है।



पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय के आजाद प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने के ऐलान के बाद घाटी में महिलाएं उनका स्वागत करती हुईं।

इसी के साथ डॉ. रामलाल मार्कंडेय ने अपने प्रचार को धार दी। उन्होंने कहा कि धनवल का लोभ देने वालों को विधानसभा क्षेत्र का जन बल जवाब देगा। बुधवार को माता मृकुला माता मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद डॉक्टर रामलाल मार्कंडेय का लाहौल घाटी के नामू, आहत, चारु, कोरकी गांव से अपना प्रचार शुरू कर दिया है, गांव पहुंचने पर सभी गांव वासियों ने उनका स्वागत किया।

मार्कंडेय ने प्रचार की शुरुआत करते ही अपने विरोधियों पर जबरदस्त प्रहार किया उन्होंने कहा कि बड़ी पार्टियों के लोग धनबल का लालच देकर विधानसभा की जनता को बहकाने की कोशिश कर रहे हैं, जो नेता लाहौल-स्पीति का सौदा बाहर के लोगों से कर चुके हैं वह क्या क्षेत्र की जनता के हितों की रक्षा करेंगे। उधर, मार्कंडेय के पक्ष में पूर्व प्रधान जाहलमा सुरेंद्र सिंह, दिनेश टेंटा शांशा, राम चंद शकोली, नूरा राम, मडग्रां, हिरा लाल, बदरंग, लाल चंद बरदंग, करतार तिंदी, सोन देव पिमल, अभिषेक कोठी, प्रेम सिंह कुकमसेरी, भादर सिंह पिमल और माधो राम एक्स सर्विस मैन मडग्रां समर्थन में उतर गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### सीएम सुक्खू पर लगाया आरोप

इस दौरान मार्कंडेय ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर आरोप लगाया कि उन्होंने कांग्रेस पार्टी से टिकट देने का वादा किया था, लेकिन एन मौके पर पांच बजे को मेरा नाम हटा दिया गया। सीएम ने उनके साथ धोखा किया है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा को मैंने खून पसीने के साथ सींचा है, लेकिन पार्टी के नेताओं ने मेरे साथ विश्वासघात किया है। इसका जवाब यहां की जनता दोनों पार्टियों को जरूर देगी।

## घास काटते समय ढांक से गिरी महिला, मौत

**बंजार।** बंजार उपमंडल की पंचायत मशियार के गांव घालियाड़ की एक 69 वर्षीय महिला की घास काटने समय गिर जाने से मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार विमला देवी घालियाड़ डाकघर बठाहड का शव खड्ड के किनारे मिला।

इस बारे में गांव के युवक धनी राम ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया गया कि वह बठाहड़ बाजार में आया था तथा शाम के समय करीब 4.30 बजे शाम वह अपने घर घालियाड़ जा रहा था, तो अचानक से खड्ड के किनारे उसने देखा कि महिला सिर के बल खड्ड में गिरी हुई थी, जबकि उसका सिर पत्थर से टकरा कर लहूलुहान हो चुका था और पत्थर पर भी खून लगा था व उसने दराटी भी पड़ी हुई थी। विमला देवी घास काटने खड्ड के ऊपर वाली साइड आई थी, जहां (ढांक) से गिरकर नीचे खड्ड में जा गिरी। इस घटना के दौरान विमला देवी के परिजन आनी में लगने वाले देवता विष्णु-नारायण के मेले में गए थे। उक्त युवक ने तुरंत ही सभी गांव वालों को बुलाकर घटना की जानकारी दी तथा प्रधान शांता व उपप्रधान वीर सिंह को घटनास्थल पर बुलाया। गांव के प्रधान ने विमला देवी के घर वालों से बात की तो उन्होंने बताया कि इन्हें अस्पताल लेकर जाओ। इसके बाद गांव वालों ने मिलकर विमला देवी को अस्पताल पहुंचाया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों की ओर से महिला को मृत घोषित किया गया। विमला देवी के बेटे तिलक राज 52 पुत्र बेली राम गांव घालियाड़ ने अपनी माता की मौत पर कोई शक जाहिर न किया है। वहीं, पुलिस द्वारा बुधवार को महिला के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### किसानों ने सीखे मोटे अनाज की खेती के गुर



**सरकाघाट।** धर्मपुर किसान उत्पादक संघ की 36 सदस्यों ने करसोग के पद्मश्री नेक राम के गांव नांज में मोटे अनाज की खेती के गुर सीखे। एफपीओ के अध्यक्ष सतपाल चौहान और सचिव भूपेंद्र सिंह की अगुवाई में गए दल ने पहले दिन बरोहकडी-झूंगी और माहूंनाग में दो एफपीओ और चुराग में महिला समुहों द्वारा चलाई जा रही ग्राम दुकान का भी अध्ययन किया। दूसरे दिन बुधवार को पद्मश्री डॉ. नेकराम शर्मा के गांव नांज-करसोग का दौरा किया। पद्मश्री नेकराम शर्मा ने अध्यन दल को बताया कि उन्होंने वर्ष 1992 से साक्षरता और ज्ञान विज्ञान कार्यकर्ता के लिए में काम किया था और बाद में वन सरंक्षण के लिए कार्य किया और फिर मोटे अनाज की खेती और उसके पैदावर बढ़ाने तथा उसके उत्पाद बनाने में कार्य किया,जिसके लिए उन्हें पद्मश्री पुरस्कार दिया गया है। उन्होंने किसानों को 9 प्रकार मोटे अनाज व दालें प्राकृतिक विधि से उगाने बारे प्रेरित किया। इस दौरान किसानों के साथ पूर्व जिला पार्षद श्याम सिंह चौहान, रामलाल, संतोष कुमारी पंचायत प्रतिनिधि और एफपीओ सदस्य भी उपस्थित रहे।

### 9 मई को हिमतरु का स्थापना दिवस समारोह

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित जिला परिषद भवन के सभागार में हिमतरु का स्थापना दिवस समारोह मनाया जाएगा। हिमतरु प्रकाशन समिति आज जिला परिषद् सभागार में 20वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन करेगी, जिसमें सचिव शिक्षा, भाषा कला संस्कृति, सूचना संपर्क विभाग, सामान्य प्रशासन, सैनिक कल्याण, पशुपालन विभाग, संसदीय कार्य व सचिव मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सरकार राकेश कंवर बतौर मुख्यातिथि सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश कार्यक्रम में बतौर विशेष अतिथि उपस्थित रहेंगी। हिमतरु प्रकाशन समिति के सचिव किशन श्रीमान ने बताया कि समारोह में आमंत्रित अतिथि साहित्यकारों, विद्वानों की ओर से जहां महत्वपूर्ण वक्तव्य प्रस्तुत किए जाएंगे, वहीं कुल्लू साहित्य उत्सव विशेषांक व कहानीकार शेर सिंह की पुस्तक यायावरी का लोकार्पण भी किया जाएगा। हिमतरु प्रकाशन समिति कला, भाषा, संस्कृति, साहित्य, पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सरोकारों के लिए समर्पित एक संस्था है तथा इसके माध्यम से वर्षभर में अनेक गतिविधियां आयोजित होती रहती हैं। समिति ने गत 19 वर्षों में कला, साहित्य एवं संस्कृति व प्रकाशन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं तथा संस्था के ये प्रयास भविष्य में भी जारी रहेंगे।

### अधिकारी दायित्वों का ईमानदारी से करें निर्वहन

**करसोग।** लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत करसोग अनुसूचित जाति विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर अधिकारियों के लिए बैठक का आयोजन सहायक रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम करसोग राज कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान राज कुमार ने कहा कि सेक्टर ऑफिसर उनके अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्रों का 13 से 15 मई तक भौतिक सत्यापन कर संबंधित मतदान केंद्र में बिजली, पानी, और शौचालय आदि मूलभूत सुविधाओं को जांचना सुनिश्चित करें। सभी मतदान केंद्रों पर संबंधित मतदान केंद्र का नाम बिलकुल स्पष्ट लिखा होना चाहिए। अधिकारी अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें। मतदान केंद्रों का एक मैप भी तैयार करें। मैप में रोड कनेक्टिविटी को स्पष्ट तरीके से दर्शाया जाना चाहिए, ताकि मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में संबंधित मतदान केंद्र पर आसानी से पहुंचा जा सके।

### पेंटिंग से बताई नर्सिज की एहमियत



**कुल्लू।** क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज में चल रहे नर्सिंग सप्ताह कार्यक्रम में आर्ट एंड क्राफ्ट से संबंधित प्रतियोगिताएं करवाई गईं। बुधवार को क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज में नर्सिंग सप्ताह से अवसर पर सभी नर्सिंग छात्राओं के बीच में समाज में नर्सिज की एहमियत को दर्शाती हुई कोलाज मेकिंग ओर पोस्टर मेकिंग की प्रतियोगिता करवाई गई। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका कॉलेज की शिक्षिका हिना शिवानी और थुली देवी, सुनैना, रुचिका ओर प्रिया ने निभाई। प्रतियोगिता में नर्सिंग छात्राओं ने एक से बढ़कर एक खूबसूरत पोस्टर ओर कोलाज बनाकर पेश किए। इस दौरान निर्णायक मंडल के सदस्यों ने प्रतियोगिता के समाप्त होने के बाद सभी छात्राओं के द्वारा बनाए गए पोस्टर और कोलाज को बारीकी से जांचने के बाद सभी प्रतिभागियों के बीच से प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय ओर तृतीय स्थान

## मतदाताओं से मतदान करने की अपील

**कुल्लू।** जैसे-जैसे चुनाव का समय नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे जिले में सभी पंचायत और सभी गांव और ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए आएं इसके लिए जिला प्रशासन के द्वारा समय-समय पर सूचना जारी कर अपील की जा रही है। इसी कड़ी में रशोल, कउधार तथा कउधार दो के मतदाताओं के पिछले मत प्रतिशत को देखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा संदेश जारी कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने की अपील की गई है। यह संदेश निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम विकास शुक्ला ने मतदाताओं को एक जून को भारी संख्या में मत का प्रयोग करने को कहा है। रशोल, कउधार तथा कउधार दो में अब तक किए गए मत का प्रतिशत सिर्फ 60 या 60 से भी कम का रहा है।

# आनी मेलाः लोक कलाकारों ने पेश की लोक संस्कृति की झलक

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी में मंगलवार से शुरू हुए चार दिवसीय जिला स्तरीय मेले में बुधवार को विभिन्ना स्कूली बच्चों, महिला मंडलों तथा स्थानीय लोक कलाकारों ने खूब रंग जमाया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति में निरमंड के दुर्गम क्षेत्र शलाट् से आए महिला मंडल की महिलाओं ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया।

वहीं, आनी ब्लॉक की विभिन्न महिला मंडलों का पीएम श्री राजकीय आदर्श जमा दो विद्यालय आनी, कन्या विद्यालय आनी, सरस्वती विद्या मंदिर आनी, हिमालयन मॉड्ल स्कूल, मिशन स्कूल ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से मेले में लोक संस्कृति की खूब छटा बिखेरी, जबकि स्थानीय लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां भी सराहनीय रहीं। जमा दो स्कूल बंजार की छात्रा रिया के लोक नृत्य ने सबको मंत्रमुग्ध किया। दिन के मेले में निरमंड के दुर्गम क्षेत्र पंद्रह बीश के कमेडी कलाकारों ने भी अपनी ढाई-फाई की दमदार प्रस्तुति से मेले में आए लोगों को खूब हंसाया। दिन के मेले में प्रधानाचार्य अमर चंद चौहान, जवाहर ठाकुर, सीडीपीओ ईंद्र सिंह गर्ग, प्रोफेसर अशोक शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्थानीय मेला कमेटी की ओर से अध्यक्ष लाल सिंह ने उन्हें टोपी व बैच पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।



आनी मेले के दूसरे दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेते बच्चे।

### किशन वर्मा के नाम रही पहली सांस्कृतिक संध्या

**अनंत ज्ञान, आनी**



चार दिवसीय जिला स्तरीय आनी मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या में हिमाचली लोकगायक किशन वर्मा, पॉल सिंह, डाबे राम कुल्लवी और टविंकल ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से खूब धमाल मचाया। सांस्कृतिक संध्या में वॉइस ऑफ हिमालय तथा रेडियो व दूरदर्शन के ग्रेड कलाकार किशन वर्मा ने अपनी एल्बम के मशहूर गीतों को गाकर सबको नाचने पर मजबूर किया। उन्होंने सबसे पहले तेरा मेरा प्यार अडिए, मुंजी रै लाणे काछु, मेरी साहिबुए, ठांडे पाणी आगे, कांडा चुटा तथा 33 मिलियन वियुज के साथ सबसे पंसंदीदा पहाड़ी गीत पिंक प्लाजो आदि की दमदार प्रस्तुति से दर्शकों को खूब झूमाया। वहीं, सगेती नाटी फेम लोके गायक पॉल सिंह ने अपनी बेहतरीन नाटियों से संध्या में खूब रंग जमाया और दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी।

उन्होंने अपनी एलबम के चर्चित गीत लागी हांडदी रिनुए तू आनी रै बजारा, धारा पारा री सगतड़िये, शुण मेरिये झेचिये, मत निकडे घुमदी, गीतों के अलावा भजनू मेटा तथा खेगसू माता की नाटी की बेहतरीन प्रस्तुति से मेले की पहली संध्या में पहाड़ी लोक संस्कृति की खूब छटा बिखेरी और दर्शकों के साथ-साथ अतिथियों को भी नाचने पर मजबूर किया। संध्या में कुल्लवी गायक डाबे राम कुल्लवी ने भी अपनी दमदार प्रस्तुति से दर्शकों को झुमाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या में पंचायत समिति आनी की अध्यक्षा विजय कंवर ने बतौर मुख्यतिथि और बीडीसी सदस्य आत्मा राम, संदीप ठाकुर, आशा ठाकुर व रामीली देवी के अलावा अन्य सदस्यों ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की।

## व्यय पर्यवेक्षक को लोकसभा चुनाव के विभिन्न प्रबंधों से करवाया अवगत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

लोकसभा आम चुनाव-2024 मंडी संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 17 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त व्यय पर्यवेक्षक भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अधिकारी राकेश ने कुल्लू जिले में निर्वाचन प्रक्रिया में तैनात ह्यअधिकारियों से चुनाव व्यय व निगरानी संबंधी प्रबंधों की जानकारी हासिल की तथा निर्वाचन कार्य में तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने व्यय पर्यवेक्षक को लोकसभा चुनाव के विभिन्न प्रबंधों से अवगत करवाया। डीसी ने बताया कि जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों में 3-3 उड़न दस्ते, 3-3 स्टैटिक सर्विलांस टीमें, 2-2 वीडियो सर्विलांस टीमें, एक-एक वीडियो व्यूइंग टीम और एक-एक अकाउंटिंग टीम तैनात की गई है। इनके अलावा जिला स्तर पर भी एक अकाउंटिंग टीम तैनात की गई है। व्यय पर्यवेक्षक ने जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) और कंट्रोल रूम तथा अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी भी हासिल की तथा चुनाव प्रक्रिया में तैनात नोडल अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए।



## सोलंग व मनाली गांवों का दौरा करेंगी कंगना

**मनाली।** भाजपा मनाली मंडल के अध्यक्ष ठाकुर दास ने कहा कि मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत वीरवार को मनाली दौरे पर रहेंगी और शाम तीन बजे वह सोलंग नाला में लोगों से मिलेंगी।

इस दौरान कंगना कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगी। ठाकुर दास ने कहा कि शाम पांच बजे कंगना मनाली गांव में लोगों से मिलेंगी। शुक्रवार को कंगना सुबह 10 बजे नग्गर से अपने कार्यक्रम की शुरुआत करेंगी। नग्गर के बाद कंगना लराकेलो, कटराई व शुभम में कार्यकर्ताओं से मिलेगी। मनाली से कंगना को भारी बढ़त मिलेगी।

## पीड़ित मानवता की सेवा के लिए निस्वार्थ भाव से आगे आएं लोग : राहुल कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग में जिला स्तरीय रेडक्रॉस दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोकसभा व विधानसभा उपचुनावों के मद्देनजर मतदान प्रतिशतता को बढ़ाने व मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत कई गतिविधियां भी जिला प्रशासन द्वारा आयोजित करवाई गईं।

जिला स्तरीय रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसायटी एवं डीसी राहुल कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। सहायक आयुक्त संकल्प गौतम ने मुख्यातिथि व विशेष रूप से मौजूद केंद्रीय व्यय पर्यवेक्षक सुरेश नंदनवर को खतग व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। डीसी ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा के लिए लोगों को निस्वार्थ भाव से आगे आना चाहिए और रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। रेडक्रॉस सोसायटी की सदस्यता ग्रहण करें व आर्थिक मदद को भी आगे आएं। जरूरतमंद लोगों को जिला रेड क्रॉस सोसायटी की ओर से हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव में मतदाताओं की प्रतिशतता को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित स्वीप गतिविधियों का जिक्र करते हुए डीसी ने कहा कि इस बार जिले में मतदान प्रतिशतता को 80 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लिहाजा, मतदाता जागरूकता से आगे आकर मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।



केलांग में जिला स्तरीय रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर डीसी राहुल कुमार व अन्य।

## देश के विकास में बाधा है आरक्षण : शक्तिचंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सामान्य वर्ग कल्याण समिति हिमाचल प्रदेश जिला मंडी इकाई की बैठक जिला अध्यक्ष जगदीश गुलेरिया और महासचिव मातृ शक्ति पदमा गुलेरिया की अध्यक्षता में चैलचौक में हुई। इसमें शक्ति चंद चौहान प्रदेश अध्यक्ष ने बतौर मुख्यातिथि शिरक्त की।

इस मौके पर गिरिराज ठाकुर को जिला मंडी का महासचिव, उधम सिंह चौहान को कोषाध्यक्ष तथा प्रिंस गुलेरिया को प्रेस सचिव नियुक्त किया गया है। बैठक में आरक्षण एट्रोसिटी एक्ट तथा सामान्य वर्ग आयोग के गठन पर विस्तार से चर्चा हुई। पदमा गुलेरिया व कश्मीर सिंह ठाकुर ने सरकार से एट्रोसिटी एक्ट में संशोधन की मांग कांग्रेस सरकार से की। शक्ति चंद ने कहा कि आरक्षण देश में कैंसर के समान है, देश के विकास में बड़ी बाधा है, इसको लेकर समिति सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर करेगी। 40 प्रतिशत अंक लेना वाला डाक्टर और इंजीनियर देश का क्या भला करेगा यह सब जानते हैं। 40 प्रतिशत अंक लेने वाला डॉक्टर जब ऑपरेशन करेगा तो उसके परिणाम सब जानते हैं। आरक्षण आर्थिक आधार पर होना चाहिए।

इस मौके पर चूडामणि शर्मा, मुख्य संरक्षक खेमचंद, उधम सिंह चौहान, गिरिराज, राजकुमारी, प्रिंस गुलेरिया, श्याम लाल ठाकुर, कश्मीरी सिंह ठाकुर व सोहन सिंह आदि उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान सामूहिक चित्र में सामान्य वर्ग कल्याण समिति के पदाधिकारी।

## सत्य का मनाया 77वां जन्मदिन

**कुल्लू।** सहकार शिरोमणी सत्य प्रकाश ठाकुर का 77वां जन्मदिन उनके निवास स्थान सत्य-प्रेम भवन भुट्टि कालौनी में मनाया गया।

इस दौरान उनके हजारों शुभचिंतक उन्हें शुभकामनाएं देने उनके निवास स्थान पहुंचे। इस बात की जानकारी ठाकुर वेदराम मैमोरियल सोशल, कल्चरल, एन्वायरनमैंट एंड वैलफेयर सोसायटी के प्रधान रमेश ठाकुर ने दी और कहा कि इस दिन को समाजसेवी, जननायक, सहकार शिरोमणी व विकास दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। सभा के सदस्यों ने सभा परिसर, फैक्टरी तथा अन्य जगहों पर साफ-सफाई की।

## मेधावियों को किया सम्मानित





सैंज में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान मुख्यातिथि के साथ स्टाफ व बच्चे।

**अनंत ज्ञान, सैंज**

केंद्रीय विद्यालय एनएचपीसी सैंज में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि विद्यालय की प्राचार्य विनीता परशीरा ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया, जिसके बाद छात्रों ने देवी सरस्वती का आह्वान किया। इसके तत्पश्चात विनीता परशीरा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विभिन्न स्तरों पर छात्रों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और मेधावी छात्रों को शैक्षणिक, खेल और पाठ्यतर गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या ने सभी का आभार व्यक्त किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए उनका मार्गदर्शन किया।

**निरीक्षण** खंड विकास अधिकारी ने ब्यास नदी के किनारे ग्राम पंचायतों का किया औचक निरीक्षण

# कचरे के निष्पादन की व्यवस्था पंचायतस्तर पर करें लागू

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

जिला कुल्लू के विकास खंड नग्गर में कूड़ा कचरा फैलाने वालों पर कार्रवाई के लिए सख्त कदम उठाने के आदेश जारी हुए हैं। खंड विकास अधिकारी खंड नग्गर मुकेश कुमार की ओर से ब्यास नदी के किनारे स्थित ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी कड़ी में ग्राम पंचायत शनाग व वशिष्ट का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि नदी के किनारे कुछ स्थानों पर कूड़ा-कचरा जमा है, जिस बारे में खंड विकास अधिकारी द्वारा कड़ा संज्ञान लिया तथा निपटान के लिए उचित कदम उठाने को संबंधित पंचायत सचिव को इसकी अनुपालना करने तथा इसकी रिपोर्ट विकास खंड कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस संदर्भ में खंड स्तर पर भी एक कमेटी का गठन किया गया, जो इस दिशा में कार्यरत है। इसके अतिरिक्त खंड विकास अधिकारी की ओर से समस्त पंचायत सचिवों को निर्देश दिए गए हैं कि ठोस कचरा प्रबंधन व उसके निष्पादन की व्यवस्था पंचायत स्तर पर लागू करना सुनिश्चित करें तथा ग्राम पंचायतें पंचायतीराज अधिनियम 1994 की धारा 12 तथा 13 की तथा एसडब्ल्यूएम रूल-2016 के आवश्यक रूप से अनुपालना करें। ग्राम पंचायतें कूड़ा-कचरा फैलाने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटें, ताकि ब्यास नदी साफ और अविरल जलधारा के साथ बहती रहे, जोकि यहां आने वाले पर्यटकों का बरवस मन मोह लेती है।

अतः यह हम सब का नैतिक दायित्व भी बनता है कि हम सभी इस दिशा में सार्थक प्रयास करें। समस्त सचिवों को निर्देश दिए गए कि वे अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में इस संदर्भ में तत्काल कार्रवाई तथा अनुपालना करना सुनिश्चित करें तथा इसके अलावा ठोस कचरा के प्रबंधन के उचित निपटान के लिए पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत भूमि का चयन सुनिश्चित करें। (अनंत ज्ञान)





खंड विकास अधिकारी ब्यास नदी के किनारे औचक निरीक्षण करते हुए (दाएं) नदी के किनारे फेंके गए कुछ स्थानों पर कूड़े के ढेर।

## अनीमिया के लक्षणों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

द हंस फाउंडेशन एमएमयू टीम-3 ने क्रमशः फोजल स्कूल में एक विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस विशेष चिकित्सा शिविर में टीम-3 ने निशुल्क जांच-परीक्षण और उपयुक्त टेस्ट की सेवाएं प्रदान की साथ ही उन्होंने मुफ्त दवाइयों की सुविधा भी उपलब्ध करवाई, जिसमें सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों ने इस सुविधा का लाभ उठाया।

इसके अलावा चिकित्सा अधिकारी डॉ. शमशेर पुजारा की ओर से अच्छे स्वास्थ्य शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें अनीमिया के महत्व को बढ़ावा दिया गया। अनीमिया एक ऐसी स्थिति है, जिसमें रक्त में हीमोग्लोबिन की मात्रा कम होती है, जिससे शरीर की कोशिकाओं को पर्याप्त ऑक्सीजन प्राप्त नहीं होती है। यह स्थिति विभिन्न कारणों से हो सकती है, जिसमें आहार में पोषक तत्वों की कमी, अल्पाहार या अन्य स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं शामिल हो सकती हैं। डॉ. शमशेर ने कहा कि यह एक गंभीर समस्या है, जो गहरी संभावनाओं को उत्पन्न कर सकती है, जैसे की अनुरक्ति, शिशु मृत्यु और स्तनपान के दौरान होने वाली समस्याएं। इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने लोगों को अनीमिया के लक्षणों, बचाव और इलाज के बारे में जानकारी प्रदान की। इस शिविर में फोजल स्कूल में 130 से अधिक विद्यार्थियों तथा अध्यापकों का स्वास्थ्य जांचा गया और 25 से अधिक लेब टेस्ट भी किए गए।





फोजल स्कूल में आयोजित विशेष चिकित्सा शिविर में उपस्थित छात्र, शिक्षक एवं अन्य।

# बदलते मौसम से वायरल की चपेट में लोग

## सोलन अस्पताल में टायफाइड, डायरिया के मामलों में बढ़ोतरी, बच्चे-बुजुर्ग आ रहे जलजनित बीमारियों की चपेट में

आर मोहन चौहान, सोलन

बदलते मौसम में घटते-बढ़ते तापमान और पानी की अशुद्धता से लोग खासकर बच्चे और बुजुर्ग वायरल की चपेट में आ रहे हैं। यही कारण है कि सोलन अस्पताल में टायफाइड और डायरिया के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। इसमें बच्चों और बुजुर्गों की संख्या अधिक है।

चिकित्सकों के मुताबिक टाइफाइड और डायरिया का उपचार नहीं होने की स्थिति में यह जानलेवा साबित हो सकता है। ऐसे में बुखार आने और डाइसेंट्री होने पर तुरंत चिकित्सा जांच और उपचार जरूरी है। अस्पताल में सर्दी-जुखाम, सर दर्द और बुखार के रोज करीब 200 रोगी पहुंच रहे हैं। इसका मुख्य कारण मौसम का बदलाव है। इन दिनों सुबह-शाम ठंड और दिन को अधिक तापमान चल रहा है। सप्ताह में एकाध बार बारिश भी हो रही है। इससे पानी और पर्यावरण में बैक्टीरिया पनपने से जलजनित बीमारियों लोगों को जकड़ रही हैं। (अनंत ज्ञान)



सोलन अस्पताल में रोगियों की जांच करते चिकित्सक।

### गर्मी के मौसम में बारिश होने पर बढ़ जाता है जलजनित बीमारियों का खतरा

गर्मी के मौसम में बारिश होने पर जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। यह मौसम अपने साथ कई प्रकार की बीमारियां लेकर आता है, जिससे लोगों को एहतियात बरतने की आवश्यकता होती है। ज्यादातर बीमारियां गंदा पानी पीने या फिर एक स्थान में जमा पानी पीने की वजह से होती हैं। शहर में इन दिनों दूषित पानी पीने और बाजार का खाना खाने से लोग बीमार पड़ रहे हैं, जिसको लेकर लगातार स्वास्थ्य विभाग लगातार लोगों से अपील कर रहा है कि पानी को फिल्टर या फिर उबालकर ही पिएं।

### दूषित पानी का सेवन खतरनाक

बारिश का पानी जल स्रोत में मिलने से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग टायफाइड और डायरिया की चपेट में आने लगे हैं। यही कारण है कि इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क हो गया है। जिले के सबसे बड़े अस्पताल सोलन में इन दिनों ओपीडी में इजाफा हुआ है। इसमें श्वास सहित जलजनित बीमारियों के रोगियों की संख्या अधिक है। आमतौर पर अस्पताल में करीब एक हजार रोगियों की ओपीडी होती है, जबकि इन दिनों यह संख्या बढ़कर 1500 तक पहुंच रही है। इसमें आंशिक डायरिया के रोगी भी काफी संख्या में सामने आ रहे हैं। राहत की बात है कि सोलन सहित आसपास के क्षेत्रों से डायरिया के रोगी अस्पताल में एडमिट हैं पर पानी को शुद्ध किए और उबाले बगैर उपयोग करने पर आप पीलिया और डायरिया की चपेट में आ सकते हैं।

### ये करें उपाय

आपातकालीन जल आपूर्ति के समय बोतलबंद पानी या छानने के बाद उबाल कर पानी ही पीना चाहिए। यदि आपके पास बोतलबंद पानी नहीं है, तो पानी उबालें। पानी उबालना रोगाणु नक बैक्टीरिया, वायरस और प्रोटोजोआ को मारने के लिए पर्याप्त है। यदि पानी गंदला है, तो इसे जमने दें और इसे एक साफ कपड़े, कागज के उबलते पानी के तौलिये या कॉफी फिल्टर के माध्यम से छान लें। पानी को कम से कम एक मिनट तक उबालें। पानी को प्राकृतिक रूप से ठंडा होने दें और इसे ढक्कन वाले साफ कंटेनर में रखें।

### पानी को उबालकर पिएं

क्या कहना है विशेषज्ञ चिकित्सक का सोलन अस्पताल में कार्यरत मेडिसिन स्पेशलिस्ट डॉ. कमल अटवाल का कहना है कि बदलते मौसम में (डायरिया, टायफाइड, वायरल, हेपेटाइटिस) जैसी बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि पानी को उबालकर पिएं, पानी को तीन दिन से ज्यादा एक जगह इकट्ठा न होने दें। इन सभी बातों का ध्यान रखकर ही बीमारी से बचा जा सकता है।

# गेयटी थियेटर में सिरमौरी हाटी संस्कृति से परिचित हुईं राष्ट्रपति

अनंत ज्ञान, राजगढ़

शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के समक्ष प्रदेश की नृत्य विधाओं को प्रदर्शित करने के लिए भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश ने एक विशेष कोरियोग्राफिक सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयार किया। इस कार्यक्रम में भारत की राष्ट्रपति के अलावा प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल उपस्थित थे।

यह जानकारी वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लोक कलाकार जोगेंद्र हाब्बी ने प्रेस को जारी बयान में दी। प्रदेश की मशहूर कोरियोग्राफर पूनम शर्मा की ओर से तैयार किए गए इस कार्यक्रम में राजगढ़ के पझौता क्षेत्र की आसरा सांस्कृतिक दल के कलाकारों की ओर से सिरमौरी नाटी के अलावा किन्नौरी, लाहौली, कुल्लवी, चंबयाली नाटी तथा लुड्डी नृत्य की सामूहिक प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आसरा के सोलह कलाकारों ने रिहाल्टी गी, मुंजरा नृत्य, परात नृत्य, रासा नृत्य एवं ठोडा नृत्य आदि नृत्य विधाओं को आकर्षक एवं मनमोहक अंदाज में प्रदर्शित किया। कार्यक्रम की शुरुआत सिरमौर के कलाकारों की ओर से सिरमौरी नाटी से हुई। उपरोक्त सभी जिलों के कलाकारों ने अपने-अपने जिलों के नृत्य की प्रस्तुति के पश्चात फिनाले में देव संस्कृति को दर्शाते हुए सिरमौर व कुल्लू की देव पालकियों के साथ सिरमौर जिले के आदिकालीन ठोड़ा नृत्य की झलक सराहनीय रही।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के समक्ष प्रदेश की नृत्य विधाओं को प्रस्तुत करते आसरा संस्था के कलाकार।

न्यूज ब्रीफ

## नीलम ने हिंदी साहित्य पर विचार किए प्रस्तुत

**रेणुका जी।** ददाहू कॉलेज में सात दिवसीय शिक्षक शैक्षणिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर पवन कुमार ने की। प्राचार्य ने शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में स्मार्ट बोर्ड डिजिटल बोर्ड के माध्यम से अध्यापन करने की आवश्यकता और उपयोगिता पर विस्तार से व्याख्यान दिया। कार्यशाला के दूसरे दिन प्रोफेसर दिनेश कुमार विभागाध्यक्ष इतिहास ने आदर्श शिक्षक के गुणों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के तीसरे दिन के प्रथम सत्र में डॉक्टर मिश्रा राम विभागाध्यक्ष वाणिज्य ने शिक्षा व अनुसंधान के क्षेत्र में विभिन्न नवीन तकनीकों व उपकरणों का कैसे प्रभावशाली तरीके से उपयोग किया जाए। कार्यशाला के दूसरे सत्र में प्रो. रमेश ने विभागाध्यक्ष राजनीतिक विज्ञान के द्वारा शिक्षकों के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान एवं कौशलों के बारे में प्रकाश डाला। कार्यशाला के अंतिम दिन प्रो. नीलम कुमार विभागाध्यक्ष हिंदी ने हिंदी साहित्य पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

## स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**दाड़लाघाट।** पंचायत दाड़लाघाट के वार्ड नंबर दो के गांव नौणी में हंस फाउंडेशन के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्वेता गुलेरिया, फार्मासिस्ट नेहा शर्मा, लैब टेक्नीशियन अर्चना रावत ने गांव नौणी, धोबटन, उपरली नौणी के ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा के साथ टेस्ट सुविधा भी प्रदान की। पंचायत उपप्रधान हेमराज ठाकुर ने बताया कि फाउंडेशन की मोबाइल यूनिट मरीजों के लिए महीने में दो बार जांच शिविर का आयोजन कर रही है। शिविर के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य, स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया।

## कहानी प्रस्तुतिकरण में तोशिका शर्मा प्रथम

**नाहन।** जिला सिरमौर के नाहन स्थित एवीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में साईं समिति की ओर से मां ईश्वरम्मा जन्मदिवस पर स्कूल के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया, कहानी प्रस्तुतिकरण में सीनियर वर्ग में तोशिका शर्मा ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसी वर्ग में चित्रकला प्रतियोगिता में साधना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मिडिल वर्ग में चित्रकला में हर्षिता द्वितीय और जूनियर वर्ग में देववाणी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## लोकसभा चुनावों के प्रबंधों को लेकर की बैठक

**अर्की।** एसडीएम अर्की कार्यालय में लोकसभा नोडल अधिकारियों की बैठक एसडीएम अर्की यादविंदर पाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आने वाले लोकसभा चुनावों की तैयारियों व प्रबंधों को लेकर समीक्षा की गई। इस मोके पर यादविंदर पाल एसडीएम अर्की ने बताया कि जो मतदाता 85 वर्ष से आधी आयु के हैं या किसी कारण मतदान केंद्र में नहीं आ सकते हैं दिव्यांग है। वह अपने बूथ लेबल अधिकारी से 12 मई तक मिलकर प्रपत्र 12 जी भरकर घर बैठ कर मतदान कर सकते हैं। बैठक में तहसीलदार विपिन वर्मा नायब तहसीलदार धर्मप्रकाश शर्मा व ललित गौतम दिनेश शर्मा मनीष कमल कुलदीप शर्मा व अन्य नोडल अधिकारियों ने भाग लिया।

## किरण, महक का 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**सोलन।** सहारा एजुकेशनल सेंटर (अंजलि चैरिटेबल ट्रस्ट) सोलन की दो छात्राओं ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की तरफ से घोषित 10वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 10वीं कक्षा की किरण कुमारी और महक ने अंतिम परीक्षा सत्र 2023-24 में प्रथम श्रेणी हासिल की। बोर्ड परीक्षा में उनके उल्लेखनीय परिणाम उनके समर्पण, कड़ी मेहनत और अंजलि चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से प्रदान किए गए असाधारण समर्थन का प्रमाण है। किरण ने हिंदी में डिस्टिंक्शन हासिल कर 502 अंक हासिल किए। महक ने अंग्रेजी, हिंदी, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान और कला में विशिष्टता के साथ 584 अंक प्राप्त किए। दोनों छात्राओं की उपलब्धियां अकादमिक उत्कृष्टता का शानदार उदाहरण और दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। अंजलि चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. केडी रियोत और सहारा शिक्षा केंद्र की प्रशासक प्रीति ठाकुर ने छात्राओं की उपलब्धि पर खुशी जाहिर की।

## सुमित तुर्की में डॉक्टरेट की डिग्री से होंगे सम्मानित

**बीबीएन।** बद्दी स्थित विश्व स्तर की दवा निर्माता कंपनी क्योरटेक ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर सुमित सिंगला को तुर्की के इस्तांबुल में होने जा रही चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में ऑनरेरी डॉक्टरेट की प्रतिष्ठित डिग्री प्रदान करके सम्मानित किया जाएगा। दुनिया भर से 40 डेलीगेट्स इस्तांबुल पहुंच रहे हैं, जिनमें कांगो, रोमानिया, डेनमार्क, मलेशिया, भारत, पाकिस्तान, रूस, यमन, मोरक्को आदि शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार रेलटाय ग्लोबल एक्सचेंज प्रोग्राम के दौरान आयोजित होने वाले छह विभिन्न सेशंस में इंटरनेशनल कांफ्रेंस अवॉर्ड सेरेमनी इस्तांबुल वंडर्स व नेटवर्किंग का आयोजन होगा। सुमित सिंगला ने कहा कि वह भारत के औद्योगिक टाइकूनरतन टाटा को अपना आयकॉन मानते हैं, जिन्होंने भारतीय उद्योग को एक विश्व स्तर की बुलंदी पर पहुंचाने के बाद भारत देश की समाज सेवा में भी अभूतपूर्व कार्य किए हैं। क्योरटेक ग्रुप भी आगामी समय में देश और समाज के सेवा में अग्रिम पंक्तियों में रहकर कार्य करेगा।



# चार चिट्टा सप्लायर गिरफ्तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

समाज की युवा पीढ़ी को नशे के कुचक्र से बचाने के लिए सोलन पुलिस नशा तस्करों चिट्टा/हेरोइन और अन्य नशीली दवाइयों/ पदार्थों की तस्करी करने वालों पर लगातार कार्रवाई कर रही है।

पुलिस के निरंतर प्रयासों से जिले में चिट्टा/हेरोईन तस्करी करने वाले गिरोहों की गतिविधियों में गिरावट भी दर्ज की गई है। इसी क्रम में जिला पुलिस की टीम को सूचना मिली कि एक टैक्सी धर्मपुर से सोलन की तरफ आ रही है, जिसमें शिमला निवासी दो व्यक्ति रमन रवि वर्मा व रवि शर्मा सवार हैं। उक्त दोनों युवक चिट्टा/हेरोइन की खरीद फरोख्त से संलिप्त हैं और इस समय यह दोनों चिट्टा/हेरोइन की खेप लेकर आ रहे हैं, जिसे वे सोलन में नवयुवकों/छात्रों को सप्लाई करने वाले हैं, जिस सूचना पर पुलिस टीम की ओर से टैक्सी को शामलेच-आंजी पुल पर चैकिंग के लिए रोका और कार में सवार युवकों रमन रवि वर्मा संजौली शिमला उम्र 26 वर्ष और रवि शर्मा से करीब 9 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद किया, जिस पर थाना सदर सोलन में मादक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत अभियोग को पंजीकृत कर इन दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इन दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करके पांच दिन की पुलिस हिरासत में लेकर इनसे जांच पड़ताल की गई। मामले की जांच के दौरान ज्ञात हुआ कि आरोपी रवि शर्मा पीडब्ल्यूडी में स्टेनोग्राफर का काम करता है, वह पहले भी नशा तस्करी के मामले में संलिप्त रहा है और इसके विरुद्ध 2023 में थाना धर्मपुर सोलन में दर्ज अभियोग में इससे 6.50 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया था।




सोलन पुलिस की गरिफ्त में सप्लायर।

### 80 से ज्यादा युवा संपर्क में

इससे इस चिट्टा की तस्करी के मुख्य सप्लायर के बारे में पता किया गया, जो इन्होंने बताया कि इस खेप को वह उत्तर प्रदेश निवासी आरोपी से 20000 रुपए की एडवांस पेमेंट पर खरीदा था। इस नेटवर्क की जांच आगे बढ़ाते हुए 7 को पुलिस थाना सदर सोलन की टीम ने चिट्टा/हेरोइन सप्लाई के फाइनेंसियल हैंडलर आरोपी हिम्मत को हरियाणा के पंचकूला से गिरफ्तार किया गया है साथ ही आरोपी प्रदीप को मोहाली से गिरफ्तार किया गया है। इस नेटवर्क की अभी तक की जांच में इन आरोपियों से हिमाचल प्रदेश के 80 से ज्यादा युवा इनके संपर्क में पाए गए हैं।

## युवकों से प्रतिबंधित दवाइयां बरामद

**सोलन।** पुलिस चौकी सपरून की एक टीम गश्त व नाकाबंदी के लिए रात स्थान आंजी सोलन नजदीक आनंद टोयोटा शोरूम मौजूद थी, तो इसी समय कुमारहट्टी की तरफ से एक कार आई, जिसे पुलिस टीम की ओर से चेकिंग के लिए रोका गया। इस कार में चार युवक बैठे थे, जिनके नाम व पता पंकज ठाकुर, पवन कुमार, कर्ण और अक्षय ठाकुर पाए गए। चैकिंग के दौरान इन युवकों की गाड़ी में प्रतिबंधित नशीली दवाएं (780 टेबलेट्स) बरामद की। उपरोक्त बरामद की गई दवाइयों के संदर्भ में ये चारों युवक कोई भी बिल/परमिट/अनुमति पत्र पुलिस को पेश न कर सके, जिस पर इस संदर्भ में थाना सदर सोलन में ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई कर मामला को आगामी जांच के लिए ड्रग इंस्पेक्टर के हवाले किया जा रहा है। इन आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है।

# केंद्र की सरकार बन चुकी मजदूर विरोधी, जनता देगी जवाब : जायसवाल

अनंत ज्ञान बीबीएन

भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस महासंघ का प्रशिक्षण सम्मेलन बद्दी में बुधवार को हुआ। प्रशिक्षण सम्मेलन की अध्यक्षता भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामीनाथ जायसवाल ने की।



उन्होंने प्रशिक्षण सम्मेलन में पहुंचे विभिन्न पदाधिकारियों व मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार मजदूर विरोधी बन चुकी है, जो कि मजदूरों के हकों की बजाए उद्योगपतियों की बन चुकी है और मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। आज देश भर की जनता भाजपा की विरोधी नीतियों से अवगत हो चुकी है और इस बार लोकसभा चुनावों में भाजपा को जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। मजदूर के साथ-साथ हर वर्ग पर आर्थिक बोझ डाल दिया है और खाने से लेकर हर चीज पर भारी भरकम टैक्स थोप दिया है, जिससे एक मजदूर व किसान को अपने परिवार का पालन पोषण करने के लिए ठोकरें खानी पड़ रही हैं। वहीं, उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि बद्दी व नालागढ़ प्रदेश का औद्योगिक हब है, जहां पर लाखों की संख्या में मजदूर काम कर रहे हैं और उनके हकों को दिलाने के लिए मजदूर संघ खड़ा है और रहेगा। भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम ने कहा कि मजदूर महासंघ मजदूरों के हकों की लड़ाई लड़ता आया है और रहेगा।

## भाजपा एक महिला विरोधी पार्टी : बहल

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के स्टेट मीडिया को-ऑर्डिनेटर शोभित बहल ने कहा कि भाजपा एक महिला विरोधी पार्टी है। उन्होंने पूछा कि अगर सरकार महिलाओं को सशक्त करने का प्रयास कर रही है, तो भाजपा के पेट में दर्द हो रहा है।



भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि पहले नेता प्रतिपक्ष ने फॉर्म भरने की प्रक्रिया को रुकवाया और अब इनकी महिला नेता कहती हैं कि 1500 रुपए नहीं मिलने चाहिए।

# सीपीआर व पीएलएस पर स्टूडेंट्स को दी जानकारी

अनंत ज्ञान, नाहन

माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग नाहन में इंसकोल चंडीगढ़ की ओर से बीएलएस (सीपीआर), पीएलएस विषय पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

सीपीआर, पीएलएस एक आपातकालीन तकनीक है, जिसके जरिए व्यक्ति के दिल की रुक रुक जाने पर उस व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। इस वर्कशॉप में कॉलेज की बीएससी की लगभग 60 छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं को एडवांस डम्मी के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। इंसकोल शिक्षक नैंसी व राहुल ने बताया कि इंसकोल एक ऐसी संस्था है जो कि एडवांस नर्सिंग प्रोग्राम की ट्रेनिंग मुहैया करवाती है। इंसकोल अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन से संबंधित एक एजेंसी है, जो अलग-अलग मेडिकल पेशे जैसे कि पैरामेडिकल, डेंटल, फार्मासिस्ट को ट्रेनिंग मुहैया करती है। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य नर्सिंग का आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने तथा किसी व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ने पर उसकी जान बचाई जा सकती है।



## दवा खोज के नैदानिक पहलुओं से करवाया अवगत

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय के फार्माकोलॉजी विभाग की ओर से फोर्टिस हॉस्पिटल के सहयोग से 'ड्रग डिस्कवरी ब्रिजिंग प्रीक्लिनिकल एंड क्लिनिकल रिसर्च' पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को प्रीक्लिनिकल-क्लिनिकल अंतर को प्रभावी ढंग से जानकारी देने के लिए आवश्यक ज्ञान और उपकरणों से अवगत करवाना था। प्रो. दीपक एन. कपूर, डीन, फार्मास्युटिकल साइंसेज संकाय द्वारा दिया गया, जहां उन्होंने दवा खोज के पूर्व-नैदानिक और नैदानिक पहलुओं के बीच महत्वपूर्ण अंतर को संबोधित किया।

## धुंदन, कुफ्टू और ईश्वरम्मा स्कूलों में दसवीं का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

**दाड़लाघाट।** प्रदेश शिक्षा बोर्ड की ओर से दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में ईश्वरम्मा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल दाड़लाघाट के विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य कांता ठाकुर ने बताया कि विद्यालय के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के दसवीं कक्षा की छात्रा भूमिका ठाकुर ने 700 में से 652 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर वरुण ठाकुर ने 700 में से 647 अंक प्राप्त किए। तृतीय स्थान पर निखिल शर्मा ने 629 अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। चेयरमैन सुरेश ने अध्यापकों, छात्रों व उनके अभिभावकों को बधाई दी। वहीं, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुंदन में दसवीं कक्षा का परिणाम अव्वल रहा। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। हिमाक्षी ने 666 अंक लेकर प्रथम स्थान, सिमरन ने 648 अंक लेकर द्वितीय स्थान और गीतांजलि ने 647 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य सरताज सिंह ने बच्चों, शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई दी और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसी तरह कुफ्टू स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। परीक्षा में 22 विद्यार्थी शामिल हुए, जिसमें सुजल गर्ग ने 700 में से 657 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर कुमारी भारती व भूमिका ने 568 अंक व तीसरे स्थान पर कृतिका शर्मा ने 552 अंक प्राप्त किए।

## शत-प्रतिशत रहा लड़ोग स्कूल का परिणाम

**अर्की।** राजकीय उच्च विद्यालय लड़ोग का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की मुख्याध्यापक मनोरमा ने सभी बच्चों, शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन समिति को इस शत-प्रतिशत परिणाम की बधाई दी। विद्यालय में अध्यापकों के चार पद खाली हैं, फिर भी बच्चों और अन्य अध्यापकों ने कड़ी मेहनत की और आज हमें इसका परिणाम मिला। विद्यालय के मीडिया प्रभारी भूपेंद्र शास्त्री ने बताया कि इस परीक्षा परिणाम में दसवीं कक्षा में भारती ने 700 में से 638 अंक प्राप्त किए और विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, पूनम ने 630 अंक हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया और अंकिता ने 590 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया है। अन्य छात्रों ने भी प्रथम श्रेणी में दसवीं कक्षा को उत्तीर्ण किया। मुख्याध्यापिका ने स्कूल के सभी छात्रों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक भी उपस्थित रहे।

## मोहित 95 फीसदी अंक लेकर प्रथम

**अर्की।** हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड की तरफ से घोषित दसवीं कक्षा के नतीजों में हिमाचल अकादमिक स्कूल बाहवां का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के विद्यार्थी मोहित शर्मा ने 95 फीसदी (664/700) अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल के अन्य विद्यार्थियों में शिवम चौपड़ा ने 700 में से 632 अंक, शुभम शर्मा ने 700 में से 623 तथा रेशमा ने 700 में से 605 अंक प्राप्त किए।

### सूचना

अमित स्टील खसरा गांव कुजाहल बरोटीवाला, तहसील बद्दी, जिला सोलन हिमाचल प्रदेश के पार्टनर ने पुलिस थाना बरोटीवाला में रिपोर्ट दर्ज करवाई की फर्म के नाम रजिस्ट्री संख्या 1824/2003 जोकि 25 मार्च 2024 को बरोटीवाला क्षेत्र में गुम हो गई है। शिकायतकर्ता ने जन साधारण से फर्म की रजिस्ट्री मिलने पर इससे संबंधित थाना में जमा करवाने की अपील की है।

# लोकगीत से मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

हिमाचल प्रदेश में एक जून 2024 को सातवें चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) टीम अर्की ने मांजू स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

स्वीप टीम के प्रभारी प्रो. यशपाल शर्मा और डॉ. हेमराज सूर्य ने इस अवसर पर बताया कि प्रत्येक मतदाता का सहयोग लोकतंत्र में महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र की मजबूती और सुदृढ़ता के लिए मतदान वाले दिन अपने मत का अवश्य प्रयोग करें। स्वीप सहायक नोडल अधिकारी प्रो. योगेश सूद ने 'आसा सभी वोटा-पाणे जाणा' लोकगीत के माध्यम से मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करने का संदेश दिया। स्कूल के प्रधानाचार्य पवन कुमार शर्मा ने सभी स्टूडेंट्स और कर्मचारियों से लोकतंत्र के पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक शेखर गुप्ता, चुनावी साक्षरता क्लब (ईएलसी) के प्रभारी, बूथ स्तर अधिकारी विमला देवी, हटनाली बूथ के बीएलओ चेतराम एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था।



लोकसभा चुनाव के अंतर्गत मांजू स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में हिस्सा लेते बच्चे।

## मतदाताओं को वोट के महत्व के बारे में किया जागरूक

**सोलन।** राजकीय माध्यमिक पाठशाला दधोग में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वीप नोडल अधिकारी सोलन एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. बीपन कमल ने की। अध्यक्ष की ओर से उपस्थित जनों को एक-एक वोट के महत्व के बारे में अवगत करवाया गया। उन्होंने कहा कि जिन मतदान केंद्रों में कम मत प्रतिशतता रही है, वहां विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी मतदाताओं से इस बार मतदान की प्रतिशतता को शत-प्रतिशत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर शिक्षा उपअधिकारी सोलन डॉ. राज कुमार पराशर ने मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया।

एजुकेशन

## सिंगापुर से शिक्षा प्रणाली और नवाचार सीख कर लौटे अध्यापकों ने साझा किए अनुभव, 14 मई को शिमला में देंगे फीडबैक

# शिक्षा में गुणवत्ता लाने की दिशा में और अधिक लग्न से करेंगे कार्य

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

सिंगापुर से शिक्षा प्रणाली और नवाचार सीख कर लौटे सोलन जिले के अध्यापकों ने डाइट सोलन में अपने-अपने अनुभवों को साझा किया।

इस मौके पर डिप्टी डायरेक्टर हायर एजुकेशन डॉ. जगदीश नेगी, डिप्टी डायरेक्टर (एलीमेंटरी) व प्रिंसिपल डाइट सोलन डॉ. शिव कुमार शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। डॉ. शिव ने बताया कि इस पीपीटी प्रस्तुति के बाद सोलन जिले के पांच चयनित एलीमेंट्री अध्यापक 13 मई और पांच चयनित हायर एजुकेशन के अध्यापक 14 मई को शिमला में अपनी फीडबैक देंगे। हिमाचल प्रदेश सरकार ने शिक्षा विभाग के 100-100 अध्यापकों के दो समूहों को प्रशिक्षण के लिए सिंगापुर भेजा था। सिंगापुर से लौटे अध्यापकों ने बताया कि सिंगापुर जैसे विकसित देश की शिक्षा प्रणाली, उत्कृष्टता के मानकों और शिक्षा प्रणाली में अपनाए जा रहे नवाचार के तौर तरीकों पर यहां बेबाकी से अपनी राय रखी। वहां से लौटने के बाद उनमें नई ऊर्जा का संचार हुआ है और वह शिक्षा में गुणवत्ता लाने की दिशा में और अधिक लगन व मेहनत से कार्य करेंगे।



सिंगापुर से शिक्षा प्रणाली और नवाचार सीख कर लौटे अध्यापक डाइट सोलन में एकत्रित।

### सिंगापुर के नागरिकों के बच्चे पढ़ते हैं सरकारी स्कूलों में : शर्मा

प्रशिक्षण लेकर लौटे सोलन के सीनियर सेकेंडरी स्कूल ककड़हट्टी के प्रिंसिपल अशोक शर्मा ने बताया कि सिंगापुर में कुल बजट का 20 फीसदी हिस्सा शिक्षा पर खर्च होता है। प्राथमिक स्कूलों में 1400 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। सिंगापुर के नागरिकों के बच्चे सरकारी स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करते हैं। इंडिया की तरह न तो फ्री एजुकेशन है और न ही मिड-डे मील की कोई व्यवस्था।

### स्कूल डेवलपमेंट प्लान बनाया जाए

सीसे स्कूल रामपुर के प्रिंसिपल कुलदीप सूर्या ने बताया कि अध्यापकों ने विदेशी शिक्षा प्रणाली का अध्ययन किया और आने वाले दिनों में इसका प्रभाव प्रदेश में बुनियादी शिक्षा में भी देखने को मिलेगा। सूर्या ने अपनी प्रस्तुति में बताया कि वह स्कूल में क्या नया कर सकते हैं।

### टीचर के लिए हो ड्रेस कोड

सीनियर सेकेंडरी स्कूल पंजेहरा के प्रवक्ता (रसायन विज्ञान) जगदीश कुमार ने सुझाव दिए कि स्कूल में अनुशासन नियम और कड़े होने चाहिए। इसमें टीचर्स के लिए भी ड्रेस कोड होना चाहिए। स्कूल अधीक्षक रजिस्टर रखे जाएं और स्वच्छता पर बल दिया जाना चाहिए।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले
क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
फिक्स साइज

| Size | Rate |
| --- | --- |
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### देवी नंदराड़ी की पूजा के साथ शवाल में मेला शुरू

**कोटखाई।** कोटखाई तहसील की बाग डोमेहर पंचायत के अंतर्गत शवाल नामक स्थान पर आज से दो दिन का मेला आरंभ हो गया, यह मेला प्राचीन काल से हर वर्ष इस ही तिथि पर मनाया जाता है, यह मेला 18-20 क्षेत्र का एक मुख्य मेला है। मेले के पहले दिन देवता नंदराड़ी(माता दुर्गा) मेले वाले स्थान पर पहुंचे जहां विधि-विधान तरीके से माता की पूजा-अर्चना की गई तथा क्षेत्र की खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा गया। मेले के दिन शवाल पारंपरिक पहाड़ी नृत्य कर मेला की शोभा बढ़ाई साथ ही मिले वाली जगह पर अलग-अलग प्रकार की दुकानों की रौनक भी देखने को मिली।

### दसवीं के रिजल्ट में चमका गुजरोधार स्कूल

**सुन्नी।** राजकीय उच्च विद्यालय गुजरोधार में कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने अव्वल प्रदर्शन किया। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा आज कक्षा दसवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें गुजरोधार स्कूल के दीक्षित ने 603 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किए। जबकि दीक्षा ने 529 अंक लेकर द्वितीय तथा 528 अंक लेकर वासु देव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मीन चंद वर्मा ने परीक्षा परिणाम पर खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि सभी विद्यार्थी व अध्यापक इस उपलब्धि के लिए बधाई के पात्र है।

### तडॉन स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**डंगार चौक।** राजकीय उच्च विद्यालय तडॉन जिला बिलासपुर हिमाचल प्रदेश दसवीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। सभी बच्चों ने 76 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम ऊंचा किया है। छात्रा अनु ने 652 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, साहिल ठाकुर ने 629 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व पूजा देवी ने 613 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया है। मुख्याध्यापक पवन कुमार ने स्टाफ सहित मेधावी बच्चों को सम्मानित किया तथा अभिभावकों और अध्यापकों को बधाई दी।

### घुमारवीं स्कूल का परिणाम 92 फीसदी

**घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्रा पाठशाला घुमारवीं का दसवीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम 92 फीसदी रहा। स्कूल की छात्रा वंशिका ने 678 अंक लेकर पहला स्थान, गौरी ने 677 अंक लेकर दूसरा, नंदनी ने 674 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इनके अलावा कनिका ने 669, स्नेहा शर्मा ने 658, पीयूष ने 646 कृतिका ने 640 प्राप्त किये। स्कूल के प्रधानचार्य परमजीत शर्मा और स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने इस सफलता पर सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई दी है। प्रधानाचार्य परमजीत शर्मा ने कहा कि यह छात्राओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अध्यापकों के सही मार्गदर्शन व अभिभावकों के आशीर्वाद को दिया है।

### जेजवीं स्कूल में अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस की धूम

**झंडूता।** बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जेजवीं में रेडक्रॉस क्लब के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस प्रधानाचार्या रेखा शर्मा की अध्यक्षता में मनाया गया। इस सुअवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान अक्षिता, अंजलि ने द्वितीय, आकृति और खुशबु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रीना देवी प्रवक्ता, सुदर्शना शर्मा प्रवक्ता और व्यावसायिक अध्यापिका कुमारी ज्योति ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में तन, मन व धन के साथ-साथ रक्त दान करने का आह्वान किया। विद्यार्थियों ने स्वयं रक्तदान करने तथा अन्य नागरिकों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करने की प्रतिज्ञा ली। प्रवक्ता तरसेम धीमान ने मंच संचालन किया। वोकेशनल अध्यापक संजीव गौतम ने ये सुनहरे पल कैमरे में संजोए। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रोग्राम ऑफिसर सुदर्शना शर्मा और प्रोग्राम ऑफिसर सतीश शर्मा ने इस कार्यक्रम का आयोजन सुनियोजित तरीके से किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी अध्यापकों ने सहयोग किया।

### छात्रों को सिखाई वेस्ट पेपर से कलाकारी

**घुमारवीं।** केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं में वेस्ट पेपर से कलाकारी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों ने वेस्ट पेपर से विभिन्न कलात्मक वस्तुएं बनाना सीखा। कार्यशाला में बारोट हैंडीक्राफ्ट ट्रेनिंग सेंटर अहमदाबाद से आए हैंडीक्रॉफ्ट आर्टिस्ट राजेश कुमार बारोट ने बच्चों को वेस्ट पेपर से फूल, पत्तियां, कबूतर, तितली इत्यादि बनाना सिखाया। बच्चों ने बड़े उत्साह से इन कलाकृतियों को बनाया और उन्हें बहुत पसंद भी आया। आर्टिस्ट बारोट ने बताया कि हैंडीक्राफ्ट के ज्ञान से हम विद्यालय या घर में किसी समारोह के लिए कागज के पन्नों से बिना किसी खर्चे के सजावट कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्या रिंकू कुमारी ने बच्चों को वेस्ट पेपर के पुनः उपयोग की अहमियत बताई। उन्होंने कहा कि हैंडीक्राफ्ट भारत की प्राचीन कलाओं में से एक है और युवा पीढ़ी को इसे अवश्य सीखना चाहिए। उन्होंने बताया कि केंद्रीय विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत-संकल्प है। बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ व्यवहारिक ज्ञान भी मुहैया करवाया जाता है, ताकि वे भविष्य में अच्छे नागरिक बन सके। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए बहुत ही प्रेरणादायक रही। उन्होंने वेस्ट पेपर से कलाकृतियां बनाकर न केवल अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूकता दिखाई।

### भगत राम व्यास को सौंपी कमान

**सुन्नी।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, सांसद ने भगत राम व्यास जिला कांग्रेस कमेटी, मंडी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी इस ताजपोशी से तत्तापानी वासियों में खुशी की लहर है । बता दें की तत्तापानी निवासी भगत राम व्यास हिमाचल प्रदेश सरकार से वित्त लेखा अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए है तदोपरांत उन्होंने अपना राजनीतिक सफर आरंभ किया । उनसे एक खास बात चीत में उन्होंने बताया की पार्टी के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करेंगे और उम्मीदवार को जीत के लिए हर संभव प्रयास करेंगे । विशेषकर प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, सांसद प्रतिभा सिंह, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, प्रकाश चौधरी, हरी ओम शर्मा तथा समस्त कांग्रेस परिवार का धन्यवाद किया है ।

### एलपीजी वाहनों से करेंगे मतदान के लिए जागरूक

**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में लोकसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत पहली जून के दिन होने वाले मतदान में सभी मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित हो इसके लिए जिला प्रशासन स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम चला रही है। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत एक और पहल करते हुए रसोई गैस सिलेंडर वाहन को मतदाता जागरूकता के लिए बेहतर माध्यम बनाया गया है। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने दी।उन्होंने बताया कि जिला में जिला नियंत्रण एवं खाद्य आपूर्ति विभाग के माध्यम से जिला बिलासपुर के 14 गैस एजेंसियों के सभी वाहनों में धवनि प्रसार के माध्यम से पहली जून के दिन सभी जिला वासियों को मतदान करने के लिए अपील की जाएगी। इस कार्य के लिए बिलासपुर सदर के अंतर्गत चार गैस एजेंसियां, घुमारवीं की चार, श्रीनयनादेवी की तीन और झंडूता की तीन गैस एजेंसियां अपनी सेवाएं देगी।

### डॉ. कुंदन यादव व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त

**बिलासपुर।** लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर संसदीय क्षेत्र 3- हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले 17 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी डॉ. कुंदन यादव को व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। डॉ. कुंदन यादव बुधवार को बिलासपुर पहुंचे। उन्होंने उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन में चुनाव व्यय निगरानी संबंधी जिला के अधिकारियों की बैठक ली। कुंदन यादव ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव मे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैनात व्यय निगरानी संबंधी कार्य में तैनात सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है। उन्होंने निर्देश दिए कि व्यय व लेखा से संबंधित सभी घटकों की सघनता से जांच व निगरानी सुनिश्चित बनाएं ताकि उम्मीदवारों द्वारा किए जा रहे खर्च का बारीकी से आकलन किया जा सके।

### दंगल दस मई को तैयारियां जोरों पर

**घुमारवीं।** महावीर दंगल समिति सुईं सुरहाड़ की ओर से रठोहघाट में दस मई को दंगल का आयोजन किया जाएगा। कुश्तियों का आयोजन विभिन्न वर्गों में किया जाएगा। इसमें सुईं सुरहाड़ बाल केसरी, किशोर केसरी, छोटी माली और बड़ी माली शामिल हैं। समिति सदस्य नागेंद्र ने बताया कि सुईं सुरहाड़ी बाल केसरी में 6 से 14 साल की आयु के पहलवान भाग लेंगे। इसमें केवल ग्राम पंचायत सुईं सुरहाड़ और बाड़नू दिगथली के पहलवान भाग लेंगे। इस वर्ग में विजेता को 3100 रुपए और गुर्ज, उपविजेता को 2100 रुपए दिए जाएंगे। किशोर केसरी में आयु सीमा 12 से 18 साल रखी गई है। इस वर्ग में विजेता को 5100 रुपए व गुर्ज, उपविजेता को 3100 रुपए दिए जाएंगे। इन वर्गों में पंजीकरण के लिए के आधार कार्ड या मैट्रिक प्रमाण पत्र अनिवार्य है।

# ट्रैकरों को जीपीएस ट्रैकर सिस्टम साथ रखना जरूरी : डॉ. अमित

## बैठक के दौरान उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने में जनजातीय जिला किन्नौर के पर्यटन व्यवसाय से जुड़े ट्रैकर समिति के सदस्यों की बैठक ली।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पर्यटन हितधारकों के हितों की सुरक्षा के लिए कटिबद्ध है तथा जनजातीय जिला किन्नौर के पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।



अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा।

जिलाधीश ने जनजातीय जिला में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ट्रैकिंग व्यवसाय से जुड़े युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने सुझाव जिला प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि जीव अनाशित कचरे के प्रबंधन के लिए दृढ़ संकल्प है तथा वन विभाग के माध्यम से ईको-टूरिज्म कैपिंग व ट्रैकिंग को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

उपायुक्त ने बताया कि जनजातीय जिला किन्नौर में ट्रैकिंग की सुरक्षा के मद्देनजर ट्रैकिंग दलों को वन विभाग की स्वीकृति लेना अनिवार्य होगा और ट्रैकिंग दलों की सुरक्षा के दृष्टिगत जीपीएस ट्रैकर सिस्टम साथ रखना होगा, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में जिला प्रशासन बचाव एवं राहत कार्यों में त्वरित कार्रवाई कर सके और बहुमूल्य जानों को कोई खतरा उत्पन्न न हो।

### बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूद

**बैठक** में उपमंडलाधिकारी कल्पा डॉ (मेजर) शशांक गुप्ता, उपमंडलाधिकारी भावानगर विमला वर्मा, वन विभाग के अधिकारीगण एवं ट्रैकिंग गतिविधियों से जुड़े व्यवसायी उपस्थित रहे।

# सीएम सुक्खू ने चुनाव से पहले ही हार को लिया स्वीकार : डॉ . बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने बयान के माध्यम से चुनाव से पहले ही कांग्रेस की हार को स्वीकार कर लिया है। उनका यह कथन कि यदि सारे उपचुनाव भी भाजपा जीतती है तो भी कांग्रेस की सरकार स्थिर है, यह कांग्रेस की हार को स्पष्ट दर्शाता है।

डेढ़ वर्ष की कांग्रेस सरकार में कांग्रेस के अंदर जो राजनैतिक मारामारी चल रही है, वह मारामारी अब मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंच गई है। मुख्यमंत्री का कार्यालय कुश्ती का अखाड़ा बन गया है। यह स्थिति साबित करती है कि कांग्रेस पार्टी चारों लोकसभा और सभी विधानसभाओं के उपचुनाव हारने वाली है।

जनता नरेंद्र मोदी को देश का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट करेगी। कांग्रेस देश में अस्थिरता पैदा करना चाहती है और मोदी जी देश के 140 करोड़ लोगों को साथ में लेकर देश को मजबूत करने में लगे हैं।

हिमाचल प्रदेश में चुनाव प्रचार पिछले एक महीने से जोरों पर है, लेकिन कांग्रेस सरकार यह नहीं बता पाई कि हिमाचल की जनता के हित में अभी तक क्या किया।

### मोरसिंघी में नलवाड़ मेले का हुआ शुभारंभ

**घुमारवीं।** जिला बिलासपुर के उपमंडल घुमारवीं के तहत आने वाली मोरसिंघी पंचायत में हर वर्ष चलने वाले नलवाड़ मेले मोरसिंघी का शुभारंभ मेला कमेटी प्रधान के आर रत्न शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इसे हर वर्ष आठ मई से दस मई तक आयोजित किया जाता है। इसमें डॉ. हरी चंद शर्मा पूर्व वाईस चान्सलर वाई एस परमार विश्वविद्यालय नौणी सोलन व राजकुमार शर्मा विशेष मुख्यातिथि के रूप में शिकरत की। समस्त कमेटी ने मोरसिंघी मंदिर में पूजा की व कन्या पूजन के बाद मंदिर से मेला स्थल तक शोभायात्रा निकाली गई। इसमें भारी संख्या में स्थानीय जनता ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मुख्यातिथि ने बैल पूजन, खूंटी गाड़कर व दीप प्रज्वलन से मेले का आगाज किया।

## दसवीं के परिणाम में ग्रेस गार्डन स्कूल का दबदबा



अक्षरा शर्मा।



आदित्य।



रितेश।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

स्कूल शिक्षा बोर्ड के दसवीं के परीक्षा परिणाम में ग्रेस गार्डन स्कूल घुमारवीं के छात्रों ने बेहतर पॉजिशन लेकर दबदबा कायम किया है। स्कूल की अक्षरा शर्मा 95 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान पर रही।

वहीं, आदित्य ने 92 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान अर्जित किया। स्कूल का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्या पवना सांख्यान बच्चों की सफलता से काफी खुश नजर आई। उन्होंने कहा कि स्कूल के शिक्षक जितनी मेहनत करते हैं, बच्चे उससे दोगुनी मेहनत करते हैं। उन्होंने अपने इन छात्रों की कामयाबी के लिए स्कूल स्टाफ, अभिभावकों और बच्चों को बधाई दी। खुशी के इस मौके पर उत्तीर्ण हुए बच्चों ने स्कूल में मिठाई बांटी। गौरतलब है कि ग्रेस गार्डन स्कूल क्वालिटी एजुकेशन में नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। यही वजह है कि इलाके के लोग अपने बच्चों को इस स्कूल में शिक्षा दिलाने के लिए लालायित रहते हैं।

## डीसी ने ली बूथ लेवल अधिकारियों की बैठक

**रिकांगपिओ।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने जिला के बूथ लेवल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग आगामी लोक सभा चुनाव-2024 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से करवाने के लिए प्रतिबद्ध है और सभी मतदान कर्मियों को अपना कार्य कर्तव्य निष्ठा से करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कर्मियों को जनजातीय जिला किन्नौर में ईवीएम मशीनों की बारीकियों को समझने का आह्वान किया और समय-समय पर निर्वाचन विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविरों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चत करने का आग्रह किया।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तनीषा फर्स्ट

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चिड़गांव में स्वीप कार्यक्रम के दौरान सजी प्रतियोगिताएं

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चिडगांव में स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें लोंगों को अधिक से अधिक वोट देने के लिए प्रेरित किया गया।

इसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तनीषा व दीक्षा ने, द्वितीय स्थान साहिल व आशीष और तृतीय स्थान विकेश व साहिल ने प्राप्त किया। जबकि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दीक्षा, द्वितीय स्थान पर अरुण व तीसरे स्थान पर साहिल रहा।




विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

### युवाओं को बताया मतदान का महत्व

**प्रतियोगिता** के अंत में स्वीप नोडल अधिकारी प्रोफेसर भरत खेपान ने विद्यार्थियों को मतदाताओं के वोट के महत्व पर प्रकाश डाला और साथ ही साथ युवाओं को लोकतंत्र में जनजागरण और सभी की सहभागिता पर भी बल दिया गया। उसके बाद सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर कार्तिक ठाकुर व सभी अध्यापक और स्वीप के सभी सदस्य भी मौजूद रहे।

### तरुण ने लिए 98 प्रतिशत अंक

**सुन्नी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलसिंडी में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत। विद्यालय के कला अध्यापक अनिल कुमार ने बताया कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा आज कक्षा दसवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें अलसिंडी स्कूल के सभी 16 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण घोषित किए गए। तरुण ने 98 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि यश ने 94.57 फीसदी अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा मुस्कान ने 92.71 फीसदी अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं के कुल 16 विद्यार्थी ने परीक्षा में भाग लिया। इसमें सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। जबकि नौ विद्यार्थियों ने 600 से ऊपर अंक प्राप्त किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य बेली राम ठाकुर ने परीक्षा परिणाम पर खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि सभी विद्यार्थी व अध्यापक इस उपलब्धि के लिए बधाई के पात्र है।

## कुन्नू चारंग में 70 मरीजों का किया चेकअप

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

वाइब्रेट विलेज ग्राम पंचायत कुन्नू-चारंग में एक दिवसीय बहू विशेषता चिकित्सा शिविर का आयोजन आयुष विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से जिला आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. इंदु शर्मा की अध्यक्षता में किया गया।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. इंदु शर्मा ने कहा कि इस निशुल्क चिकित्सा शिविर में 70 रोगियों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की गई । इसमें से 26 पुरुष रोगियों, 40 महिला रोगियों एवं चार बालक रोगियों की जांच की गई। इस चिकित्सा शिविर में 15 प्रमेह रोगियों की जांच की गई, जिसमें से तीन प्रमेह रोगी पॉजिटिव पाए गए। इस चिकित्सा शिविर में 32 रोगियों की उच्च रक्तचाप के लिए जांच की गई। इसमें से तीन रोगी उच्च रक्तचाप से ग्रसित पाए गए। इस चिकित्सा शिविर में पांच अर्श रोगियों को आगामी चिकित्सा के लिए जिला ट्राइबल आयुर्वेदिक अस्पताल रिकांगपिओ के लिए रेफर किया गया। उन्होंने कहा कि इस शिविर में दो क्षय रोगियों के बलगम के नमूने की जांच की गई।



शिविर के दौरान मौजूद लोग।

### चुवाड़ी स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत

**घुमारवीं।** राजकीय उच्च पाठशाला चुवाड़ी का परीक्षा परिणाम हर वर्ष भांति की तरह शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र कृष ने 666 अंक लेकर कर प्रथम स्थान, जीनत खान ने 632 अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया और विद्यालय की छात्रा रेखा कुमारी ने 624 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। रेखा कुमारी ने हिंदी विषय में 100 में से पूरे 100 अंक प्राप्त किए। स्कूल मुख्याध्यापिका भावना ने बताया इस वर्ष 14 बच्चों में से 3 बच्चों ने 89 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।



बिलासपुर। रतनचंद निर्झर आठ मई को सुबह दस बजे उपमंडल कार्यालय घुमारवीं पहुंचे मौके पर एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी और अन्य लोगों ने रतनचंद निर्झर का मालाओं से स्वागत किया। स्वागत समारोह के पश्चात रतनचंद निर्झर ने घनडालवीं और मिहारा पोलिंग स्टेशनों में लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। निर्जर घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चयनित 17 पोलिंग स्टेशनों में पैदल यात्रा कर लोगों को मतदान के लिए जागरूक करेंगे।

## एसवीएम स्कूल सुन्नी की छात्रा मानसी ने झटके 676 अंक

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा कक्षा दसवीं का बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। हिमाचल शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुन्नी ने इस बार भी समूचे क्षेत्र में उपलब्धि हासिल की। विद्यालय की छात्रा मानसी ने 676 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

द्वितीय स्थान पर रही दीपाली ने 672 अंक प्राप्त किए। जबकि तृतीय स्थान पर आस्था गुप्ता ने 669 अंक प्राप्त किए। वहीं, क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे ललित ठाकुर ने 663 व हर्षित गुप्ता ने 654 अंक प्राप्त किए। विद्यालय में अध्यनरत तैतीस विद्यार्थियों में से अठारह छात्रों ने 600 से अधिक अंक हासिल किए। प्रधानाचार्या चंपा वर्मा ने सभी छात्र छात्राओं को उनकी सफलता के लिए बधाई दी है तथा माता पिता एवं आचार्य वर्ग को भी उनकी कड़ी मेहनत के लिए बधाई दी है। गौर रहे की विद्या भारती एवं हिमाचल शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर सुन्नी प्रत्येक वर्ष शिक्षा के क्षेत्र ही नहीं अपितु खेलकूद एवं भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं में अपना नाम कमा रहा है। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय सभी आचार्य वर्ग के कुशल मार्गदर्शन एवं माता-पिता को दिया है। प्रथम स्थान पर आई मानसी एक गरीब एवं साधारण परिवार से संबंध रखती है। उसकी दिन रात की कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल हुआ है।

**चुनाव** | अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चलाएगी मतदाता जागरूकता अभियान

# मतदान को लेकर लोगों को जागरूक करेगी एबीवीपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला बिलासपुर शत-प्रतिशत मतदान के लिए बिलासपुर जिला में मतदाता जागरूकता अभियान चलाएगी। इसको लेकर बुधवार को एक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक आने वाले लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के तहत की गई।

जिला संयोजक विनय ठाकुर ने कहा कि परिषद जिला बिलासपुर में इस बार शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बिलासपुर में विभिन्न स्थानों पर 1500 बैठकें करवाएगी। साथ ही उन्होंने युवाओं से अपील की है कि आज का छात्र आज का नागरिक है और सभी युवा को शत-प्रतिशत मतदान करने को लेकर आग्रह किया, लोकसभा चुनावों को लेकर विद्यार्थी परिषद का योगदान किस तरह से समाज में रहने वाला है इसके बारे में भी चर्चा की गई।

जिला संयोजक ने बताया की बैठक में युवाओं को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने वह शत-प्रतिशत मतदान करने को प्रेरित करने के लिए उनके बीच जाकर उनको मतदान की भूमिका के बारे में जागरूक करने का फैसला भी लिया गया। प्रदेश भर में अधिक तर संख्या पहली बार मतदान करने वाले छात्र-छात्राओं की भी रहेगी।



बैठक के दौरान उपस्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता।

### नुक्कड़ नाटक से भी करेंगे जागरूक

**बैठक** में कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए की विद्यार्थी परिषद द्वारा शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य लेकर देशभर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें की रन फॉर वोट प्रथम बार वोट देने वाले युवाओं के सम्मेलन, 20 लाख पर्चा वितरण, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पूरे प्रदेश में मतदान के लिए जागरूकता अभियान चलाने जा रही है।

# कांडी सपनोट पंचायत में महिलाओं को बांटे देसी बीज

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

प्रदेश में चल रहे विलुप्त हो रहे अनाज और देसी बीजों के प्रचार प्रसार कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत कांडी सपनोट में महिला किसानों को एक दिवसीय कृषि संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। इस स्थानीय तीन महिला मंडल की लगभग 60 महिला किसानों ने हिस्सा लिया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान सोम कृष्ण गौतम ने क्षेत्र की काफी लंबे समय से प्राकृतिक खेती कर रही महिलाओं को मिलेट्स के बीज वितरित किए। इस दौरान उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को चार प्रकार के बीज बांटे। इसमें कोदरा, कोणी, शांक व बाजरा के बीज वितरित किए गए तथा उन्होंने इन बीजों की बिजाई, हार्वेस्टिंग, थ्रेसिंग और भंडारण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने मिलेट्स से मिलने वाले न्यूट्रीशन के बारे में भी बताया। इस अवसर पर रिविटिलासिंग रेनफेड एग्रीकल्चर नेटवर्क के राज्य समन्वयक मान सुख ने सभी महिला मंडल को अपनी बहुमूल्य जानकारी दी और इन मिलेट्स से प्राप्त होने वाले कैल्शियम, फाइबर, जिंक तथा मैग्नीशियम की मिलने वाली मात्रा पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया की मिलेट्स को अपने रोजमर्रा के भोजन में शामिल करने से बीपी, शुगर, मधुमेह और कैंसर जैसी बीमारियों से निजात पाने में मदद मिलती है तथा महिला मंडल इन बीजों को उगाने तथा खाने के लिए प्रेरित किया।

